चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 12, अंक 49, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, बुधवार, 29 मार्च, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : रोहित को क्रिकेट किट के लिए दूध के पैकेट बेचने पड़े थे : प्रज्ञान



अन्दर : मंहगाई के बोझ तले दबता आम आदमी

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# अतीक समेत तीन दोषियों को उम्रकैद

## किडनैपिंग केस में अशरफ समेत 7 बरी, उमेश की मां बोलीं- फांसी होनी चाहिए

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद को मंगलवार को प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में यह सजा सुनाई गई है। पुलिस रिकॉर्ड में अतीक गैंग पर 101 मुकदमे दर्ज हैं। यह पहला मामला है, जिसमें अतीक को दोषी ठहराया गया और सजा मिली है। इस बीच उसे साबरमती जेल वापस भेजने का ऑर्डर हो गया है।

जज दिनेश चंद्र शुक्ल ने अतीक के अलावा खान सौलत हनीफ और दिनेश पासी को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों पर एक-एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। यह रुपए उमेश के परिवार को दिए जाएंगे। वहीं, अतीक के वकील दया शंकर मिश्रा ने कहा कि हम फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। वहीं, अशरफ उर्फ खालिद अजीम समेत फरहान, जावेद उर्फ बज्जू, आबिद, इसरार, आशिक उर्फ मल्ली, एजाज अख्तर को बरी कर दिया गया है। सजा सुनाने के बाद दोपहर 3.30 बजे अतीक और अशरफ को वापस नैनी जेल ले जाया गया। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने अतीक-अशरफ से सवाल किए, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। अतीक को वापस साबरमती और अशरफ को बरेली जेल भेजने के लिए नैनी जेल में समन पहुंच चुका है। हालांकि दोनों को कब ले जाया जाएगा, यह अभी साफ नहीं है। उधर, अतीक को नैनी जेल वापस लाया गया है, लेकिन उसे जेल के अंदर नहीं लिया गया है। दोनों प्रिजन वैन जेल गेट पर खड़ी हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने अतीक को जेल में लेने से मना कर दिया है। नैनी जेल सुपरिन्टेंडेंट के मुताबिक माफिया अतीक अहमद को गुजरात और अशरफ को बरेली भेजा जाएगा। नैनी जेल में लेने का अभी कोई आदेश नहीं मिला है। कोर्ट के फैसले के बाद उमेश की मां शांति देवी ने कहा- अतीक अहमद ने मेरे बेटे का मर्डर कराया। तीन-तीन लोगों की जान गई। वो पुराना खूंखार बदमाश और डकैत है वो अपने पैसों के बल पर कुछ भी कर सकता है। मुख्यमंत्री से मेरी मांग है कि उसे फांसी दी जाए। उसे अपहरण मामले में भले ही उम्रकैद की सजा हुई है, लेकिन मर्डर केस में उसे फांसी दी जाए। वहीं, उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा- मैं घर पर अकेली हूं। मुख्यमंत्री से मांग करती हूं कि मेरी सुरक्षा का ख्याल रखा जाए। अतीक को अपहरण मामले में उम्रकैद की सजा कोर्ट ने सुनाई है। इस फैसले पर मैं कुछ नहीं कहना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति के मर्डर केस में अतीक को फांसी की सजा दिलाई जाए।

**कसा शिकंजा**

### अतीक को वापस साबरमती और अशरफ को बरेली जेल भेजा जाएगा

### उमेश की मां बोलीं- अतीक पैसों के बल पर कुछ भी कर सकता है



### वकीलों ने लगाए 'फांसी दो...फांसी दो' के नारे

जब कोर्ट में अतीक को ले जाया जा रहा था, तभी परिसर में वकीलों ने 'फांसी दो...फांसी दो' के नारे लगाए। नाराज वकीलों का कहना था कि उसने (अतीक) उनके साथी उमेश की हत्या की है। इसलिए उसे फांसी की सजा होनी चाहिए। अतीक को जेल से जिस पुलिस वैन में लाया गया, उसमें सीसीटीवी लगे थे। जेल से कोर्ट तक की 10 किमी की दूरी 28 मिनट में तय हुई। अतीक को सोमवार शाम को अहमदाबाद की साबरमती जेल से और उसके भाई अशरफ को बरेली जेल से प्रयागराज लाया गया था। दोनों को नैनी सेंट्रल जेल में हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया था।

### फैसले से पहले अतीक को सुप्रीम कोर्ट से झटका

इस बीच, उमेश पाल मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने अतीक अहमद की सुरक्षा देने की अपील खारिज कर दी है। अतीक ने याचिका में कहा था कि जब तक वो उत्तर प्रदेश पुलिस की कस्टडी में है, उसे सुरक्षा दी जाए। अतीक ने कहा था कि वह यूपी की जेल में शिफ्ट नहीं होना चाहता। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अतीक के वकील से कहा कि अपनी शिकायत लेकर हाईकोर्ट जाइए।

# अतीक को 44 साल में पहली बार सजा

## माफिया के खिलाफ 14 मुकदमों में गवाह पलटे

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा हुई। अतीक की क्राइम हिस्ट्री बहुत लंबी है। उस पर पहला केस 1979 में दर्ज हुआ था, अब 44 साल बाद उसे पहली बार सजा हुई है। पहली ही सजा में उसे उम्रकैद मिली है। उस पर 101 मुकदमे दर्ज हैं, इनमें से करीब 50 केस कोर्ट में चल रहे हैं। पहली सजा में इतना समय इसलिए लगा, क्योंकि अतीक और उसकी गैंग के खिलाफ दर्ज ज्यादातर मुकदमों में गवाह पलटते रहे।

उसके खिलाफ दर्ज 14 मुकदमों में अब तक गवाह मुकर चुके हैं। 4 मुकदमे तो राज्य सरकार ही वापस ले चुकी है। उसके खिलाफ दर्ज 12 मुकदमों में ट्रायल तक नहीं हो पा रहा था। यूपी पुलिस के डोजियर के अनुसार, माफिया अतीक अहमद और उसके गैंग क्र- 227 के खिलाफ 101 मुकदमे दर्ज हैं। अतीक पर अभी कोर्ट में 50 मामले चल रहे हैं, जिनमें ठरअ, गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे हैं। अतीक पर पहला मुकदमा 1979 में दर्ज हुआ था। हत्या, लूट, रंगदारी, अपहरण के न जाने कितने मुकदमे उसके खिलाफ दर्ज होते रहे। मुकदमों के साथ ही उसका राजनीतिक कद भी बढ़ता रहा।

अतीक अहमद का 30-35 साल से प्रयागराज समेत आसपास के 8 जिलों में वर्चस्व रहा है। यूपी पुलिस के डोजियर के अनुसार, अतीक के गैंग आईएस- 227 के खिलाफ 101 मुकदमे दर्ज हैं। अभी कोर्ट में 50 मामले चल रहे हैं। इनमें एनएसए, गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के मुकदमे भी हैं। अतीक पर पहला मुकदमा 1979 में दर्ज हुआ था। यानी 44 साल में अतीक पहली बार दोषी ठहराया गया है और उसे सजा मिली है।

**ऐसी थी धमक**

### अतीक गैंग पर 100 से ज्यादा केस, पहले केस में सजा मिली

### 12 मुकदमों में ट्रायल तक नहीं हो पा रहा था




# अब पैन को आधार से 30 जून तक करा सकेंगे लिंक



**नई दिल्ली।** पैन को आधार कार्ड से लिंक करने की डेडलाइन 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। अगर आप इस जरूरी काम को 30 जून से पहले नहीं करते हैं। ऐस में आपका पैन कार्ड निष्क्रिय हो जाएगा। इस स्थिति में आप पैन कार्ड से जुड़े कई जरूरी कार्यों को नहीं कर पाएंगे। पैन कार्ड इनऑपरेटिव होने के बाद इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने से लेकर बड़ी ट्रांजैक्शन करने में लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा आप स्टॉक मार्केट में भी निवेश नहीं कर पाएंगे। ऐसे में आपके पास अब 30 जून तक का ही मौका है। आपको जल्द से जल्द इस काम को कर लेना चाहिए। इसी कड़ी में आज हम आपको उस प्रोसेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप अपने पैन को आधार कार्ड से लिंक कर सकते हैं। पैन को आधार कार्ड से लिंक करने की प्रक्रिया काफी आसान है। इसमें आपको किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना होगा। अपने पैन को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए सबसे पहले आपको इनकम टैक्स की आधिकारिक वेबसाइट https://www.incometax.gov.in/iec/foportal/ पर विजिट करना है। वेबसाइट ओपन होने के बाद आपको लिंक आधार के ऑप्शन को सेलेक्ट करना है।




# 18 दवा कंपनियों के लाइसेंस रद्द

**फैसला**

### नकली और खराब गुणवत्ता की दवा बनाने वाली फार्मा कंपनियों पर सरकार का शिकंजा

### कफ सिरप पीने से गांबिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत की आई थी खबरें



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने नकली दवाओं के निर्माण के आरोप में 18 फार्मा कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने 20 राज्यों में 76 दवा कंपनियों का निरीक्षण करने के बाद यह फैसला लिया है। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि देश में नकली दवाओं के निर्माण का उद्भेदन करने के लिए फार्मा कंपनियों के खिलाफ विशेष कार्रवाई अभियान चला रहा है। बताया जा रहा है कि डीसीजीआई ने 26 फार्मा कंपनियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। ये अभियान पिछले 15 दिनों से जारी है। जिन 70 कंपनियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है उनमें हिमाचल प्रदेश की 70, उत्तराखंड की 45 और मध्य प्रदेश की 23 कंपनियां हैं। इन सभी कंपनियों पर नकली दवाओं के निर्माण के आरोप लगे थे। बीते दिनों में डग्र कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया की ओर से दवाओं के मामले में अमेजन और फ्लिपकार्ट को भी नोटिस भेजा गया था। दोनों पर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 के उल्लंघन का आरोप लगाया था। ऐसे नोटिस अमेजन और फ्लिपकार्ट समेत 20 कंपनियों को भेजा गया था। बता दें कि बीते कुछ महीनों में भारतीय कंपनियों की ओर से बनाए गए कफ सिरप पीने से गांबिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों के मौत की खबरें आई थी। इस प्रकरण के बाद से भारतीय दवा कंपनियां सवालों के घेरे में आ गईं थी। दवा कंपनियों के खिलाफ सरकार की ओर से की जा रही ताजा कार्रवाई को उसी से जोड़कर देखा जा रहा है। सरकार दवाओं के निर्माण मामले में कोई भी ढिलाई नहीं बरतने के संकेत दिए हैं। इसी कड़ी में लगातार दवाओं कंपनियों और उनकी कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया जा रहा है। इस बीच यूपी समेत कई राज्य सरकारों ने भी कई दवा कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# मुझसे जो कहा गया है, उसे मैं पूरा करूंगा: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा सचिवालय की चिट्ठी के जवाब में कहा है कि उनसे जो कहा गया है, उसे वो पूरा करेंगे। सरकारी बंगला खाली कर देंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को मानहानि के एक केस में सूरत की अदालत ने दो साल की सजा सुनाई है, जिसके बाद उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म हो गई। इस कारण लोकसभा सचिवालय ने उन्हें 12 तुगलक लेन स्थित मिला सरकारी बंगला खाली करने को कहा है। सचिवालय ने चिट्ठी जारी कर राहुल गांधी से कहा है कि वह 23 अप्रैल तक सरकारी बंगला खाली कर दें। राहुल गांधी ने 2019 में केरल के वायनाड लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। उससे पहले लगातार तीन बार उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट से लोकसभा सांसद रहे थे।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा के डिप्टी सेक्रेटरी मोहित रंजन के नाम चिट्ठी लिखकर कहा है कि 12-तुगलक लेन पर हमारे आवास 27 मार्च 2023 तक वापस लिए जाने के संबंध में लिखी चिट्ठी के लिए आपका धन्यवाद। राहुल गांधी ने कहा कि पिछले 4 बार से लोकसभा सांसद के तौर पर जनता का दायित्व पूरा करते हुए यहां बिताए वक्त की मेरे पास खुशहाल यादें हैं। अपने अधिकारों के प्रति बिना किसी पूर्वग्रह के मैं आपकी चिट्ठी में लिखी बातों का पालन करूंगा।

**दिया जवाब**

### बंगला खाली कर देंगे, लोकसभा सचिवालय को लिखा पत्र



# ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के बचे वक्त के लिए विपक्षी दलों ने नई रणनीति बनाई है। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दल सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकते हैं। कांग्रेस सांसदों की बैठक में इससे जुड़ा प्रस्ताव रखा गया था। कांग्रेस इस संबंध में अन्य विपक्षी दलों से बात कर रही है। जानकारी के मुजाबिक, 19 विपक्षी पार्टी के सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकते हैं। अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए 50 विपक्ष के लोकसभा सांसद के हस्ताक्षर की जरूरत है। जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। विपक्ष को सदन नहीं बोलने देने के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है।

इस बीच खबर यह भी है कि राहुल गांधी के मामले में कांग्रेस पार्टी अगले हफ्ते सेशन कोर्ट जा सकती है। अभिषेक मनु सिंघवी की अगुवाई में जमानत और सजा पर रोक के लिए लीगल टीम पुख्ता तैयारी कर रही है। सीआरपीसी के कानून के मुताबिक, सजा पर रोक के लिए हाईकोर्ट में अपील करना होगा। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने बताया कि यह सरकार अदाणी घोटाले पर कुछ भी सुनना नहीं चाहती है। आज भी हमने इस घोटाले की जेपीसी जांच की मांग की। अगर सरकार दोषी नहीं है, तो इस मुद्दे पर जेपीसी बनाने से क्यों भाग रही है? दिल्ली पुलिस ने मशाल मार्च निकाल रहे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने कहा कि ये लोकतंत्र की हत्या है। हमने मशालें जलाई, जिन्हें पुलिस ने बुझाने का काम किया। हम दिल की मशाल जलाएंगे, हर जुल्म से लड़ेंगे। इससे पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी सांसद और नेता लाल किले से टाउन हॉल तक 'लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च' में हिस्सा लेंगे। अगले 30 दिनों में देश भर में ब्लॉक, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की भागीदारी से 'जय भारत सत्याग्रह' का आयोजन किया जाएगा।

**एकजुट हुआ विपक्ष**

### विपक्षी दलों ने बनाई रणनीति कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा



### डीमैट अकाउंट के लिए नॉमिनेशन की डेडलाइन 6 माह बढ़ी

**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष की शुरूआत से पहले ही बाजार नियामक सेबी की ओर से निवेशकों के लिए राहत की खबर है। सेबी ने डीमैट अकाउंट नॉमिनेशन की समयसीमा को 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। सेबी की ओर से जारी सर्कुलर के मुताबिक, डीमैट खातों का नॉमिनेशन अब 30 सितंबर 2023 तक कराया जा सकेगा। पहले यह समयसीमा 31 मार्च 2023 थी। बाजार नियामक सेबी ने कहा कि यह निर्णय हितधारकों से प्राप्त रिप्रजेंटेशन और उन ट्रेडिंग और डीमैट खातों के आकलन के आधार पर लिया गया है जिनमें नॉमिनेशन को अपडेट नहीं किया गया है। इसके साथ ही सेबी ने कहा कि जिन खातों में नॉमिनेशन पर कोई अपडेट नहीं है, उन्हें 30 सितंबर के बाद ट्रेडिंग और डेबिट के लिए बंद कर दिया जाएगा।

# जेपीसी की मांग को लेकर हंगामा

**नई दिल्ली।** अडाणी मामले पर जांच के लिए जेपीसी के गठन की मांग को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण मंगलवार को भी लोक सभा में सुचारु ढंग से कोई कामकाज नहीं हुआ। हंगामे के कारण लोक सभा की कार्यवाही को पहले दोपहर 2 बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित करना पड़ा। दोपहर बाद 2 बजे दुबारा लोक सभा की कार्यवाही शुरू होते ही काले कपड़े पहने कांग्रेस सांसदों ने वेल में आकर अडानी मसले पर जेपीसी के गठन की मांग को लेकर नारेबाजी करना शुरू कर दिया। डीएमके और एनसीपी सहित कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद भी अपनी-अपनी सीट पर खड़े होकर नारेबाजी में कांग्रेस सांसदों का साथ दे रहे थे। हंगामे और नारेबाजी के बीच पीठासीन सभापति रमा देवी ने सदन की कार्यवाही को चलाने का प्रयास किया। उन्होंने आवश्यक कागजों को सदन के पटल पर रखवाना शुरू किया। इस दौरान विपक्षी दलों की तरफ से जोरदार नारेबाजी और हंगामा भी जारी रहा जिसके कारण पीठासीन सभापति रमा देवी ने सदन की कार्रवाई को दिन भर के लिए यानी बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।इससे पहले, सुबह 11 बजे भी लोक सभा की कार्यवाही शुरू होते ही वेल में आने वाले कई विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़-फाड़कर अध्यक्ष के आसन पर बैठे पीठासीन सभापति मिथुन रेड्डी की तरफ फेंकना शुरू कर दिया। इस दौरान विपक्षी सांसद लगातार अध्यक्ष के आसन पर बैठे पीठासीन सभापति को काले कपड़े भी दिखाते नजर आए।

**लोक सभा**

### सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित

### कांग्रेस सांसद काले कपड़े पहन वेल में आकर हंगाम करते रहे



# ईपीएफओ के सात करोड़ लोगों को मिली खुशखबरी

**नई दिल्ली।** दिल थामकर बैठे करोड़ों पीएफ खाताधारकों के लिए आखिर कर खुशखबरी आ ही गई। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के ट्रस्ट ने मंगलवार को चालू वित्तवर्ष (2022-23) के लिए ब्याज दरें बढ़ाने का फैसला किया है। अब ईपीएफओ के 7 करोड़ से अधिक खाताधारकों को 8.15 फीसदी का ब्याज मिलेगा। ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की दो दिन चली बैठक के बाद पीएफ की ब्याज दरों में 0.05 फीसदी बढ़ोतरी का फैसला किया गया। पिछले वित्तवर्ष में इसकी ब्याज दर 8.10 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 8.15 फीसदी हो गई है। इससे पहले पीएफ की ब्याज दर सबसे कम 1977-78 में 8 फीसदी रही थी।

**ब्याज दर बढ़ी**

### खाताधारकों को 8.15 फीसदी का ब्याज मिलेगा

ऐसा नहीं है कि ईपीएफओ के ट्रस्टीज की मुहर के बाद पीएफ खाते पर नई ब्याज दर लागू हो जाएगी। इसके लिए अभी सरकार की मंजूरी लेना भी जरूरी है। 2022-23 के लिए तय की गई ब्याज दर की वित्त मंत्रालय भी समीक्षा करेगा और उसकी मुहर लगने के बाद ही ब्याज का पैसा खाते में भेजने का रास्ता साफ होगा। गौरतलब है कि वित्तवर्ष 2021-22 के ब्याज का पैसा भी अभी तक पीएफ खाताधारकों को नहीं मिल सका है।

### पीएम के खिलाफ 11 भाषाओं में 'आप' ने जारी किया पोस्टर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ 11 भाषाओं में पोस्टर जारी किए। पोस्टर हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, पंजाबी, मलयालम, उड़िया, कन्नड़, बांग्ला, गुजराती, उर्दू और तेलुगु भाषाओं में तैयार कराए गए हैं। आम आदमी पार्टी 30 मार्च को पूरे देश में ये पोस्टर लगाएगी। आप के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि देश में भाजपा की अघोषित तानाशाही लागू हो चुकी है। वह लोकतंत्र खत्म करने में लगी हुई है। भाजपा चुनाव आयोग व सीबीआई-ईडी को अपने इशारे पर चलने पर मजबूर कर रही है। उनका काम केवल विपक्ष के नेताओं के ऊपर फर्जी मुकदमे चलाकर जेल के अंदर बंद करने तक सीमित रह गया है। साथ ही गोपाल राय ने कहा कि न्यायपालिका को भी कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है, वहीं वह राज्य सरकारों को स्वतंत्र रूप से काम नहीं करने दे रही है, लेकिन अब देश और विपक्ष के नेता किसी भी तरह के षड्यंत्र व फर्जी एफआईआर से डरने वाले नहीं है।

# कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहें सांसद और नेता : पीएम

## भाजपा की ताकत बढ़ने के साथ ही विपक्ष का हमला भी तेज होगा

**नई दिल्ली।** संसद से लेकर सड़क तक कांग्रेस सहित विरोधी दलों की ओर से राजनीतिक हमलों का सामना कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में सभी सांसदों और नेताओं से कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहने का आह्वाहन किया है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा जितनी तेजी से आगे बढ़ेगी, चुनावों में जैसे-जैसे जितनी तेजी से जीत हासिल करेगी, विपक्षी दलों की तरफ से भाजपा के ऊपर हमला उतना ही ज्यादा तेज होता जाएगा। इसकारण सभी को एक कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रधानमंत्री के आह्वान को विपक्षी दलों की एकता की मुहिम के मद्देनजर आगामी चुनावों खासकर 2024 के लोक सभा चुनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में पीएम मोदी ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने, सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी को लोगों तक पहुंचाने के साथ ही गैर राजनीतिक कार्यों एवं अभियानों में भी बढ़-चढ़कर शामिल होने को कहा है। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश को सांसदों के लिए चेतावनी के तौर पर भी बताया जा रहा है कि लोक सभा चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दीजिए अन्यथा चुनाव जीतने के लिए पार्टी को उनके विकल्प पर विचार करना पड़ सकता है।



सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों को अगले 15 दिनों में अपना ब्लूप्रिंट उनके कार्यालय भेजने को कहा है कि वे 15 मई से 15 जून के एक महीने के दौरान केंद्र द्वारा 9 साल के कार्यकाल के दौरान चलाई योजनाओं का अपने-अपने क्षेत्र में किस तरह से प्रचार प्रसार करने वाले हैं। दरअसल, भाजपा संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने पार्टी के सभी सांसदों को केंद्र सरकार के 9 साल की उपलब्धियों और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को देश की जनता तक पहुंचाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में एक महीने तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

संसदीय दल की बैठक की जानकारी देकर केंद्रीय संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों को 15 मई से 15 जून यानी एक महीने तक केंद्र सरकार द्वारा 9 साल के कार्यकाल के दौरान चलाई गई योजनाओं का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात का उदाहरण देकर धरती बचाओ, धरती मां पुकार रही है जैसे गैर राजनीतिक कार्यक्रमों से भी सभी सांसदों को जुड़ने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है और 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन है। पार्टी 6 से लेकर 14 अप्रैल तक के सप्ताह को सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मनाएगी। वहीं संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों से नई-नई तकनीक से जुड़ने और अपडेट रहने का आह्वाहन किया।

# समर सिंह के गांव से लगायत आधा दर्जन जगहों पर छापेमारी

**सारनाथ।** भोजपुरी अदाकारा आकांक्षा दुबे आत्महत्या में नामजद सिंगर समर सिंह और संजय सिंह की तलाश में कमिश्नरेट पुलिस ने आजमगढ़ से लगायत आधा दर्जन जगहों पर छापेमारी की। इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस ने तीन अलग-अलग टीमें लगायी हैं, लेकिन उसका पता नहीं चला। आत्महत्या वाले दिन सारनाथ स्थित होटल में आकांक्षा को बर्थडे पार्टी के बाद घर होटल छोड़ने आये युवक से पुलिस ने प्रकरण संबन्धित पूछताछ की। वहीं दूसरी तरफ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रथमदृष्टया मौत की वहज दम घुटने से बतायी गयी। हालांकि पुलिस को अभी फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है।

बीते रविवार को आंकाक्षा ने सारनाथ स्थित होटल सोमेंद्र के कमरा नंबर 105 में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में सोमवार को आंकाक्षा की मां मधु दुबे ने भोजपुरी सिंगर समर सिंह, उनके भाई संजय सिंह समेत दो अन्य के खिलाफ हत्या में उकसाने की एफआईआर दर्ज कराई है। मां ने आरोप लगाया कि समर सिंह ने रिलेशनशिप में बेटी को धोखा दिया। उसे प्रताड़ित किया और मार डाला। उसने आत्महत्या नहीं की है बल्कि हत्या हुई है। हाई प्रोफाइल मामला है ऐसे में पुलिस हर एंगल से रही रही जांच पुलिस की माने तो प्रकरण के बाद से ही समर सिंह का मोबाइल ऑफ है और उसकी लोकेशन नहीं मिल रही। लेकिन जल्द ही उसे हिरासत में लिया जायेगा। वहीं मृतका आकांक्षा के भाई का आरोप है कि समर सिंह अपने इंस्टाग्राम से लगातार पोस्ट डिलिट कर रहा है। चूंकि प्रियंका दुबे की मौत एक हाई प्रोफाइल मामला है, जिसके चलते इस केस की पड़ताल में उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। एक्ट्रेस के फोन, सोशल मीडिया और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से तथ्य और आंकड़े जुटाए जा रहे हैं। आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिए पुलिस की क्राइम ब्रांच को भी लगाया है। पुलिस इस वक़्त इस बात की तफ़्तीश कर रही है कि आकांक्षा दुबे ने अपनी जान खुद ही ली, या फिर उनकी हत्या की गई।

**आकांक्षा आत्महत्या केस**

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रथमदृष्टया दमघुटने से मौत

### आकांक्षा की सीडीआर, समर सिंह का अकाउंट खंगाल रही पुलिस

### आकांक्षा की सीडीआर खंगालने में जुटी पुलिस

पुलिस आत्महत्या की वजहों को तलाशने के लिए आकांक्षा की सीडीआर को खंगालने में जुट गयी है। पुलिस जांच का एंगल अब उन कारणों का पता करने में लगा है जिस वजह से आकांक्षा ने सुसाइड किया है। पुलिस ने आंकाक्षा के मोबाइल की डिटेल्स निकाली है। ताकि, उस रात किस-किस से बात हुई यह पता चल पाए। साथ ही, इस मामले में आरोपी समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के सोशल मीडिया अकाउंट भी चेक कर रही है। वहीं मां और मृतका के भाई का बयान भी पुलिस ने दर्ज किया। सोमवार की देर रात आकांक्षा का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बड़ा भाई हरिओम दुबे ने मुखाग्नि दी।

## डीसीपी ने जांची थाने की कार्यशैली लंबित मामलों को देखा



डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह मातहतों से जानकारी लेती

**जनसंदेश न्यूज**

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाने का मंगलवार की दोपहर में डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह ने निरीक्षण किया। थाने में पहुंचने पर उन्हें पहले सलामी दी गयी। आरती सिंह ने निरीक्षण के दौरान हवालात, मेस, बैरक,सबइंस्पेक्टर के लिए बने भवन को देखा और थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह से जानकारी ली। डीसीपी ने मालखाना का निरीक्षण किया। अपराध रजिस्टर की जांच की और लंबित मामलों की पूछताछ की साथ ही निस्तारण का निर्देश दिया। थाने पर करीब 40 मीनट रहने के बाद वह लौटी।

## बालू ठेका के विवाद में हुई मौत का आरोपी बरी

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश ( एससीएसटी) रश्मि नंदा की कोर्ट ने 26 साल पुराने बेदहा चकिया के ग्राम प्रधान छांगुर राम को बालू ठेका के विवाद में हत्या करने के मामले में आरोपी बलवंत सिंह को साक्ष्य के आरोपी में बरी कर दिया। जबकि एक आरोपी चिरकुट सिंह की पहले ही मौत हो गई गई है। अन्य आरोपितों को पत्रावली अलग लंबित है। अदालत में आरोपी की ओर से अधिवक्ता अजय गेठे ने पैरवी की।

अभियोजन पक्ष के अनुसार टोरी शाहबगंज वादी छब्बू राम ने तीन नवंबर 1997 को चकिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उसका भाई छांगुर राम बेदहा गांव के प्रधान थे। उनका बालू का ठेका भी था। उक्त ठेका को गांव के ही बलवन्त सिंह और उनके परिवार के लोग हटाकर लेना चाहते थे। गांव के पुलिया पर गए छांगुर राम को बलवंत सिंह और चिरकुट सिंह आदि ने इस मुद्दे पर बात करने के लिए धरौली जीप में बैठाकर साथ ले गए। इकसे बाद सूचना मिली कि गांधीनगर गांव के जंगल में पेड़ पर छांगुर की लाश लटकी मिली। आरोप लगाया आरोपी गण ने छांगुर की हत्या कर उसे पेड़ पर लटका दिया। पुलिस ने विवेचना के बाद कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों के सुनने के बाद आरोपी को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

### कंपोजिट विद्यालय से सोलर पैनल चोरी

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अन्तर्गत भटौली गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय में लगा सोलर पैनल सोमवार रात चोरी हो गया। मंगलवार की सुबह जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक गुलाब चन्द और अध्यापक विद्यालय में पढ़ाने के लिए पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। प्रधानाध्यापक गुलाब चंद ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर लौट गई। प्रधानाध्यापक द्वारा हरहुआ पुलिस चौकी पर पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत दर्ज करायी। प्रधानाचार्य की माने तो ये विद्यालय में चोरी की ये तीसरी घटना है।

## बुआ को धमकाने के आरोपी भतीजों को तीन साल की सजा

**वाराणसी।** पैतृक संपत्ति के विवाद में बुआ के कमरे में रखे घरेलू सामानों को गायब करने एवं धमकाने के मामले में सिविल जज नवम (जूनियर डिवीजन) अम्बेश कुमार पाण्डेय ने उसके तीन भतीजों भीष्मचंद्र शर्मा, हरिश्चंद्र शर्मा और मेघराज शर्मा को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। अदालत ने तीनों को तीन-तीन वर्ष के कारावास और सात-सात हजार रुपए के अर्थदंड लगाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार यह प्रकरण दशाश्वमेध थानांतर्गत टेढीनीम मोहल्ले का है। सावित्री देवी ने वर्ष 2004 में अपने भाई और भतीजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सावित्री देवी का आरोप था कि पैतृक संपत्ति को उसकी मां ने उसके नाम कर दिया था। उसका भाई गुलाबचंद शर्मा और उसके बेटे आये दिन मकान खाली करने को लेकर विवाद करते रहते थे। उज्जैन कुंभ से नौ मई 2004 को लौटकर आयी तो उसके कमरे में रखा सामान गायब पायी।

# छापेमारी में पकड़ी गयी 425 पेटी अंग्रेजी शराब

## डाक पार्सल लिखे कंटेनर में छिपाकर जा रही थी 15 लाख की शराब

**जनसंदेश न्यूज**

**मिर्जामुराद।** बिहार में शराब बंदी के बाद से हाइवे पर शराब तस्करी का धंधा रुकने का नाम नही ले रहा। पुलिस से बचने के चक्कर में तस्कर नए-नए तरीके अपना रहे है। सोमवार की देर रात पुलिस ने रूपापुर के पास से 'डाक पार्सल' लिखे कंटेनर में छीपाकर तस्करी के लिए जा रही 425 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की हैं। हालांकि छापेमारी के दौरान कंटेनर चालक मौका देख भाग निकला। शराब की कीमत करीब 15 लाख आंकी गयी। पुलिस ने वाहन को जब्त किया।

मिर्जामुराद थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रयागराज की ओर से 'डाक पार्सल' लिखे कंटेनर में भारी मात्रा में अवैध शराब छीपाकर तस्करी के लिए बिहार जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने रूपापुर के पास हाइवे पर घेराबंदी की। इस बीच चालक व तस्कर को पुलिस की भनक लगने पर दूसरी लेन में वाहन खड़ी कर भाग निकले। कंटेनर खोलने पर उसके अंदर 'रायल' लिखी कागज की छह सौ पेटियों में रखी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत, एसआई नन्दलाल कुशवाहा, राजेश मौर्या, अमित कुमार पांडेय, पवन कुमार यादव व आबकारी विभाग की टीम में सन्तोष कुमार श्रीवास्वत , विजय सिंह चौहान, कृष्ण मुरारी सिंह, सुदेश कुमार, आबकारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, विष्णु प्रताप सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे।



शराब बरामदगी के बाद मौजूद पुलिस और आबकारी की टीम

# जमीन विवाद में ग्रामीण आमने-सामने

**चक्काजाम**

### आबादी की जमीन पर कब्जा और निर्माण का आरोप

**लोहता।** लोहता थानाक्षेत्र कोटवा गांव में दो पक्षों में जमीन विवाद के बाद दलित वर्ग के लोगों ने कोटवा पुलिस चौकी के पास चक्का जाम कर दिया। मामला बढ़ता देख मौके पर तीन थानों की पुलिस को बुलाया गया। सूचना पर एसीपी विदुष सक्सेना भी पहुंची और उचित न्याय का भरोसा देकर मामला शांत कराया। वहीं दोनों पक्ष ने लोहता थाने में एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार कोटवा गांव निवासी भगेलू सिंह के भतीजे मोनू सिंह द्वारा गांव के आराजी नंबर 807 में आबादी की जमीन पर निर्माण करा रहे थे दलित वर्ग ने आबादी की जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगा कर निर्माण को रूकवा दिया। मंगलवार की सुबह जब फिर निर्माण होने लगा तो एक पक्ष वहां पहुंचा और कहासुनी होने लगा। बात बढ़ी तो दलित वर्ग बड़ी संख्या में कोटवा पुलिस चौकी पहुंचकर चक्काजाम कर दिया। मामला बढ़ता देख तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची साथ ही एसीपी भी वहां पहुंचे। राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर जमीन की सही स्थिती की जांच कराने का आश्वासन दिया। दूसरी तरफ दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर मुकदमा दर्ज कराया।

### अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े लोगों को मारी टक्कर

**दो को आयी गंभीर चोट वहीं तीन मामूली रूप से चोटिल**

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के संकुल धारा पोखरे के पास मंगलवार की सुबह अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मारते हुए आगे चली गई। दुर्घटना में दो को चोट आयी वही करीब तीन से चार मामलू रूप से चोटिल हुए। गंभीर दो लोगों को इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को` कब्जे में ले लिया और ड्राइवर से पूछताछ की। हालांकि घटना के बाद ट्रामा सेंटर पहुंचा कार मालिक घायलों के इलाज का खर्च दे रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कार की गति तेज थी और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मौजूद लालजी को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। सड़क पर खड़े दो- तीन लोग को भी ठोकर लगी। कार अनियंत्रित होकर एक दीवार में जाकर टकरा गई। कार किसी आशीष नामक चिकित्सक की बतायी गयी। घटना में लालजी यादव व दयालु यादव मूल निवासी ग्राम महेवा थाना जमालपुर जिला मीरजापुर के रहने वाले हैं।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

सूचना

Public Notice
It is brought to the Notice of Public that Mr. Arun Kumar Tulsyan will be appointed as New Director in M/s Bhanumati Distributors Pvt Ltd. If any person has any objection with this appointment, they may mail to the Company Email nsaa261010@yahoo.com or visit Registered address of the Company at S 18/2E-AF-2/17 Imlak Colony, Varanasi within 30 days form the date of Publication of this notice.

आवश्यकता

आवश्यकता है-प्रस्तावित ई0 डी0 महाविद्यालय जलालपुर, जमानियां, गाजीपुर सम्बद्ध वी0 ब0 सिहं पू0 वि0 वि0 जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में प्राचीन इतिहास, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र प्राचार्य/प्रवक्ता में एक-एक पद की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0 जी0 सी0 रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में दें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।
प्रबन्धक

आवश्यकता है-श्री भृगुबाबा महिला महाविद्यालय, धामूपुर, गाजीपुर सम्बद्ध वी0 ब0 सिंह पूर्वांचल वि0 वि0 जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, संगीत (गायन), गृह विज्ञान एवं प्राचार्य/प्रवक्ता में एक-एक पद की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0 जी0 सी0 रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में दें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।
प्रबन्धक

## आधा दर्जन दारोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**वाराणसी।** पुलिस कमिश्नरेट काशी जोन के पांच चौकी प्रभारियों समेत सात उपनिरीक्षकों का तबादला कर दिया गया है। पुलिस स्थापना बोर्ड के अनुमोदन के उपरांत व कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उपनिरीक्षकों की नए स्थानों पर तैनाती की गई है। उन्होंने तत्काल नए स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। भेलूपुर थाना अंतर्गत अस्सी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक बृजेश कुमार सिंह को चौकी प्रभारी रोडवेज थाना सिगरा, चौकी प्रभारी रोडवेज थाना सिगरा आदित्य कुमार सिंह को पीआरओ डीसीपी काशी, चौकी प्रभारी ब्रह्मनाल थाना चौक तरुण कुमार कश्यप को चौकी प्रभारी हनुमान फाटक थाना आदमपुर बनाया गया है। इसके अलावा चौकी प्रभारी ब्रह्मनाल राजकुमार वर्मा को चौकी प्रभारी अस्सी, चौकी प्रभारी सप्तसागर थाना कोतवाली जितेंद्र कुमार मौर्या को थाना रामनगर, रामनगर से उपनिरीक्षक धर्मेंद्र राजपूत को चौकी प्रभारी ब्रह्मनाल, थाना कोतवाली से उपनिरीक्षक सुभाषचंद्र वर्मा को चौकी प्रभारी सप्तसागर बनाया गया है।

## निगम ने 12 बोरी प्रतिबंधित प्लास्टिक और आठ कार्टून ग्लास किया जब्त

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा मंगलवार को पांडेयपुर स्थित महिला इंटर कॉलेज बाहर अवैध रूप से काउंटर लगाकर अतिक्रमण करने वाले सभी वेंडरों को हटवा कर मार्ग खाली करवाया गया।



इसी क्रम में प्रभारी अधिकारी अतिक्रमण अमित शुक्ला द्वारा गोदौलिया स्थित संजय गांधी मार्केट व तांगा स्टैंड के सामने अवैध रूप से संचालित दुकानों को हटवाया गया। वहीं मानस मंदिर क्षेत्र से अवैध रूप अतिक्रमण कर मार्ग अवरुद्ध करने के संबंध में कार्रवाई कर कुछ लावारिस सामान जब्त भी किया गया, इसके साथ अन्य इलाकों में भी कार्यवाही हुई। इस दौरान छोटा लाल पुर स्थित विकास जायसवाल नामक व्यापारी के दुकान पर छापेमारी कर लगभग 12 बोरी प्रतिबंधित प्लास्टिक के थैले और आठ कार्टून प्रतिबंधित प्लास्टिक के ग्लास जब्त कर व्यापारी को 25,000 रुपये जुर्माना भी किया गया। वहीं पहाड़िया चौराहे से आशापुर होते हुए हवेलिया चौराहा तक अवैध बेतरतीब ढंग से लगाए गए केबल, तारों को कटवाया गया। पूरे अभियान के दौरान अत्याधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का अतिक्रमित सामान हटवाते हुए कुल जुमार्ना राशि 43,700 रुपये वसूल किया गया। जबकि जोनल अधिकारी दशाश्वमेध के साथ गृह कर वसूली में लोहता क्षेत्र से अभियान चला कर 6,00,000 रुपये गृहकर वसूला गया।

## संक्षेप

### एमपी पुलिस के जवान का रेलवे ट्रैक पर मिला शव



**चौबेपुर।** मध्यप्रदेश के मैहर में तैनात मध्य प्रदेश पुलिस के सिपाही अजय कुमार प्रजापति पुत्र शिवलाल (28) का एमपी के रीवा में रेलवे ट्रैक पर कटने से सोमवार को देर रात दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिवार के लोग मध्य प्रदेश के रीवा रवाना हो गए। चौबेपुर थाना क्षेत्र के परानापुर गांव का मूल निवासी अजय कुमार प्रजापति वर्ष 2020 में मध्य प्रदेश पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। भाई उमाशंकर ने बताया कि अजय कुमार प्रजापति की अभी चार महीने पूर्व ही शादी हुई थी। चार भाईयो में अजय कुमार प्रजापति सबसे छोटा था। घटना की जानकारी मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया जिसमें मां पिता पत्नी का रो-रोकर बेहाल है।

### ट्रक से बचने के चक्कर में बस गयी गड्ढे में



**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियांव एग्रो पार्क के सामने बड़ा हादसा होने से टल गया क्योंकि ट्रक को बचाने में बस गड्ढे में चली गयी । घटना मंगलवार की दोपहर तीन बजे की है। बस में कुछ यात्री भी सवार थे। जौनपुर से सवारी लेकर एक प्राइवेट बस वाराणसी की तरफ आ रही थी। उसी के आगे एक ट्रक भी चल रहा था। अचानक ट्रक चालक ने ब्रेक लगायी बचने के लिए पीछे चल रहे बस चालक ने बस को बायीं तरफ मोड़ दिया। बस अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरे गड्ढे में चली गयी। गनीमत रही कि बस पलटी नही वरना कई लोग हताहत होते। सूचना पर पहुची पुलिस ने यात्रियों को दूसरे वाहनों से गन्तव्य को रवाना किया।

### अवधेश राय हत्याकांड में सुनवाई 31 को

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत में मंगलवार को अवधेश राय हत्याकांड में सुनवाई नही हो सकी। अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण अब सुनवाई 31 मार्च की होगी। तीन अगस्त 1991 को लहुराबीर क्षेत्र में स्थित आवास के गेट पर ही अवधेश राय के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। अजय राय ने मुख्तार अंसारी,पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, भीम सिंह, कमलेश सिंह व राकेश न्यायिक समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुख्तार अंसारी के मामले में बहस पर सुनवाई चल रही है।

### ज्ञानवापी प्रकरण से जुड़े पांच प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई आज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी प्रकरण से जुड़े पांच प्रार्थनापत्रों पर सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में बुधवार सुनवाई होगी। लखनऊ के सत्यम त्रिपाठी, आशीष कुमार शुक्ला व वाराणसी स्थित पवन कुमार पाठक, भक्त रंजना अग्निहोत्री और भगवान आदिविश्वेश्वर, आदिविश्वेश्वर, साध्वी पूणंर्बा, आदिविश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग और नंदीजी महाराज की ओर से सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में पूर्व में अलग-अलग तिथियों में अर्जी दी गई है। सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में दाखिल प्रार्थना पत्र में सभी ने पूजा के अधिकार की मांग की है।

### जमीन विवाद में दो पक्षों का चालान

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के शंभूपुर गांव में मंगलवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से आठ लोगों को पाबंद किया है। आगे की कार्रवाई में चालान किया गया। भैयालाल पुत्र शारदा प्रसाद को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिला है जो परिवार के सामूहिक आराजी में अपने हिस्से की जमीन में बनवा रहे थे। इस बीच गांव के सोमरू, मुन्ना लाल ,बरखू,राजकुमार, जयप्रकाश, शिवकूमार, ने अपनी जमीन बताते हुए आवास निर्माण कार्य रोक दिया। जिससे दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव में तनाव को देखते हुए दोनों पक्षों से 8 लोगों को शांति भंग में चालान कर दिया।

### घरेलू विवाद के बाद महिला ने लगाई फांसी

**मिर्जामुदाद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के पूरे गांव में घरेलू विवाद में महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और आगे की कार्रवाई में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका भोली सरोज का पति राम सजीवन ठेला लगाता है। पति फल बेचकर 10 बजे रात को घर पहुंचा तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगान के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो पति ने रोशनदान से झांका, देखा तो पत्नी साड़ी के फंदे से लटकती है। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंच थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजाया। वहीं, लोगों में चर्चा रही कि गृहकलह से तंग आकर विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी है तो कुछ लोग उसे मानसिक बीमार बता रहे थे।

### नौकरी दिलवाने के नाम पर सत्तर हजार की ठगी

**वाराणसी।** नौकरी दिलवाने के नाम पर जालसाज ने महिला से सत्तर हजार रुपये की ठगी कर ली। कैंट पुलिस को दिए तहरीर के अनुसार फुलवरिया निवासिनी वन्दना देवी को एक अज्ञात व्यक्ति ने नौकरी दिलवाने का वादा किया। महिला के डाकखाने के बचत खाते से चार बार में सत्तर हजार रुपये लिया और ज्वानिंग लैटर देने की बात कहकर फिर बीस हजार मांगा। मना करने पर जालसाज सत्तर हजार रुपये वापस न करने की धमकी दे रहा है। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भूमि का स्वामित्व भगवान को सौंपने पर सुनवाई आज

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन नितेश सिन्हा को कोर्ट में मंगलवार को भगवान लाट भैरव-कपाल भैरव मंदिर की भूमि का स्वामित्व भगवान को सौंपने की मांग को लेकर वाद दाखिल किया गया है। इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 29 मार्च की तिथि नियत की गई है। भगवान लाट भैरव-कपाल भैरव की ओर से किरन सिंह, विश्व वैदिक सनातन संघ प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन व संतोष सिंह की ओर से कोर्ट में वाद दाखिल की गई है। इस मामले में श्री कपाल भैरव अथवा लाट भैरव प्रबंधक समिति कज्जाकपुरा को भी विपक्षी बनाया गया है।

# अनुसंधान, शैक्षणिक और संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

**हुआ करार**

### आईआईटी-बीएचयू और न्यूयॉर्क स्थित बफेलो विश्वविद्यालय के बीच एमओयू हस्ताक्षर

### सेंटर फॉर मैटेरियल्स एंड रिलेटेड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट क्षेत्र स्थापित करेंगे अनुसंधान केंद्र



**वाराणसी।** आईआईटी-बीएचयू और न्यूयॉर्क स्थित बफेलो विश्वविद्यालय ने सेंटर फॉर मैटेरियल्स एण्ड रिलेटेड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट के क्षेत्र में एक अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के लिए साथ आए हैं। इस बाबत बफेलो विश्वविद्यालय के आठ सदस्यों की टीम ने संस्थान का दौरा किया। दोनों संस्थानों ने पदार्थ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रग डेवलपमेंट और बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में चल रहे शोध के बारे में जानकारी साझा की। अनुसंधान, शैक्षणिक, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और संस्कृति के क्षेत्र में आपसी संवर्धन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

एमओयू के बारे में आईआईटी के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने कहा कि आईआईटी और बफेलो विश्वविद्यालय के बीच एमओयू प्रमुख क्षेत्रों और जरूरतों में तकनीकी चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक बहु-आवश्यक सहयोगी ढांचा प्रदान करेंगे। यह सहयोग नई तकनीकों को पोषित करने और कई समुदायों के व्यापक लाभ के लिए उनके अपनाने और प्रसार की खातिर विचारों के आदान-प्रदान को साझा करते हैं। दोनों संस्थान सक्रिय रूप से नैनोमैटेरियल्स, 2डी नैनोस्ट्रक्चर, पेरोव्स्काइट्स, ट्रांज़िशन मेटल डाइक्लोजेनाइड्स, मेटामटेरियल्स, क्वांटम सामग्री, बायोमैटिरियल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, दवा की खोज, ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स, स्पिंट्रोनिक्स और क्वांटम टेक्नोलॉजी पर शोध कर रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिनिधियों में बफेलो विश्वविद्यालय के प्रो. पारस एन. प्रसाद, प्रो. वेणु गोविंदराजू, प्रो. जॉन टोमाजवेस्की, प्रो. मार्क स्विहार्ट, प्रो. जॉन बर्ड, डॉ. लुइस वेलार्डे, डॉ. सुप्रिया महाजन और आईआईटी के अधिष्ठाता प्रो. रजनेश त्यागी, प्रो. एसबी द्विवेदी, प्रो. एलपी सिंह, प्रो. राजीव श्रीवास्तव, सह अधिष्ठाता डॉ. आरके सिंह और डॉ. संतोष कुमार सिंह उपस्थित थे। जबकि डॉ. श्याम कमल, डॉ. हरि प्रभात गुप्ता, डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. संजय सिंह ने तकनीकी चर्चा के दौरान सहभागिता की।

# प्राइमरी स्कूलों में भी तकनीक आधारित दी जाए शिक्षा

## काशी विद्यापीठ ब्लॉक में आयोजित किया जाए लर्निंग फेस्टिवल

**बोले डॉ. राव**

### इस अभियान को सफल बनाने के लिए टीचर करे कड़ी मेहनत

### प्रत्येक स्कूल स्तर पर गठित की जाए कमेटी : एस. राजलिंग

**जनसंदेश न्यूज**



विकास भवन सभागार में बेसिक शिक्षा से संबंधित कार्यशाला को संबोधित करते डॉ. राजेश्वर राव

**वाराणसी।** सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. राजेश्वर राव ने केजी से कक्षा पांच तक के बच्चों के लिए स्मार्ट क्लासेस की जरूरत बताई। कहा कि प्राइमरी स्कूलों में एडवांस टीचिंग मेथडोलाजी और टेक्नोलॉजी के उपयोग से स्मार्ट क्लास में बच्चों को सुगमता से इंग्लिश और गणित पढ़ाया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालयों को आगे आना चाहिए।

वह मंगलवार को विकास भवन सभागार में सम्पर्क फाउंडेशन संस्था की ओर से बेसिक शिक्षा से संबंधित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि काशी विद्यापीठ ब्लॉक में लर्निंग फेस्टिवल होना चाहिए। जहां शिक्षण तकनीकी पर जानकारी दी जाए। सम्पर्क फाउंडेशन ने काशी विद्यापीठ ब्लॉक के सरकारी प्राइमरी स्कूलों में एडवांस टीचिंग मेथडोलाजी और टेक्नोलॉजी के लिए विभिन्न सामग्रियों का प्रदर्शन किया। बताया कि फाउंडेशन की ओर से स्कूलों में टीवी सेट, सम्पर्क टीवी डिवाइस, सम्पर्क स्मार्टशाला एप्लिकेशन, मैथ और इंग्लिश किट विथ आडियो बाक्स, लेसन प्लान, लेसन वीडियोज, एक्टिविटीज यूजिंग टीएलएम, क्लासवाइज व सब्जेक्टवाइज वर्कशीट, एसेसमेंट, सम्पर्क दीदी का सवाल केबीसी फार्मेट आदि सामग्रियां उपलब्ध करायी जाएंगी। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कहा कि सम्पर्क फाउंडेशन की दी गयी सामग्रियों के माध्यम से पढ़ाएं। जिससे कमजोर बच्चों को आगे बढ़ाया जा सके और बच्चों की प्रोग्रेस का पता लगाया जा सके। आउट कम सुधारना एक चैलेंज है। एआरपीज को वर्चुअली जोड़कर एसेसमेंट कराया जाए। हर बच्चे का बेस लाइन डाटा तैयार किया जाए। सभी कक्षाओं को स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाने के लिए शिड्यूल तैयार कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूल स्तर पर कमेटी गठित करने का निर्देश दिया। जिसमें बीडीओ, ग्राम प्रधान भी शामिल हों। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल के अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



### वासंतिक नवरात्र में कल

वासंतिक नवरात्र के नौवे दिन भगवती के गौरी स्वरूप में महालक्ष्मी गौरी के पूजन का महात्म्य है। इनका मंदिर लक्सा स्थित लक्ष्मीकुंड में स्थित है। शक्ति के उपासक इस दिन शक्ति की अधिष्ठाठी देवी सिद्धदात्री देवी का दर्शन-पूजन करते हैं। इनका मंदिर गोलघर में स्थित है।

# वाराणसी

## गोवा के लिए सीधी विमान सेवा प्रारम्भ

**बाबतपुर।** वाराणसी से गोवा जाने वाले यात्रियों के लिए सुनहरा अवसर अब लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से इंडिगो एयरलाइंस ने अपनी सीधी उड़ान सेवा प्रारम्भ कर दी है। मंगलवार को विमान सेवा प्रारम्भ होने के उपलक्ष्य में स्थानीय विधायक अवधेश सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर व हवाई अड्डे पर केट काट कर वाराणसी से गोवा जाने वाले पहले विमान यात्री रिया और विशाल जायसवाल को बोर्डिंग पास दिया गया। जारी सिड्यूल के अनुसार यह विमान सेवा सप्ताह में तीन दिन सोमवार बुधवार और शुक्रवार को संचालित की जाएगी। पहले दिन गोवा से 85 यात्री उड़ान भर कर वाराणसी पहुचे वही 6ई 6072 से साम सात बजे 84 यात्रियों ने गोवा के लिए उड़ान भरा। इस विमान सेवा के प्रारम्भ हो जाने से गोवा और वाराणसी के बीच पर्यटन को बढ़ावा मिलने के आसार दिखाई दे रहे है। निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि गोवा के लिए हवाई अड्डे से उड़ान सेवा प्रारम्भ हो गयी है समर सिड्यूल के अनुसार वाराणसी से अन्य नए शहरों को उड़ान सेवा से जोड़ने की तैयारी चल रही है।

# अभियान चलाकर जोड़ेंगे समाज के सभी वर्गों को

**जितेंद्र श्रीवास्तव**

**बातचीत**

**समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष दिलीप डे ने कहा**

**पार्टी के उपेक्षित और पुरनिए नेताओं को लाया जाएगा मुख्यधारा में**

**मेयर पद पर होगा फोकस तो 50 से अधिक पार्षद सीट जीतने का लक्ष्य**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष का पद दूसरी बार संभालने वाले जुझारू शख्सियत दिलीप डे ने कहा कि संगठन मुखिया अखिलेश यादव ने मुझ पर जो भरोसा जताया है। उस पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करुंगा। पुराने और नये कार्यकर्ताओं को एकजुट करना उनकी महती जिम्मेदारी होगी। समाज के सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने के लिए सघन अभियान चलाया जाएगा।

'जनसंदेश टाइम्स' से बातचीत में नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष दिलीप डे ने कहा कि पार्टी बड़ी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझ जैसे कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मन में संशय भी है कि इस बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन कैसे करुंगा। परंतु संशय के बीच जबर्दस्त उत्साह है। यह उत्साह कार्यकर्ताओं से मिल रहे प्यार के चलते हैं। इसी उत्साह के साथ मैंने यह तय किया है कि नये कार्यकर्ताओं के साथ पुरानों को भी साथ लेकर एकजुट करने का काम होगा। पार्टी के उपेक्षित और पुनरिए नेताओं को मुख्य धारा में लाने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नियुक्ति के चंद घंटे में ही 200 से अधिक पुराने और उपेक्षित नेताओं से सम्पर्क कर चुका हूं। नाराज कार्यकर्ताओं को भी मनाने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ूगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि समय नहीं है। नगर निकाय चुनाव सर पर है। पार्टी का पूरा फोकस मेयर पद पर रहेगा। कार्यकर्ताओं और समाज के हर वर्ग की बदौलत कम से कम 50 पार्षद सीट जीतने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि जनता के हक-हुकूक के लिए सड़क पर संघर्ष करना मेरी प्राथमिकता होगी।



दिलीप डे

### सपा ने खेला बड़ा दांव

निकाय चुनाव की सुगबुगाहट के बीच समाजवादी पार्टी ने वरिष्ठ नेता दिलीप डे को महानगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। बता दें कि जब दिलीप डे ने पहली बार महानगर अध्यक्ष का पद संभाला था तो नगर निगम चुनाव में पार्टी मजबूती से लड़ी थी। दिलीप डे समाजवादी पार्टी की स्थापना के समय वाराणसी के पहले महानगर अध्यक्ष बनाए गए थे। पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता की छवि रखने वाले डे के नाम की घोषणा से उत्साह का माहौल है। संगठन पर मजबूत पकड़ रखने वाले दिलीप डे शहर दक्षिणी से दो बार विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। बंगाली समाज से जुड़े दिलीप के जरिये पार्टी बनारस में अपनी पैठ मजबूत करने के प्रयास में हैं।

### प्रदीप को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी

समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल को पार्टी ने प्रोन्नत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है। उन्होंने हरिश्चंद्र महाविद्यालय के अध्यक्ष पद से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी। प्रदीप पर सपा ने दांव लगाकर पूर्वांचल के व्यापारियों को रिझाने की कोशिश की है। वे वैश्य समाज की कई संस्थाओं और व्यापारिक संगठनों में भी सक्रिय हैं।

# अतीक जैसे गुंडे-माफियाओं पर होती रहेगी कार्रवाई: स्वतंत्र देव

## योगी शासनकाल में कोई गुंडा-माफिया बचने वाला नहीं

**वाराणसी।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को माफिया अतीक अहमद को सजा सुनाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे गुंडे-माफियाओं पर योगी सरकार में कार्रवाई होती रहेगी। वह बड़ालालपुर स्थित टीएफसी में अमर शहीद नीलांबर खरवार व पीताबंद खरवार के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचने पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि योगी सरकार में कोई गुंडा-माफिया नहीं बचने वाला है। ऐसे सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। प्रदेश में कानून का शासन है। सपा-बसपा सरकार में प्रदेश भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोगों की अब सोच बदल गई है। अब उत्तर प्रदेश विकास के लिए जाना जाता है। केंद्र की मोदी सरकार में सभी लोगों के लिए कोरोना वैक्सीन और सभी घर तक अन्न पहुंचा है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। तत्पश्चात खरवार ऑल इंडिया वेलफेयर सोसायटी की तरफ से आयोजित शहादत दिवस एवं खरवार सम्मेलन को मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि नीलांबर और पीतांबर खरवार ने गरीबों के लिए संघर्ष किया। मैं 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के इन वीर योद्धाओं को याद और नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में गरीबों और आदिवासियों को सम्मान मिल रहा है। आजादी के 70 साल बाद आदिवासियों के बैंक अकाउंट और पक्के मकान तक नहीं थे। आज मोदी सरकार में आदिवासी और शोषित-वंचित कह सकते हैं कि हमारे मकान भी पक्के हैं। कार्यक्रम में विधायक रामदुलारे गोंड, कैलाश आचार्य, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, संजय गोंड, मुन्ना खरवार, राजकुमार खरवार, सुरेंद्र प्रसाद आदि थे।

**प्रतिक्रिया**

**गरीबों के लिए नीलांबर और पीतांबर ने किया संघर्ष**



मीडिया से बातचीत करते स्वतंत्र देव सिंह

# भक्तों ने मां कालरात्रि से मांगा आशीष

**सातवां दिन**

**नारियल, चुनरी, अड़हुल की माला की अर्पित**

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के सप्तमी तिथि पर कालिका गली स्थित कालरात्रि का भक्तों ने पूजन-अर्चन किया। भक्तों ने देवी भगवती को नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित की। इसके साथ ही मां से आशीष मां कर अपने परिवार के मंगल की कामना की। मान्यता है कि देवी कालरात्रि के दर्शन पूजन करने से समस्त ग्रहों के भय और बाधा का नाश होता है। मां कालरात्रि का भोर में पंचामृत स्नान के बाद अड़हुल, गेंदा और गुलाब के फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। मंगला आरती के बाद माता के मंदिर का पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिया गया। श्रद्धालुओं ने नारियल और चुनरी का प्रसाद चढ़ाकर माता से सौभाग्य की कामना की। मंदिर के महंत ने बताया कि नवरात्रि के सातवें दिन शक्ति की अधिष्ठात्री मां जगदंबा के सप्तम स्वरूप कालरात्रि के दर्शन पूजन का विधान है। काल का विनाश करने की शक्ति के कारण इन्हें कालरात्रि कहा गया। देवी कालरात्रि का स्वरूप विकराल है लेकिन अत्यंत शुभ है। मान्यता है कि देवी कालरात्रि अकाल मृत्यु से बचाने वाली और भय बाधाओं का विनाश करने वाली हैं। इसके साथ ही भक्तों ने भवानी गौरी का दर्शन-पूजन कर आशीष मांगा। भक्तों ने देवी को माला-फूल अर्पित किया। दर्शन को लेकर मंदिर में लोगों की भीड़ जमा थी। इनका विग्रह विश्वनाथ गली स्थित श्रीराम मंदिर में स्थित है।



# कॅरियर डेवलपमेंट प्रोग्राम से जगेगा छात्रों में आत्मविश्वास

**कार्यशाला**

**तेजी से बदलते जॉब मार्केट पर आईआईटी-बीएचयू का फोकस**

**वाराणसी।** आईआईटी-बीएचयू के प्रशिक्षण एवं प्रस्थापना प्रकोष्ठ की तरफ से दो दिवसीय कॅरियर डेवलपमेंट प्रोग्राम (सीडीपी) का आयोजन हुआ। इसके पीछे संस्थान के छात्रों में अगले प्लेसमेंट सत्र के लिए आत्मविश्वास पैदा करना रहा। तेजी से बदलते जॉब मार्केट पर संस्थान ने फोकस किया और उसके अनुरूप खुद को ढालने को कहा। इस कार्यक्रम के लिए सैकड़ों छात्रों ने पंजीकरण कराया था। कार्यक्रम में नेटवर्किंग सत्रों और प्रतियोगिताओं से लेकर व्यावहारिक परियोजनाओं तथा हैकथॉन तक विभिन्न विषयों को शामिल किया गया। इस दौरान सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, सिक्योरिटीज, साइबर सिक्योरिटी, वित्तीय प्रबंधन, लीडरशिप आदि की जानकारी विषय विशेषज्ञों ने छात्रों को दी। इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने छात्रों का न सिर्फ हौसला बढ़ाया, बल्कि उनका मार्गदर्शन भी किया। संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने कहा कि सीडीपी कौशल विकास के मामले में अभ्यर्थियों और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम कर देगा। संस्थान में भर्ती करने वालों और बड़े छात्र प्रतिभा पूल के लिए सीडीपी स्वतंत्र बातचीत करने और एक-दूसरे की आवश्यकताओं को समझने के लिए एक साझा मंच भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि कॅरियर डेवलपमेंट प्रोग्राम भविष्य के अवसरों के माध्यम से छात्र समुदाय की सेवा जारी रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है। छात्रों को तेजी से बदलते जॉब मार्केट में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

# राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का काशी में भव्य स्वागत

**नगर आगमन**

**एयरपोर्ट से रामनगर तक जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने की पुष्पवर्षा**

**राज्यपाल ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण, मंदिरों में नवाया शीश**

**वाराणसी।** सरल, सहज और सादगी के प्रतिमूर्ति लक्ष्मण आचार्य को देख नहीं लगा कि वह सिक्किम राज्य के राज्यपाल है। मौका था राज्यपाल बनने के बाद पहली बार नगर आगमन का। राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य मंगलवार को बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे और विभिन्न मार्गों से होते हुए रामनगर स्थित अपने आवास पर गए तो उनके चेहरे पर वहीं सरलता, सहजता और सादगी का भाव नजर आया। सबका अभिवादन ऐसे कर रहे थे, जैसे वह राज्यपाल नहीं, काशी के एक सामान्य नागरिक हों। उनके प्रथम काशी आगमन पर समूची नगरी 'हर-हर महादेव', 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' आदि नारों के उद्घोष से गूंज उठी। एयरपोर्ट पर वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। किसी ने पुष्प गुच्छ भेंट किया, तो किसी ने माल्यार्पण किया। किसी ने अंगवस्त्रम् ओढ़ाकर स्वागत किया। उत्साही पार्टीजन अपने मार्गदर्शक और अभिभावक को अपने बीच पाकर फुले न समाए। राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कचहरी स्थित अंबेडकर प्रतिमा, मिंट हाउस स्थित स्वामी विवेकानंद प्रतिमा, मलदहिया स्थित सरदार पटेल प्रतिमा, बीएचयू स्थित महामना मदन मोहन मालवीय प्रतिमा एवं रामनगर में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। साथ ही कमच्छा स्थित शायरी माता मंदिर एवं रामनगर स्थित मंसा माता मंदिर में दर्शन-पूजन कर मत्था टेका।

भाजपा काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता नवरतन राठी ने बताया कि सरल, सहज एवं मृदुभाषी लक्ष्मण आचार्य प्रारंभ से ही कार्यकर्ताओं के बीच अत्यंत लोकप्रिय रहे हैं। यह आज भी प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दिया, जब उन्होंने अपने पूरे यात्रा मार्ग में बाबतपुर से लेकर रामनगर तक बनाए गये सभी 15 स्वागत प्वाइंटों पर सुरक्षा घेरे की परवाह न करते हुए गाड़ी से उतरे और एक-एक कार्यकर्ता का अभिवादन स्वीकार किया। रामनगर में उमड़े जनसैलाब ने पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया। कई बुजुर्गों के मुंह से निकला-'ऐसी सादगी तो पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री में देखने को मिलती थी।' स्वागत करने वालों में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश सिंह, अनुराग सिंह, कैलाश खरवार, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले, डॉ. जयप्रकाश दूबे, मनीष कपूर, मीना चौबे, प्रवीण सिंह गौतम, नागेंद्र रघुवंशी, जगदीश त्रिपाठी, अशोक चौरसिया, सुशील त्रिपाठी, नवीन कपूर, अजय प्रताप सिंह, अनुपम गुप्ता, अशोक जायसवाल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य के साथ विधायक सौरभ श्रीवास्तव

### राज्यपाल ने जताया जनता का आभार

राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने एयरपोर्ट से रामनगर के बीच हुए अपने स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि जो प्यार और स्नेह काशीवासियों ने मुझे दिया है, उसके प्रति मैं उनका आभार प्रकट करता हूं। कहा कि महापुरुषों की प्रेरणा एवं मां मंसा देवी के आशीर्वाद से मुझे सिक्किम की सेवा करने का अवसर मिला है। प्रारंभ में रामनगर स्थित आवास पर पहुंचकर उन्होंने घर पर चल रहे सुंदरकाण्ड के पाठ में भाग लिया एवं आरती कर पाठ का समापन किया।

## ट्रेन मैनेजर के चलते बीस मिनट देरी से गयी दादर

**वाराणसी।** ट्रेन संख्या 12168 बनारस दादर सुपर फास्ट ट्रेन मंगलवार को ट्रेन मैनेजर (गार्ड) के चलते अपने निर्धारित समय से लगभग बीस मिनट देरी से मुम्बई के लिए रवाना हुई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर अपनी निर्धारित समय पर 10:20 पर प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची दादर एक्सप्रेस अपने ठहराव के बाद गंतव्य को स्टेशन मास्टर की ओर से मिले कॉशन के बाद रवाना हुई, ट्रेन कुछ आगे बढ़ी ही थी कि ट्रेन के मैनेजर (गार्ड) ने अपने भी कॉशन की मांग की, पोर्टर ने बताया कि ट्रेन मैनेजर (गार्ड) को कॉशन नहीं दिया जाता है इस पर वह बिना कॉशन के ट्रेन आगे ना बढ़ाने पर अड़ गया, मामला स्टेशन मास्टर तक पहुंचा तो उन्होंने फिर से दूसरा कॉशन बनाया और फिर गार्ड को उपलबध कराया। इन सब के चलते ट्रेन अपने निर्धारित समय से बीस मिनट देरी से गंतव्य की ओर रवाना हुई।

# राहुल, अडाणी मुद्दे पर कांग्रेसियों का धरना

**मनाया काला दिवस**

**काली पट्टी बांध कर कचहरी स्थित अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष बैठे**

**वाराणसी।** अडाणी प्रकरण मुद्दे और राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने के खिलाफ कांग्रेसियों ने मंगलवार को कचहरी स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन कर धरना दिया और काला दिवस मनाया। अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष नारेबाजी करने के बाद कांग्रेसजन मार्च निकालते हुए शास्त्री घाट पर धरने पर बैठे ।

धरने को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि अडाणी के घोटालों पर राहुल गांधी के सवालों से डर कर सरकार ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी, लेकिन इस तरह की निचले स्तर की राजनीति अडाणी को बचा नही सकती। सरकार को जेपीसी का गठन करना ही होगा। प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यह लड़ाई लंबी चलेगी और हम योजनाबद्ध तरीके से जनता के बीच अडाणी की लूट को उजागर करेंगे। सरकार को जवाब देना होगा कि अडाणी को 20 हजार करोड़ किसने दिया। यह सवाल अब हर चौराहे पर पूछा जाएगा।

पार्टी प्रवक्ता संजीव सिंह ने कहा कि जिस तरीके से राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता छीनी गई। यह देश के संविधान और लोकतंत्र की निर्मम हत्या है। अब जनता को लोकशाही और तानाशाही में तय करना है कि किसके संग चलना है? शहर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे और जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल ने कहा कि कंपनियों में लगे 20 हजार करोड़ किसके हैं। ये बात कांग्रेस के कार्यकर्ता गली-गली, गांव-चौपाल तक लेकर जाएंगे और इस घोटाले का पदार्फाश करेंगे। वरिष्ठ नेता अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि अडाणी पर राहुल गांधी के सवालों से डरकर सरकार उन्हें दबाने की कोशिश कर रही है। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा में खलबली मची हुई है। अध्यक्षता करते वरिष्ठ नेता राजेशपति त्रिपाठी ने कहा कि पीएम को यह जान लेना चाहिए कि राहुल गांधी सावरकर नहीं बन सकते और कांग्रेस झुकने वाली नहीं है। धरने पर प्रजानाथ शर्मा, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, डा. अनिल उपाध्याय, शिवजी सिंह, फजाहत हुसैन, जेपी तिवारी, वकील अंसारी, विनोद पटेल, विनोद शुक्ला, अफरोज, प्रवीण सिंह बबलू, विजय शंकर पांडेय, अरविंद किशोर, पूनम कुडूं, बीरेन्द्र कपूर आदि थे।



कचहरी स्थित अम्बेडकर पार्क पर धरने पर बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता।

### शुरू किया मेरा घर राहुल का घर अभियान

वाराणसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने और सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस मिलने पर देश भर के कांग्रेस नेताओं में उबाल है। देश के कई हिस्सों में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय ने 'मेरा घर, राहुल गांधी' का घर अभियान की शुरूआत किया। पूर्व मंत्री अजय राय ने अपनी पत्नी रीना राय के साथ अपने लहुराबीर स्थित आवास को राहुल गांधी के घर के रूप में समर्पित किया। इस दौरान अजय राय ने कहा कि सरकार को नहीं पता देश के हर कांग्रेस कार्यकर्ता का घर राहुल का घर है। लहुराबीर स्थित अपने आवास को मैंने अपनी पत्नी परिवार की सहमति से राहुल गांधी को समर्पित किया है। साथ ही काशी सहित पूरे प्रयागराज प्रान्त में यह पहल शुरू हुई हैं।
















रिटेल डायरेक्ट्री












# आगामी माह में चलाया जाए वृहद स्वच्छता अभियान : मंडलायुक्त

**निर्देश**

**कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में जायका की संयुक्त संयोजन समिति की बैठक**




**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी (जायका) की पर्यावरण स्वच्छता के व्यापक सुधार के लिए संयुक्त संयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में नगर आयुक्त शिपु गिरी, जायका से जापानी प्रतिनिधिगण और जल निगम समेत अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम जायका के टीम लीडर सायको शीतिमारु द्वारा मंडलायुक्त का स्वागत कर शहर में जायका अंतर्गत कराये गये विभिन्न कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया।

जिसमें सायको द्वारा यह बताया गया कि जायका के तहत फेज-1 में जलापूर्ति, सीवेज और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, फेज-2 का कार्य 2024 में पूर्ण किया जाएगा। मंडलायुक्त ने बताया कि शहर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के साथ वेस्ट टू फर्टिलाइजर, वेस्ट टू चारकोल और टाटा कैंसर अस्पताल अंतर्गत मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन के लिए भी कार्य किया जा रहा है। स्थानीय जनसंख्या के साथ-साथ पर्यटकों की एक विस्तृत जनसंख्या भी है जिससे यहां कचरा उत्सर्जन अन्य शहरों से ज्यादा है, परंतु यहां 700 मेट्रिक टन क्षमता के कचरे का प्रबंधन प्रतिदिन किया जा रहा है। कूड़ा प्रबंधन के कार्य को और भी सुदृढ़ करने के लिए सफाईकर्मियों और स्थानीय निवासियों में व्यावहारिक परिवर्तन के साथ ही कचरे के पृथकीकरण के लिए जनजागरूकता की आवश्यकता है। अपशिष्ट जल के ट्रीटमेंट के उपरांत इसे कार वाशिंग, टॉयलेट फ़्लश समस्त अन्य विभिन्न कार्यों में उपयोग किया जा सकता है। साथ ही वर्षा जल प्रबंधन प्रणाली को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। नगर निगम को जायका के साथ संयुक्त प्रयास से विभिन्न नवीन कार्य व आधुनिक तकनीकी प्रारंभ करना चाहिए, वहीं नगर आयुक्त द्वारा कहा गया कि शहर के गार्बेज कलेक्शन व्हीकल के पार्किंग स्थल पर एक वाशिंग सेंटर का निर्माण कराया जाए जिससे इनकी नियमित सफाई सुनिश्चित की जा सके। मंडलायुक्त द्वारा कहा गया कि आगामी माह में सामाजिक संस्थाओं, सिविल डिफेंस, रेड क्रॉस, स्वयंसेवी संगठन, राजनैतिक दलों को साथ लेकर शहर में वृहद् स्वच्छता अभियान चलाया जाए और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम से भी सफाई व्यवस्था की निगरानी की जाए। आमजन को भी जागरूक किया जाए, अंत में मंडलायुक्त द्वारा जायका के प्रतिनिधिगणों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# कोरोना के मिले मरीज से एक बार फिर बढ़ी मुश्किल

**समस्या**

**सीएमओ ने सावधानियों को बताया उपचार कहा मास्क का प्रयोग जरुर करें**



**वाराणसी।** सोमवार को कोरोना के मिले तीन मरीज के बाद से जहां स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है वहीं लोगों को एक बार फिर से सावधानियां बरतने की नसीहत दी जा रही है।

सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि नए मरीजों के मिलने के बाद जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या सात हो गई है। सभी मरीज होम आइसोलेशन में हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें संपर्क में हैं। सबकी सेहत की निगरानी की जा रही है। मार्च में अब तक में 12 कोरोना संक्रमित मिल चुके हैं। इनमें से पांच ठीक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बाहर से यात्रा कर हाल ही में लौटा और बीमार है तो उसकी जानकारी नजदीकी अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र पर देनी चाहिए।कोरोना संक्रमण फिर से बढ़ने लगा है।

**दिखे लक्षण तो ना करें नजर अंदाज**

सांस लेने में दिक्कत, सांस फूलना, एक बार ठीक होने के बाद बुखार या खांसी होना, बच्चों को सांस लेने में दिक्कत, सांस का तेज चलना, तेज बुखार।

**ऐसे करें बचाव**

भीड़भाड़ में जाने से बचें, मॉस्क लगाएं, हाथ साफ रखें। नियमित अंतराल पर साबुन से धोएं, यात्रा ना करें।

## संक्षेप

### चिल्ड्रेस एकेडेमी ग्रुप ऑफ स्कूल का परीक्षा फल घोषित




**वाराणसी।** चिल्ड्रेस एकेडेमी ग्रुप ऑफ स्कूल की कमच्छा शाखा का मंगलवार को वार्षिक परीक्षा फल घोषित हुआ। सम्मान गीत, संगीत व विद्या की देवी को नमन करके दीप प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य रागिनी तिवारी ने वार्षिक रिपोर्ट में विद्यालय की उपलब्धियों के विषय में उल्लेख किया। प्रधानाचार्य एवं चिल्ड्रेस एकेडेमी निराला नगर शाखा की प्रधानाचार्य इंदु गुप्ता ने उन सभी छात्र–छात्राओं को जिन्होंने अपनी कक्षा वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हें स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र प्रदान किया। विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधक महिपाल दास गुप्ता और प्रधानाचार्या रागिनी तिवारी ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी व निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। अभिभावकों की उपस्थिति व उत्साह से बच्चों की भी खुशी दोगुना हो गई। मुख्य आकर्षण बच्चों के साथ–साथ लाटरी द्वारा पांच अभिभावकों को भी सम्मान के लिए चयनित किया गया।

### पत्रकारिता संस्थान में आज जुटेंगे पुरातन छात्र

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान में बुधवार को पुरातन छात्र समागम 2023 'सुहानी यादें' का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर संस्थान के पुरातन छात्र देवरिया विधायक शलभ मणि त्रिपाठी होंगे।

### वाराणसी परिक्षेत्र में शामिल होंगी नई साधारण बसें

**वाराणसी।** रोडवेज वाराणसी परिक्षेत्र के बेड़े में 21 नई बसें शामिल होने वाली है। जिसका शुभारम्भ 29 मार्च को कमिश्नरी ऑडिटोरियम से किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत यात्रा दर्पण पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि इन बसों को बलिया, अयोध्या, लखनऊ, गोरखपुर मार्ग पर चलाने की योजना है। वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र में आने वाली साधारण बसों को डिपो व मार्ग के अनुरुप भेजा जायेगा।

### वीडीए ने 10 बीघा अवैध प्लाटिंग कराया ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण वीडीए की प्रवर्तन टीम द्वारा मंगलवार को मुगलसराय वार्ड में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गयी। मुगलसराय वार्ड अंतर्गत आशीष पटेल व सतीश पटेल कालोनाइजर द्वारा मौजा–बखरा, मुगलसराय में बिना ले–आउट स्वीकृत कराये लगभग 10 बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी। अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम और स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया गया। इस दौरान वीडीए के अनु सचिव देवचंद्र राम, जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता संजय तिवारी मौजूद रहे।

### संभव जनसुनवाई में 25 फरियादियों ने लगाई गुहार

**वाराणसी।** सिगरा स्थित नगर निगम में मंगलवार को संभव जनसुनवाई के तहत नगर आयुक्त शिपू गिरि सहित निगम के अन्य अधिकारियों ने फरियादियों को सुना। जिसमें कुल 25 फरियादियों ने अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से गुहार लगाई। इसमें सीवर लाइन, पेयजल पाइप लाइन की समस्या, जल निकासी, जन्म प्रमाण पत्र, वेंडिंग जोन से हटाए जाने सहित अन्य समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस दौरान नगर आयुक्त ने फरियादियों की शिकायत पर संबंधित मामलों के लिए निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण के लिए आदेश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, जलकल महाप्रबंधक रघुवेंद्र कुमार के साथ सभी जोन के जोनल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### लहरतारा फ्लाईओवर पर बनेंगे बेटियों के चित्र

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल द्वारा मंगलवार को लहरतारा फ्लाईओवर का निरीक्षण किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत लहरतारा फ्लाईओवर को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर पेंटिंग कराया जाना है। सीडीओ द्वारा उक्त फ्लाईओवर पर शहर की प्रतिभाशाली बेटियों के साथ ही देश की विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाशाली बेटियों के चित्रों को बनाए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडे, महिला कल्याण अधिकारी अंकिता श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

### खलिहान की भूमि पर टंकी बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के अनौरा ग्राम सभा में खलिहान की भूमि पर पानी टंकी बनाए जाने का ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। गांव के रहने वाले गोविंद चौहान, सुरेंद्र चौहान, लाल सिंह चौहान, हंशराज चौहान, लालजी चौहान, मोती राजभर व शिवमुरत पाल सहित अन्य दर्जनों ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अन्य जगह नवीन परती जमीन है उस स्थान पर पानी की टंकी का निर्माण कराया जाए। खलिहान की भूमि पर गांव में होने वाली शादी के दौरान बारात लगती है और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम भी यहीं पर संपन्न होते हैं ऐसे में यहां पर पानी टंकी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने के बाद मंगलवार शाम नायब तहसीलदार पिंडरा साक्षी राय और राजस्व कर्मियों की टीम पुलिस बल के साथ गांव में पहुंची। टीम द्वारा भूमि की पैमाइश कराई गई।

### सीडीओ ने वन स्टॉप सेंटर निरीक्षण कर दिए निर्देश



**वाराणसी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय परिसर स्थित महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर का मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। सीडीओ ने केंद्र का भ्रमण कर केंद्र द्वारा प्रदान की जा रही सभी सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही अभिलेखों का मुआयना किया। उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रकरण में नियमानुसार फॉलोअप किया जाए। केंद्र पर उपस्थित पीड़ित महिला से वार्ता कर उसकी समस्या सुनी और केंद्र की परामर्शदाता को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। सीडीओ द्वारा निराश्रित महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने का परामर्श दिया गया एवं केंद्र की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा गया। केंद्र पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडे, केंद्र प्रबंधक रश्मि दुबे, उप निरीक्षक रंजना उपाध्याय, महिला कल्याण अधिकारी अंकिता श्रीवास्तव, वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर खुशबू सिंह, श्वेता राय, पैरामेडिकल स्टाफ चंचला एवं सुमन उपस्थित थे।

# टिकट विवाद में टीटीई और यात्री में मारपीट

**घटना**

**गंगा कावेरी ट्रेन में हुए विवाद में यात्री व टीटीई ने एक दूसरे पर लगाया आरोप**



**वाराणसी।** चलती ट्रेन में टीटीई(ट्रेन टिकट निरीक्षक) द्वारा यात्री से टिकट मांगने पर यात्री ने टीटीई पर चाकू से हमला बोल दिया। घायल टीटीई को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार छपरा से चली ट्रेन गंगा-कावेरी में सोमवार की रात पूर्वोत्तर रेलवे (वाराणसी मंडल) के डिप्टी सीटीआई सुनील कुमार सिंह यात्रियों का टिकट चेक करने लगे। इसी दौरान स्लीपर कोच एस-2 में वारंगल जाने के लिए सवार मुहम्मदाबाद (गाजीपुर) थाना क्षेत्र के सिलाइच (बालापुर) निवासी सुनील बिंद से टीटीई ने टिकट मांगा तो वह टिकट नहीं दिखा सका। यात्री ने टीटीई को बताया कि गाड़ी जल्दी छूट रही थी, इस कारण वह टिकट नहीं ले पाया। इस पर निरीक्षक ने उससे किराया और जुर्माना की राशि मांगी। सुनील ने कम पैसा होने का हवाला दिया। इसके बाद दोनों में विवाद हो गया। यात्री का आरोप है कि पहले टिकट निरीक्षक ने उसे अपशब्द कहे और मारपीट की। विरोध में उसने धक्का दे दिया। जिससे उसके सिर पर चोट आ गयी। इसके बाद वह शौचालय में खुद को बंद कर लिया। मौके पर जीआरपी और आरपीएफ के स्कार्ट को बुलाया गया। जिसके बाद उसे शौलालय से बाहर निकाला गया। आरोप है कि डिप्टी सीआईटी ने उसकी पिटाई फिर की। वहीं डिप्टी सीआईटी ने वाद विवाद के दौरान पीछे से चाकू से वार करने का आरोप लगाया है। डिप्टी सीआईटी का बलिया में प्राथमिक उपचार के बाद ट्रेन रात एक बजे आने पर मेडिकल कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल में कराया गया। उधर, जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन दिवस आज से



**वाराणसी।** कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए जनपद में बुधवार से वजन दिवस अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके लिए बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंगलवार को आदर्श ब्लॉक सेवापुरी सहित सभी विकासखंडों के चिन्हित केन्द्रों और स्थलों पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें वजन दिवस पर गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने, ग्रोथ चार्ट, ग्रोथ मॉनिटरिंग और पोषण ट्रेकर पर फीडिंग करने के बारे में विस्तार से बताया गया। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) दिनेश कुमार सिंह ने दी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद में 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसमें तीन प्रमुख गतिविधियों श्री अन्न/मोटे अनाज के अधिक सेवन के लिए सामुदायिक जागरूकता, स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा और सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र पर जोर दिया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत 29 से 31 मार्च तक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन दिवस अभियान मनाया जाएगा जिसमें जन्म से लेकर छह वर्ष तक के अतिकुपोषित व कुपोषित की पहचान की जाएगी।

गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती किया जाएगा। इसके अलावा कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें गहन देखभाल और पौष्टिक आहार के लिए परिजनों को परामर्श दिया जाएगा। उन्होने बताया कि जनपद में 3914 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इन सभी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकताये तैनात हैं।

# शबरी और अहिल्या जैसा धैर्यवान बनें: आचार्य शांतनु



**वाराणसी।** रामनवमी के उपलक्ष्य में अर्दली बाजार स्थित विंध्यवासिनी नगर कॉलोनी में आयोजित श्रीराम कथा के सातवें दिन आचार्य शांतनु महाराज ने चित्रकूट लीला का वर्णन किया। इसके अंतर्गत मां शबरी और अहिल्या प्रसंग में भगवान और भक्त के संवाद से भक्तगण भावुक हो गए।

आचार्य शांतनु महाराज ने कहा कि भक्त को पाने के लिए उन्हें पुकारो और प्रतीक्षा करो। जैसे माता शबरी और अहिल्या ने सदियों तक प्रतीक्षा की। भगवान की प्रभु श्रीराम ने उन्हें दर्शन देकर धन्य कर दिया।

भगवान को पाने के लिए मन में ललक और प्यास होनी चाहिए। इसलिए भगवान जब भारद्वाज मुनि के पास गए तो उन्होंने यही कहा कि उनके सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण हो गए। आचार्य ने गुरू महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिसका कोई गुरू नहीं, उसका जीवन शुरू नहीं। गोस्वामी तुलसीदास ने सम्पूर्ण मानस में गुरू की महिमा का बखान किया है। इस मौके पर आयोजक आशुतोष प्रताप सिंह, डॉ संजय सिंह राठौर, वीरेंद्र दुबे, किशन चौबे, विष्णु रघुवंशी सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# स्ट्रीट लाइट बिना ठीक किए मामला कर दिया निस्तारित

**लापरवाही**

**शिकायत कर्ता ने ट्वीट कर पीएम और सीएम सहित उच्चाधिकारियों से लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की अपील की**

**वाराणसी।** महमूरगंज के शिवपुरवा में स्ट्रीट लाइट ना जलने की शिकायत पर बिना कार्य किए उसे सीएम की शिकायती पोर्टल से निस्तारित करने का मैसेज भेजा गया। बता दें कि बीते फरवरी माह में शिकायत कार्ता डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने निगम में स्ट्रीट लाइट ना जलने की शिकायत की थी। कोई सुनवाई नहीं हुई, तब मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर 21 मार्च को ( शिकायत संख्या 92319700005382) शिकायत की गई। शिकायत के बावजूद जब लाइट ठीक नहीं की गई तो चार दिन के बाद 25 मार्च को उन्होंने पुनः जनसुनवाई पोर्टल पर सीधे शिकायत (शिकायत संख्या 40019723007358)की। लेकिन दुर्भाग्य रहा कि लाइट फिर भी नहीं ठीक हुई और 27 मार्च को बिना लाइट ठीक किए सीएम पोर्टल के माध्यम से लिख कर मैसेज आ गया कि आपकी शिकायत को निस्तारित कर दिया गया है, यानी स्ट्रीट लाइट ठीक करा दी गई है। जबकि लाइट जस की तस खराब रही। इसके खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए डॉ. राजेश ने जीपीएस लोकेशन के साथ खींची गई फोटो जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री और प्रधानमंत्री को ट्वीट करते हुए लाइट ठीक कराने और लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते करने की अपील की।

उन्होंने कहा की टेक्स पे करने के बावजूद हम जनता को सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। बताया कि इतनी शिकायतों के बाद मंगलवार को लाइट सही की गई।

# पुरातन छात्र समागम पुरानी यादों को पुनर्जीवित करने का माध्यम : प्रो. कामिल



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के मंच कला विभाग में मंगलवार को पुरातन छात्र समागम का आयोजन हुआ। विवि अलमुनाई सेल के निदेशक प्रो. नलिनी श्याम कामिल और विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता घोष द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर प्रो. कामिल ने कहा कि पुरा छात्र समागम पुरानी यादों को पुनर्जीवित करने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विभाग की पुरातन छात्रा प्रसिद्ध लोक गायिका मंगला सलोनी रही। जिन्होंने अपने पुराने संस्मरण सुनाते हुए बताया की कैसे उन्होंने अभाव में अपनी गायकी को एक अलग पहचान दिलाई, जिसमें काशी विद्यापीठ की अहम भूमिका बताई। उन्होंने लोकगीत के कई विधाओं ₹पुरवे के देशवा से आइले भवनवा हो, ₹अब लागे ना जीयरा हामर रीₕ जैसे विभिन्न विधाओं के प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। जिसमें शिवम ने हारमोनियम पर और सुमंत कुमार ने तबले पर संगत किया। पुरातन छात्र अरविंद दीक्षित द्वारा भी मनमोहक प्रस्तुति की गई। संचालन डॉ. आकांक्षी एवं समापन विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता घोष के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। पुरातन छात्रों में अनिता मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, गौरी शर्मा, सरिता सिंह, प्रसन्न वदन चतुर्वेदी, रंजिता गुहा, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. मनोहर, अभिषेक सोनी, डॉ. सौम्या मिश्रा आदि रहें।

# रेलवे बचाने को दो संगठन हुए एक

**विलय**

**अधिकार मांगने को अब वर्कर्स यूनियन व एनई रेलवे मेंस कांग्रेस एक होकर उठायेंगे आवाज**

**लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन बहाली हमारा लक्ष्य:अखिलेश पाण्डेय**




**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल कार्यालय पर एनई रेलवे मेंस कांग्रेस के नेतृत्व में रेल के निजीकरण, निगमीकरण व एनपीएस के खिलाफ विशाल धरना दिया गया।

धरना को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ₹इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष-कॉम मनोज पाण्डेय ने कहा कि जब हमारा विचार एक है, जब हमारा संघर्ष एक है, तब हमें भी एक यूनियन के तहत ही आवाज उठानी होगी तभी अधिकार मांगने में मजबूती आयेगी। उन्होंने वर्कर्स यूनियन का एनई रेलवे मेंस कांग्रेस में विलय की घोषणा किया, जिसका पूर्वोत्तर रेलवे वर्कर्स यूनियन के संगठन मंत्री डॉ कमल उसरी ने समर्थन किया।

एनई रेलवे मेंस कांग्रेस केंद्रीय अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि विलय के बाद पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारियों का संघर्ष और मजबूत होगा। एन. ई. रेलवे मेन्स कांग्रेस के वाराणसी मण्डल के मण्डल मंत्री दुर्गेश पाण्डेय ने कहा की न्यू पेंशन स्कीम के तहत मिलने वाली पेंशन की राशी शेयर बाजार आधारित है। विधायक, सांसद पुरानी पेंशन योजना का लाभ ले रहे है और कर्मचारी जो अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय सरकारी सेवा में दे देता है उन्हें न्यू पेंशन स्कीम के तहत पेंशन दिया जाना सरकारी कर्मियों के साथ सरकार द्वारा छलावा है। इस दौरान डॉ कमल उसरी, डीएलडब्ल्यू रेल मजदूर यूनियन केंद्रीय अध्यक्ष प्रदीप यादव, सुशील कुमार, कॉपरेटिव सदस्य मृत्युंजय कुमार, राकेश पाल, आदित्य भण्डारी, श्याम सिंह, बेलाल अहमद, अकिल अहमद, चंद्रकांत, अभिनव आदि थे।

# सीमित व खुशहाल परिवार का दिया गया संदेश

**वाराणसी।** परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सीएचसी मिसिरपुर (काशी विद्यापीठ) के भट्टी, महमूदपुर, नयपुरकला, भिटी, डाफी व पंडितपुर स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर सास-बेटा-बहु सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सीमित परिवार की अहमियत के साथ सुरक्षित व संस्थागत प्रसव, गर्भवती व बच्चों के टीकाकरण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विनोद सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य सास- बेटा -बहू के बीच समन्वय और संवाद के जरिए परिवार नियोजन को लेकर एक अच्छा माहौल तैयार करना है जिससे प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति पुरानी सोच में बदलाव लाया जा सके। सुरक्षा योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, आधारबद्ध जन्म पंजीकरण आदि के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। एएनएम, आशा कार्यकर्ता व यूनिसेफ के लोगों के साथ अन्य स्वास्थ्यकर्मी रहे।

# बौद्धिक संपदा अधिकार समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी : फराह बानो



**वाराणसी।** यूपी कॉलेज के बौद्धिक संपदा अधिकार समिति के द्वारा मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता और युवाओं के लिए भविष्य की संभावनाएं' रखा गया।

एनआईपीएएम की समन्वयक एवं विशेषज्ञ फराह बानो ने बताया कि वर्तमान समय में बौद्धिक संपदा अधिकार अत्यंत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है, यह समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी और रोजगार परक भी है।

उन्होंने विस्तार से बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डीके सिंह ने बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रसंगितकता और महत्व को कानून के दृष्टिकोण से स्पष्ट किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय कुमार सिंह व संचालन तथा विषय की स्थापना बौद्धिक संपदा अधिकार समिति की समान्वियका डॉ. अलका रानी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. एनपी सिंह, प्रो. तुमुल सिंह, डॉ. उपेंद्र कुमार, पूर्व प्राचार्य प्रो. एसके सिंह, प्रो. सीपी सिंह , प्रो. एसके द्विवेदी, प्रो. जाह्नवी सिंह, आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने देखा अस्पताल का 'सच'

**निरीक्षण**

## चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों में मची अफरा-तफरी

**जनसंदेश न्यूज**


सीएचसी सिकंदरपुर का औचक निरीक्षण करते एसडीएम

**सिकंदरपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मंगलवार को उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव ने औचक निरीक्षण किया। अचानक एसडीएम को अपने बीच पाकर जहां चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई, वहीं आस-पास के दवा दुकानदारों में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। आनन-फानन में दुकानदार अपनी दुकानें बंद करने लगे।

एसएचओ दिनेश कुमार पाठक व चौकी प्रभारी रविंद्र पटेल के साथ सदल बल पहुंचे एसडीएम ने सीएचसी का मुख्य गेट बंद कराकर परिसर में मौजूद एक-एक व्यक्ति से पूछताछ करना शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ संदिग्ध लोग भी मिले, लेकिन ओपीडी की पर्ची उनके नाम का होने का कारण एसडीएम ने अनावश्यक परिसर में न आने की हिदायत देकर छोड़ दिया। उधर, वार्ड का निरीक्षण के दौरान उचित सफाई व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई और अधीक्षक को उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया। साथ ही उपस्थिति रजिस्टर समेत दवा स्टाक का गहनता से निरीक्षण कर स्टाक रजिस्टर से उसकी मिलान किया। इसके अलावा अधीक्षक डा. व्यास से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर चर्चा की और इन योजनाओं का लाभ मरीजों तक हर हाल में पहुंचाने का निर्देश दिया। साथ ही चिकित्सकों को बाहर की दवाएं न लिखने की हिदायत दी।

### बेतरतीब खड़े वाहनों का काटा चालान

**सिकंदरपुर।** निरीक्षण के दौरान हास्पिटल परिसर में बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को लेकर एसडीएम ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने एसएचओ से मनमानी करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई करने और गाड़ियों का चालान करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि वाहनों को सही ढंग से खड़ा कराने के लिये कांस्टेबल की ड्यूटी लगाया जाय।

### संदिग्ध लोगों को दी गई हिदायत: एसडीएम

**सिकंदरपुर।** इस दौरान एसडीएम ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हास्पिटल परिसर में कुछ बाहरी व्यक्तियों द्वारा कब्जा किया गया है। इसकी बार-बार शिकायत मिल रही थी। इसकी जांच की गई है। कुछ संदिग्ध किस्म के लोगों को हिदायत भी दी गई है। कुछ लोगों को चिन्हित किया गया है, जो चिकित्सकों पर दवाब बना कर बाहर की दवा और जांच लिखवा रहे हैं। उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। इस मौके डा. नीरज कुमार, डा. मुख्तार यादव, डा. रूबी सिंह, डा. दिग्विजय सिंह, डा. राजेश आर्य, पुष्कर राय, सचिंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चिकित्सक और कर्मी

**बैरिया।** उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक चिकित्साधिकारी सहित कई कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने अनुपस्थित चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजा है। अस्पताल के विभिन्न वार्डो व कक्षों में पर्याप्त साफ-सफाई के अभाव पर नाराजगी जताई।


सीएचसी सोनबरसा का निरीक्षण करते एसडीएम आत्रेय मिश्र

उल्लेखनीय है कि उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र अचानक सीएचसी सोनबरसा का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। यहां चिकित्साधिकारी डा. संजय कुमार, बीआरए मनोज कुमार यादव व चतुर्थ क्षेणी की महिला कर्मी बेबी देवी अनुपस्थित मिले। वहां मौजूद चिकित्साधिकारी ने उप जिलाधिकारी को बताया कि बेबी देवी काफी दिनों पहले यहां ज्वाइन करने आई थी। ज्वाइन करने के बाद फिर दुबारा यहां नहीं आई। वहीं, उप जिलाधिकारी को वार्डो, शौचालयों व अन्य कक्षों में साफ-सफाई का गहनता से अभाव दिखा, जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश चिकित्साधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को दिया। ओपीडी में बैठे डा. विजय कुमार यादव ने उपजिलाधिकारी को बताया कि यहां पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन उपलब्ध है। हर बेड पर आक्सीजन उपलब्ध है। जांच में एक्स-रे मशीन ठीक मिली। नेत्र परीक्षण कक्ष की मशीनें काफी पुरानी पायी गयी। नया मशीन उपलब्ध कराने के लिए उपजिलाधिकारी ने सीएचओ से कहा। वहीं, अस्पताल में संचालित प्रसव कक्ष में केमिकल के अभाव के कारण कई तरह के जांच बन्द पाए गए। महिला कक्ष में संसाधन की व्यवस्था बताई गई। सीजीरियन डिलेवरी की कोई व्यवस्था मौजूद नही है। आयुष महिला चिकित्साधिकारी अनिता यादव मौजूद रहीं।

# नवरात्रि में नवमी को करें हवन व कुमारी पूजन

**बोले डॉ.अखिलेश उपाध्याय**

## अनेक विधानों से की जाती है मां दुर्गा की पूजा



**बलिया।** नवरात्रि में नवमी का हवन तथा कुमारी पूजन का विशेष महत्व है। इसके बिना व्रत का संकल्प पूर्ण नहीं माना जाता है। जो भक्त कुमारी कन्याओं को अन्न वस्त्र व जल अर्पण करता है, उसका अन्न मेरू के समान और जल समुद्र के सदृश्य अक्षुण्ण तथा अनंत होता है। कुमारी कन्याओं को वस्त्र अर्पित कर भक्त गण करोड़ों वर्षो तक शिवलोक में पूजे जाते है तथा पूजा के उपकरण दान देने पर स्वयं देवगण पुत्र के रूप में प्राप्त होते है। मां दुर्गा की पूजा अनेक विधानों से की जाती है।

आचार्य डा. अखिलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि कुमारी कन्याओं के पूजन में जाति भेद का विचार वर्जित है। जहां कन्याओं का पूजन होता है, वह स्थान चार से पांच कोस तक पवित्र हो जाता है। कुमारी पूजन से मनुष्य लक्ष्मी, धन, पृथ्वी, सरस्वती व महान तेज को प्राप्त होता है। पूजित हुई कन्या विघ्न श्रम व अत्यंत उत्कट शत्रुओं को भी नष्ट देती है। कुमारी कन्याओं को पाघ, अर्घ्य, धूप, कुमकुम, चंदन आदि को अर्पित कर भक्तिपूर्ण पूजा करनी चाहिए। एक वर्ष की बालिका संध्या, दो वर्ष की कन्या सरस्वती, तीन वर्ष की त्रिधामूर्ति, चार वर्ष की कालिका, पांच वर्ष की सुभगा, छह वर्ष की उमा, सात वर्ष की नलिनी, आठ वर्ष की कुंजा, नौ वर्ष की कालसंदर्भा, दसवें वर्ष में अपराजिता, ग्यारहवें वर्ष में रूद्राणी, बारहवें वर्ष में भैरवी, तेरहवें वर्ष में महालक्ष्मी, चौदहवें वर्ष में पीठनायिका, पंद्रहवें वर्ष में क्षेत्रज्ञा व सोलहवें वर्ष में अंबिका मानी जाती है। जब तक ऋतु का उद्गम न हो, तभी तक कुमारी पूजन करना चाहिए। नवरात्रि का हवन व कन्या पूजन 30 मार्च को किया जाएगा। अंतिम दिन यानि अष्टमी का व्रत 29 मार्च को किया जाएगा। महानिशा पूजा 28 मार्च को होगा। नौ दिन तक व्रत रहने वालों का पारण 31 मार्च को प्रातः 5 बजकर 53 मिनट के बाद किया जाएगा। 30 मार्च को रामनवमी मनायी जाएगी। नवरात्रि का हवन 30 मार्च को प्रातः काल से लेकर रात्रि 11 बजकर 53 मिनट तक किया जाएगा।

# मां मंगला भवानी मंदिर में उमड़ी भीड़


मंदिर में स्थापित श्रीराम, लक्ष्मण, सीता की प्रतिमा


मंगला भवानी मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए जाते श्रद्धालु

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** उजियार भरौली में स्थित मां मंगला भवानी मंदिर में सप्तमी के दिन दर्शन के लिये भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। मुख्य सड़क से लेकर मंदिर तक नारियल व चुनरी की दुकानें भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पूर्वांचल ही नहीं, बल्कि प्रदेश के कई कोनों से लोग दर्शन के लिये पहुंच रहे है। बिहार राज्य के बक्सर से भी लोग दर्शन पूजन के लिये आ रहे है।

### मां के माथे पर लगाया चांदी का मुकुट


मां मंगला भवानी को मुकूट पहनाता भक्त

**बलिया।** मां मंगला भवानी मंदिर में मां के माथे पर चांदी का मुकुट भक्त द्वारा लगाया गया तथा विधिवत पूजन पाठ भी किया गया। मां को लाल चुनरी, नारियल, श्रृंगार का सामान, साड़ी, मुकुट, फल, मिष्ठान आदि चढ़ावा चढ़ाया गया। इस दौरान भक्तों ने जमकर मां के जयकारे लगाये।

### भक्तों ने गंगा में लगायी डुबकी

**बलिया।** मां मंगला भवानी मंदिर के पास उजियार घाट में मां के भक्तों ने दर्शन के पहले उजियार घाट स्थित गंगा में डुबकी लगाया। यहां इसी घाट पर भगवान श्रीराम-लक्ष्मण, विश्वामित्र पहुंचे थे और गंगा नदी पार करके रामरेखा घाट पहुंचे थे। यहां उन्होंने ताड़का वध भी किया था। इसकी चर्चा मां मंगला भवानी मंदिर में भक्तों द्वारा जमकर होती रही।

# जोर-शोर से चल रही श्रद्धांजलि सभा की तैयारी

**पुण्यतिथि**

## 30 को ठाकुर बैजनाथ सिंह की पुण्यतिथि पर होगा कार्यक्रम

**बांसडीह।** स्थानीय विधान सभा के प्रथम विधायक, इंटर कालेज के संस्थापक एवं पूर्व चेयरमैन ठाकुर बैजनाथ सिंह की पुण्यतिथि पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 30 मार्च, गुरुवार को कस्बे के बांसडीह इंटर कालेज के प्रांगण में किया जायेगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा के आयोजनकर्ता प्रथम विधायक ठाकुर बैजनाथ सिंह के पौत्र बांसडीह नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन एव बांसडीह इंटर कालेज के प्रबंधक संजय कुमार सिंह मुन्ना जी ने मंगलवार को बांसडीह इंटर कालेज प्रांगण में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को उचित दिशा-निर्देश दिया। सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद बीरेंद्र सिंह मस्त करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि सांसद रविंद्र कुशवाहा, एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू, विधायक केतकी सिंह, विधायक उमाशंकर सिंह, विधायक मु. जियाउद्दीन रिजवी, विधायक जयप्रकाश अंचल, पूर्व मंत्री रामगोबिंद चौधरी, पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक शिवशंकर चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू, सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव रहेंगे। इस कार्यक्रम में कई अन्य दलों के नेता भी शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भोजपुरी स्टार गायक गोलू राजा, गायिका अमृता गौतम, गायक आशुतोष यादव शामिल होंगे।


सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा की तैयारियों का जायजा लेते संजय कुमार सिंह मुन्ना जी

### तीन बार विधायक रहे ठाकुर बैजनाथ सिंह



**बांसडीह।** स्व. ठाकुर बैजनाथ सिंह का जन्म सन 1909 में हुआ था। उनकी प्राथमिक शिक्षा बांसडीह में ही हुई थी। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी एवं एलएलबी किया। वह बांसडीह के तीन बार विधायक एवं टाउन एरिया के आजीवन चेयरमैन रहे। आजादी के बाद बांसडीह सेंट्रल से सन 1952 के सामान्य चुनाव में ठाकुर बैजनाथ सिंह निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े एवं उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी रंजीत बहादुर (सोसलिस्ट पार्टी) को हराकर चुनाव जीत बांसडीह के प्रथम विधायक बने थे। वर्ष 1957 में द्वितीय बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधायक बने। वर्ष 1967 में जनसंघ के टिकट पर जीत दर्ज कर तीसरी बार विधायक बने। टाउन एरिया में वर्ष 1933 से 1953 एवं वर्ष 1961 से 1971 तक चेयरमैन बने रहे। उनका समूचा जीवन काल गरीबों, मजदूरों, शोषित के लिए समर्पित रहा।

## संक्षेप

### एसपी ने किया पुलिस सहायता केन्द्र का उद्घाटन



**बलिया।** सनबीम स्कूल अगरसंडा शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी पूरी निष्ठा और सच्चाई से करता है। फेफना थाना क्षेत्र अंतर्गत अगरसंडा ग्राम में विद्यालय द्वारा पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना की गई, जिसका उद्घाटन मंगलवार को पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने फीता काटकर किया। पुलिस सहायता केन्द्र स्थापित होने से अगरसंडा एवं उसके आस-पास के गांवों में बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने की मदद मिलेगी। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरूण सिंह ने कहा कि गांव के निकट कोई पुलिस सहायता केन्द्र नहीं होने से ग्रामीणों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार सदैव अपने दायित्वों के प्रति सजग रहता है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी सदर अशोक कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष फेफना रोहन राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रचार वाहनों को किया रवाना



**बलिया।** विश्व हिंदू परिषद बलिया के तत्वावधान में 30 मार्च को श्रीराम नवमी के अवसर पर निकलने वाले भव्य शोभायात्रा के प्रचार वाहनों को बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर से पूजन अर्चन के पश्चात संघ के नगर प्रचारक विशाल एवं प्रांत सह मंत्री मंगल देव चौबे ने संयुक्त रूप झंडा दिखाकर रवाना किया। श्री चौबे ने बताया कि श्रीराम नवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा ऐतिहासिक होगी। इसमें जनपद के लगभग 1000 पुरुष एवं महिला प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर भानु तिवारी, सुनील यादव, अजय श्रीवास्तव, मनोज चौबे, आशीष बागी, सुनील ठाकुर, अरुण सिंह, रूद्रशेखर, सत्य प्रकाश, विशाल, आशीष, समर तिवारी, आदित्य खरवार, रवि सिंह, चेतन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शहीद के पौत्र के त्रयोदशाह पर दी गई श्रद्धांजलि

**बलिया।** बलिया के प्रमुख स्वाधीनता सेनानी और 1942 के शहीद रामरेखा शर्मा के पौत्र राजीव कुमार शर्मा के त्रयोदशाह पर नई दिल्ली स्थित न्यू मोतीबाग क्लब में श्रद्धांजलि का आयोजन हुआ। इस आयोजन में राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय और जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत सहित समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य उपस्थित हुए। ज्ञातव्य है कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के सहयोगी-सलाहकार एचएन शर्मा के अनुज, रेलवे के पूर्व अधिकारी राजीव कुमार शर्मा का निधन गत दिवस दिल्ली के रेलवे अस्पताल में हो गया था। वह लंबे समय से बीमार थे और कोमा में थे।



# सीएम से मिली मृतक गन व्यवसायी की पत्नी

## आरोपियों पर कठोर कार्रवाई एवं आर्थिक मदद की गुहार

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता आत्महत्या कांड में न्याय की मांग को लेकर मृतक की पत्नी मोनी गुप्ता मुख्यमंत्री दरबार में पहुंच गयी। पीड़िता ने मुख्यमंत्री दरबार में सीएम से आरोपियों पर कठोर कार्रवाई और आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

सीएम से भेंट के दौरान उसके साथ में पिता विश्वनाथ गुप्ता व देवर शैलेश गुप्ता भी उपस्थित रहे। जनता दरबार में सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मोनी गुप्ता ने सूदखोरों द्वारा पति को प्रताड़ित कर कराए गए घर की रजिस्ट्री को निरस्त कराने, परिवार चलाने के लिए आर्थिक मदद एवं एक वर्ष तक परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई। मोनी गुप्ता ने सूदखोर की पहुंच ऊंची होने और जांच प्रक्रिया बाधित करने की आशंका जताई है। दस मिनट की मुलाकात में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोनी को सांत्वना देते कहा कि मामला मेरे संज्ञान में है।

आरोपियों पर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। मोनी गुप्ता ने बताया कि मुख्य आरोपी हनुमान सिंह व शैलेश सिंह द्वारा घर का कराया गया मुहायदा अभी निरस्त नहीं हुआ हैं। छोटे-छोटे बच्चों के पालन पोषण को लेकर समस्या खड़ी हो गई हैं। इस तमाम परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर गुहार लगाई हूं। आश्वासन मिला है। हम लोगों को सीएम पर पूरा भरोसा हैं। हमारे साथ जरूर न्याय होगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि आरोपियों को जरूर कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।

# बिजली विभाग की टीम ने काटी बकायेदारों की बिजली

**लालगंज।** विजली विभाग की टीम ने मंगलवार को जहां डोर-टू-डोर भ्रमण कर लगभग एक लाख 40 हजार रुपये का बिल वसूला, वहीं 50 बकायेदारों की बिजली काट दिया। बैरिया तहसील के मुरारपट्टी व हृदयपुर गांव में बिल वसूली के लिए विजली विभाग की टीम पहुंची। इस दौरान जहां कुछ लोगों ने विजली का बिल जमा किया, वहीं कुछ लोगों ने असमर्थता दिखाई। इस दौरान बकायेदारों की बिजली काट दी गई।


खंभे पर बिजली कनेक्शन काटता कर्मी

बैरिया फीडर के अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने बताया कि गांव से लगभग एक लाख चालीस हजार की वसूली किया गया है। जिसने बिल नही दिया है, उनका बिजली कनेक्शन काट दिया गया। हिदायत दिया गया कि बिजली का बिल तत्काल जमा कर दे। यदि लोग बिना कहे अपनी लाइन जोड़वा कर बिजली चालू करेंगे तो कानूनी कार्यवाई की जाएगी। इस अवसर पर विनोद भारद्वाज, रमेश वर्मा, रणधीर मौर्य, कौशल पटेल, रजनीश मिश्र, दीपू राम, रोहित राम आदि मौजूद रहे।

# दो आरोपियों को सात वर्ष की सजा

**मणि मंजरी राय कांड**

## मृतका के भाई की तहरीर पर दर्ज किया गया था मुकदमा

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** जनपद के चर्चित अधिशासी अधिकारी (ईओ) मणि मंजरी राय आत्महत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार की अदालत ने दोषी चालक चंदन कुमार वर्मा पुत्र सूर्यनाथ वर्मा निवासी अमृतपाली और कम्प्यूटर आपरेटर अखिलेश कुमार पुत्र त्रिलोकी प्रसाद निवासी मनियर को सात वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

मनियर की तत्कालीन ईओ एवं गाजीपुर के भांवरकोल निवासी मणि मंजरी राय ने छह जुलाई 2020 को शहर कोतवाली के आवास विकास स्थित आवास पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उनके भाई विजयनंद राय ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। कहा था कि उनकी बहन की पहली पोस्टिंग मनियर नगर पंचायत में हुई थी। उन्होंने तत्कालीन चेयरमैन समेत कई लोगों पर टेंडर और गलत भुगतान के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया था। इससे दबाव में आकर उनकी बहन ने आत्महत्या कर ली। अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश हुआ। अदालत ने अभियोजन की तरफ से प्रस्तुत साक्ष्यों को देखा। अभियोजन की तरफ से अधिवक्ता विनय कुमार सिंह सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता अवधेश तिवारी व हरिवंश सिंह की बहस सुनने के बाद आरोपी चंदन कुमार, अखिलेश कुमार के खिलाफ दोष साबित पाया था। सोमवार को दोनों को सात वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

# ज्ञानकुंज अकादमी का परीक्षा परिणाम घोषित

**उत्साह**

## अव्वल आये छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित


ज्ञानकुंज एकेडमी में छात्र को साइकिल देते मुख्य अतिथि एसएचओ दिनेश पाठक


आरएसएस गुरूकुल सीके एकेडमी में बालिका को साइकिल देते मंत्री दयाशंकर सिंह एवं अन्य

**सिकंदरपुर।** ज्ञानकुंज अकादमी बंशी बाजार का 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं तथा 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम 2022-23 मंगलवार को घोषित कर दिया गया। विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत्- प्रतिशत रहा। प्रगति पत्र वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएचओ सिकन्दरपुर दिनेश पाठक का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने किया। तत्पश्चात बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। परिणाम घोषित होने के साथ बच्चों एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि एसएचओ दिनेश पाठक ने कहा कि विद्यालय अपने शिक्षा द्वारा बच्चों की प्रतिभा को उभारता है, जिसके कारण बच्चे अपने जीवन में सफलता हासिल करते है। उन्होंने बच्चों को बहुत-बहुत बधाई दिया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने प्रगति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने कहा कि यह परीक्षा परिणाम केवल शिक्षा व ज्ञान का परिणाम नही है। यह बच्चों के नैतिक, बौधिक एवं अनुशासन का परिणाम है। इससे बच्चों का सर्वांगिण विकास होता है और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना बच्चे भय मुक्त होकर कर सकते है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा पाण्डेय ने कहा कि नर्सरी से बारहवीं तक की जो शिक्षा दी जाती है, उसमें बच्चों की सभी प्रकार की क्षमता का मुल्यांकन होता है। यह प्रक्रिया इस प्रकार की होती है कि जिससे बच्चों का सम्पूर्ण विकास हो। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती शीला सिंह ने कहा कि यह परीक्षा परिणाम बच्चों के उज्जवल भविष्य का निर्माण करता है और बच्चों के जीवन में उत्साह का संचार करता है।

इस अवसर पर जेपी तिवारी, राजीव पाण्डेय, दीपक तिवारी, राजकुमार पाण्डेय, प्रियंका तिवारी, निशा तिवारी, रितु सिंह, नर्मदा गुप्ता आरजू, दुर्गेश त्रिपाठी, रितु राय, कुशुम लता, शिवा नाज, सुप्रिया आदि मौजूद रहे। विद्यालय के अध्यक्ष ज्योति स्वरूप पांडेय ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित

**धूमधाम से मना आरएसएस गुरूकुल सीसे एकेडमी का वार्षिकोत्सव**

**सिकंदरपुर।** क्षेत्र के कटघरा जमालपुर स्थित आरएसएस गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी एकेडमी बंशीबाजार में छठवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक, देशभक्ति, धार्मिक एवं अन्य मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रबंधक जयप्रताप सिंह उर्फ गुड्डू ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि मंत्री दयाशंकर सिंह ने मेधावी छात्र ग्रुप ए से कक्षा नर्सरी अ की छात्रा रुचि, ग्रुप बी से कक्षा पहली अ की छात्रा समीक्षा गुप्ता, ग्रुप सी से कक्षा आठवीं अ का छात्र आयुष कुमार एवं ग्रुप डी से कक्षा नौवीं अ का छात्र अभय कुमार को साईकिल तथा स्कूल टापर छात्र कक्षा आठवीं अ के आयुष कुमार को लैपटाप देकर सम्मानित किया। श्री सिंह ने सभी छात्रों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। विद्यालय के प्रबंधक जयप्रताप सिंह उर्फ गुड्डू द्वारा विद्यालय द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव, पूर्व विधायक भगवान पाठक, रामकृष्ण उपाध्याय, केशव चौधरी, डा. अलका राय, करुणानिधि तिवारी, पिंटू सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता, उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार दुबे, सुदर्शन सिंह, धर्मेंद्र कुमार राजभर, नितेश गुप्ता, आदित्य राय, जुबेर अहमद, पंकज यादव, शुभम कुशवाहा, प्रवीण यादव, श्वेता राय, रिमझिम सिंह, अमीषा सिंह, अंजुला राय, अन्नू आदि का प्रयास सराहनीय रहा। संचालन अजीत कुमार यादव ने किया।

# नये आरक्षण का इंतजार कर रहे दावेदार

**नगर निकाय चुनाव**

## राजनैतिक गलियारों में चल रही तरह-तरह की चर्चाएं

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** बहुत जल्द निकाय चुनाव का बिगुल बजने वाला है और नये आरक्षण सूची भी जारी होने वाला है। इसको लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों से चुनाव लड़ने वाले दावेदार आरक्षण की राह देख रहे है। वैसे राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय यह बना हुआ है कि नये आरक्षण में कुछ बदलाव होगा।

कौन-कौन से नगर पालिका और नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मैदान में होंगे? ये तो आरक्षण आने के बाद ही पता चलेगा। कोई सामान्य तो कोई पिछड़ी तो कोई सामान्य महिला व ओबीसी महिला की चर्चा हो रही है।

बलिया नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद का आरक्षण क्या होगा, यह बताना जल्दबाजी होगा। लेकिन यहां भी सामान्य व ओबीसी महिला की चर्चा हो रही है। वैसे शासन की तरफ से मेयर व अध्यक्ष पदों का आरक्षण अब नये सिरे से घोषित होगा। अब देखना यह होगा कि बलिया के दो नगर पालिका और 10 नगर पंचायतों में नया आरक्षण क्या आता है। इसको भी लेकर दावेदार तैयारी में जुट चुके है।

### ...आरक्षण में होगा बदलाव

**बलिया।** वर्ष 1995 से 2017 तक बलिया नगर पालिका, बांसडीह नगर पंचायत, सहतवार, रेवती व चितबड़ागांव नगर पंचायत में कभी ओबीसी का आरक्षण नहीं रहा है। यहां सामान्य व सामान्य महिला वर्ग से ही उम्मीदवार चुनाव लड़ते रहे। अब देखना यह होगा कि इस बार आने वाले नये आरक्षण में क्या होता है। वैसे राजनीतिक गलियारों में चर्चा यह है कि इस बार यहां बदलाव होंगे।

# चिकित्सकों ने काली पट्टी बांध कर मनाया काला दिवस

**नाराजगी**

### चिकित्सकों के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से मिलकर सौंपा ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज




**बलिया।** राजस्थान विधानसभा में चिकित्सकों के विरोध के बाद भी राइट टू हेल्थ बिल को पास करने के खिलाफ आईएमए चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर पूरे दिन कार्य किया और काला दिन मनाया। चिकित्सकों का प्रतिनिधि मंडल ने डीएम आवास पर ज्ञापन सौंपा। चिकित्सकों ने पत्रक सौंप कर राइट टू हेल्थ बिल के खिलाफ आक्रोश जताया।

मांग किया कि सरकार इस बिल को वापस लें। पिछले कई दिनों से राजस्थान के डाक्टर हड़ताल पर है। आईएमए के अध्यक्ष डा. डी राय ने बताया कि यह बिल आमजनों को संविधान की धारा-21 के अंतर्गत सरकार द्वारा डाक्टर्स को राइट टू लीव अधिकार से वंचित करने का प्रयास है। सरकारें स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने दायित्व को प्राइवेट सेक्टर पर बिना किसी खर्च उन्हें बर्बाद करने पर उतारू है। किसी न किसी रूप में केंद्र एवं सभी राज्य सरकारें एक जैसा कदम उठा रही हैं। राजस्थान सरकार जब तक इस जनविरोधी काला कानून वापस नहीं लेती है, तब तक आईएमए उत्तर प्रदेश इसका हर स्तर विरोध करना जारी रखेगी। इस अवसर पर सचिव डा. एके गुप्ता, डा. राजेश केजरीवाल, डा. अशोक सिंह, डा. विनोद कुमार सिंह, डा. वीरेंद्र कुमार, डा. अनिल सिंह, डा. जीएस पाठक, डा. संतोष कुमार, डा. अजीत सिंह, डा. पीके सिंह, डा. जेपी सिंह, डा. केके तिवारी, डा.रचना सिंह, डा. अमिता रानी आदि मौजूद रहे।

## आग से 10 बीघे की खड़ी फसल जल कर खाक

**रसड़ा।** स्थानीय क्षेत्र के गांव अमहर पट्टी उत्तर दिन में मंगलवार के दोपहर गेंहू की खड़ी फसल में आग लगने से जिससे लगभग 10 बीघे की खड़ी फसल जल कर खाक हो गयी। खेतों में आग में जाते समय एक महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई, ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद किसी तरह भयंकर आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही अग्निशमन की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने दौरान गांव की एक महिला सुमित्रा देवी (60) वर्ष पत्नी स्व.रामाशंकर पानी लेकर जा रही थी पैर फिसल कर गिर जाने की वजह से हाथ टूट गया गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना की सूचना अग्निशमन दल मौके पर पहुंच गई लेकिन उसके आने से पूर्व ग्रामीणों ने आग को काबू में कर लिया। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट ले ली है। आग के कारणों के बारे में पूछे जाने पर लोगों ने शॉर्ट सर्किट की वजह बतायी।

# शिक्षक हितों का संवर्धन व पोषण संगठन की प्राथमिकताः राजेश कुमार सिंह

**बैठक**

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जनपद स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग) जनपद बलिया की एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला एवं साधारण सभा का आयोजन द्वारिकापुरी कालोनी में किया गया। इसमें जनपद के सभी ब्लाकों के संयोजक, सह संयोजक, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला संयोजक राजेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर-के किया।

जिला संयोजक राजेश कुमार सिंह ने कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सिद्धांत एवं व्यवहार को धरातल पर लाने का वचन दिया। कहा कि शिक्षक हितों का संवर्धन व पोषण ही संगठन की पहली प्राथमिकता है। इस हेतु संगठन अपने स्थापना काल से ही अनवरत प्रयासरत रहा है। उन्होंने सदस्यता अभियान को प्रत्येक ब्लाकों में करने तथा शिक्षकों को जोड़ने पर बल दिया।

तत्पश्चात संगठन की वार्षिक रिपोर्ट और आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की, जिसको सर्वसम्मति से साधारण सभा द्वारा पारित कर दिया गया। जिला सह संयोजक प्रमोद सिंह ने राष्ट्र, शिक्षक व समाज के अंतर्सम्बन्ध को सबके सामने रखा। कहा कि राशैम शिक्षण की जिम्मेदारियों के साथ-साथ शैक्षिक माहौल को बनाये रखने में विश्वास रखता है। अकीलुर्रहमान खां ने सभी ब्लाक के पदाधिकारियों का आह्वान किया कि वह अपने ब्लाक के प्रतिनिधियों के साथ-साथ शिक्षकों से बेहतर समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनें तथा उसके त्वरित समाधान पर बल दें। इस दौरान अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा बेंगलुरु में आयोजित आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रतिभाग करने वाले सदस्यों को जिला संयोजक राजेश कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर रवीन्द्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, कृष्णानन्द पाण्डेय, कविता सिंह, रामाशीष यादव, पुष्पेंद्र सिंह, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, गणेश यादव, राजेश सिंह, ओंकारनाथ सिंह, डा. विनय भारद्वाज, अनिल सिंह, राजीव सिंह, नितीश राय, राघवेंद्र सिंह, अंकुर द्विवेदी, संजीव सिंह, सुमन तिवारी, सुशील दुबे, अजय दुबे, अभिषेक तिवारी, श्वेतांश, रवि पाण्डेय, अंजली तोमर, कर्ण प्रताप सिंह, लल्लन सिंह, जितेंद्र यादव, संजीव सिंह, गिरीश राय, धर्मेंद्र गुप्ता, विजय राय, उमेश राय, संजीव सिंह, राजीव सिंह, अनिल सिंह, रजनीश चौबे, नसीम अहमद, सोमनाथ तिवारी, सुदीप तिवारी, अमरेश चतुर्वेदी, शुभम प्रताप सिंह, रोहित कुमार सिंह, उत्कर्ष सिंह, आसिफ अली, सुमित यादव, शशि कुमार, विंध्याचल सिंह, अजीत वर्मा, देव प्रताप वर्मा, निर्भय नारायण सिंह, आलोक शर्मा, संजीव रंजन, विनोद यादव आदि मौजूद रहे। संचालन ज्ञान प्रकाश उपाध्याय ने किया।

# आस्था का केन्द्र बना मां दुर्गा मंदिर

**अद्भुत**

### सुबह से शाम तक तीन बार बदलती हैं रूप

रमेश जायसवाल



**सिकंदरपुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय से छह किमी दूर खरीद गांव में स्थित मां दुर्गा मंदिर सदियों से लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मां के दरबार में हाजिरी लगाने वालों का पूरे वर्ष तांता लगा रहता है। नवरात्र के दिनों में तो यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पूर्व राज्यपाल रमेश भंडारी सहित अनेकों मंत्री, सांसद, बिधायक आदि मां के दरबार में मत्था टेक चुके हैं। मान्यता है कि मंदिर पर जो भी सच्चे मन से हाजिरी देता है, उसकी मनोकामनाएं निश्चित रूप से पूरी होती है। बुजुर्गों द्वारा बताया जाता है कि सदियों पूर्व खरीद गांव का इलाका जंगल से आच्छादित था। उसी जंगल में घाघरा नदी के तट पर मेघा ऋषि का आश्रम था। पड़ोसी राजा के आक्रमण और सत्ता खोने के बाद राजा सूरथ घोड़े पर सवार होकर जंगल की तरफ चल दिए। जंगल में भटकते हुए वह मेघा ऋषि के आश्रम तक पहुंच गए। उस समय ऋषि को ध्यान में मग्न देख राजा सूरत वहीं बैठ गए। ध्यान खत्म होने के बाद ऋषि ने उनसे आने का कारण पूछा, जिस पर राजा ने अपनी पूरी आप बीती उनसे कह डाली। राजा की बातों को सुन ऋषि ने उनसे देवी के उपासना की सलाह दिया। दो वर्षों तक लगातार उपासना के बाद एक दिन देवी राजा को साक्षात दर्शन और आशीर्वाद देकर अंतर्ध्यान हो गई। बाद में देवी के आशीर्वाद से राजा सूरथ को पुनः उनका राजपाट वापस मिल गया। दोबारा राजपाट मिलने के बाद राजा ने खरीद में मां दुर्गा के अष्ट धातु की मूर्ति स्थापित करवाई, जो समय के प्रवाह के साथ जमीन में दब गई थी। एक सदी पूर्व खुदाई के समय पुनः मूर्ति मिली, जिसे विधिवत स्थापित कर खूबसूरत मंदिर का निर्माण कराया गया। मां की मूर्ति की यह खासियत है कि सुबह से शाम तक तीन बार रूप बदलती है। तीनों रूप युवा, प्रौढ़ा व वृद्धा के होते हैं। पूरे वर्ष भक्तों का यहां आना-जाना लगा रहता है।

## मां पचरूखा देवी मंदिर पर उमड़ रही भीड़




**रेवती।** नगर से करीब दो किमी दक्षिण-पश्चिम रेवती-बलिया मुख्य मार्ग के किनारे गायघाट गांव में मां पचरुखा देवी का मंदिर स्थित है। वैसे तो मां के दरबार में भक्तों की भीड़ हमेशा बनी रहती है, लेकिन नवरात्र की प्रतिपदा तिथि से ही माता के पूजन-अर्चन एवं दर्शन के लिए भक्तों का जनसैलाब मंदिर में उमड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जो भी सच्चे मन से आकर माता के दरबार में शीश झुकाता है, पांच ममतामयी मुखों वाली माता उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। लोग दूर-दूर से मनोकामना पूर्ति के लिए माता रानी के दरबार में आते हैं तथा अपना अभिष्ट प्राप्ति करते हैं। जन श्रुति के अनुसार आज जहां माता का मंदिर स्थित है, कभी वह भयानक जंगल हुआ करता था। सन 1857 में अंग्रेज सैनिकों से लोहा लेते हुए वीरवर बाबू कुंवर सिंह इधर आ रहे थे। मुड़िकटवा, कुशहर में वीरवर बाबू की प्राण रक्षा में यहां के स्थानीय आजादी के दीवानों ने 107 अंग्रेज सैनिकों को प्राणहीन कर दिया था। आज जहां मां का मंदिर स्थित है, वहां पंच पेड़ था। वहीं आकर कुंवर सिंह विश्राम करने लगे। मंद-मंद शीतल हवा के झोंके की वजह से कुंवर सिंह को नींद आ गई। इसी बीच माता रानी ने एक ज्योतिपुंज के रूप में दर्शन देते हुए कुंवर सिंह को आगाह किया कि अंग्रेज सैनिक तुम्हारा पीछा करते हुए बहुत नजदीक पहुंच गए हैं। तुम यहां से निकल जाओ। कुंवर सिंह माता रानी रूपी उस दिव्य पुंज को प्रणाम करके सहतवार स्थित अपने मामा राजा दशवंत सिंह के यहां निकल गए। मां पचरुखा देवी मन्दिर की एक घटना और कही जाती है कि मां के मन्दिर में किसी ने चोरी किया था। उस चोरी करने वाले/वाली पर तीसरे दिन मां पचरुखा दरबार में रहने वाले बन्दरों ने हमला कर दिया। फिर चोर अपनी चोरी कबूल करते हुए चोरी किया हुआ सामान मन्दिर में रखा। ऐसी अनेक घटनाएं मां पचरुखा देवी के बारे में प्रचलित है।

### वैश्य परिवार ने कराया था मंदिर का जीर्णोद्धार

**रेवती।** सन 1928-29 में गायघाट के ही एक वैश्य परिवार ने मां पचरूखा मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। माता रानी की कृपा से उस परिवार का वाराणसी में करोड़ों का व्यवसाय है। तत्पश्चात स्थानीय लोगों के सहयोग एवं पीकेएस कंपनी द्वारा बाउंड्री तथा ग्रिल आदि लगवाया गया। सांसद रविन्द्र कुशवाहा के प्रयास से पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर प्रांगण को सुंदर स्वरूप देने के लिए 96 लाख का बजट एलाट किया गया। इन रुपयों से मंदिर प्रांगण के सुंदरीकरण का कार्य कराया गया। माता रानी के मन्दिर के बगल में मानस मन्दिर है, जहां श्रीराम, माता सीता, पवन पुत्र हनुमान की मूर्ति स्थापित है।

## संक्षेप

### स्कूल व अस्पताल पर अचानक पहुंचे डीएम

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने शिक्षा क्षेत्र गड़वार के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांदपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में ताला बंद मिला। इस पर नाराज जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक भानु प्रकाश पांडे और सहायक अध्यापक संतोष कुमार पर विभागीय कार्यवाही करने का निर्देश बीएससी मनीराम सिंह को दिया। खंड शिक्षा अधिकारी गड़वार से भी स्पष्टीकरण तलब किया। जिलाधिकारी ने सीएचसी फेफना का भी निरीक्षण किया। इस दौरान चीफ फार्मासिस्ट व वार्ड बॉय अनुपस्थित मिले। सीएससी पर उपस्थित स्टाफ नर्स अनीता पटेल ने बताया कि यह अस्पताल बंद है। जिलाधिकारी ने चीफ फार्मासिस्ट और वार्ड बॉय का वेतन रोकने का निर्देश सीएमओ जयंत कुमार को दिया। इसके बाद आरोग्य केंद्र नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गड़वार का भी निरीक्षण किया गया। उपस्थिति पुस्तिका की जांच में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी चंद्रभान रावत, सुनील कुमार और डॉ0 एस के पांडे अनुपस्थित मिले। ओपीडी रजिस्टर भी डॉ0 एनके पांडे के द्वारा तैयार नहीं किया गया था। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डॉ0 एनके पांडे पर कठोर कार्रवाई करते हुए इनके निलंबन की कार्रवाई हेतु पत्र शासन को भेजा जाए।

### संस्कार, संस्कृति, भारतीयता का केंद्र बिंदु है नागाजी



**बलिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माल्देपुर-बलिया में प्राथमिक विभाग का वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जननायक विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि विधायक केतकी सिंह ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने कहा कि संस्कार, संस्कृति और भारतीयता का केन्द्र बिन्दु है नागाजी, माल्देपुर। शिशु मन्दिरों में वार्षिक परीक्षाफल कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इसके जरिए देश की भावी पीढ़ी को अपने धर्म व संस्कृति से जुड़ने का मौका मिल रहा है। यह मुहिम आगे भी जारी रहनी चाहिए। जन्म से लेकर 21 वर्ष तक मुख्य रूप से संस्कारों का निर्माण होता है। इस अवस्था में पड़ी हुई आदतें ही आगे चलकर संस्कार का रूप ले लेती हैं। विशिष्ट अतिथि विधायक केतकी सिंह ने कहा कि मैं स्वयं विद्या भारती की विद्यार्थी रही हूं। प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान ने कहा कि विद्या भारती का उद्देश्य ज्ञानवान, संस्कारवान एवं चरित्रवान नागरिकों का निर्माण करना है। विद्या भारती का लक्ष्य व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण है। इस अवसर पर अक्षय कुमार ठाकुर, अनिल कुमार सिंह, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। प्रस्ताविकी विद्यालय की बहन बेबी ठाकुर और संचालन बहन रिया सिंह एवं बहन अनीता यादव ने किया।

### 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' उत्सव 29 को

**बलिया।** बाल वाटिका व प्राथमिक विद्यालयों में तीन साल आयु वर्ग से अधिक के बच्चों को नामांकित कराने के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित व खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदेश में बेसिक शिक्षा और बाल विकास विभाग की ओर से 'हमारा आंगन, हमारे बच्चें' कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के सन्दर्भ में 29 मार्च को सुबह 11 बजे से जिला मुख्यालय स्थित गंगा बहुउद्देशीय कक्ष में उत्सव का आयोजन किया गया है। उत्सव के मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह होंगे। यह जानकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने दी है।

### 60 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बैरिया।** स्थानीय पुलिस ने 60 लीटर अप मिश्रित कच्ची शराब तथा बड़ी मात्रा में शराब बनाने के सामान उपकरण आदि शोभा छपरा से बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी देते हुए एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार को शोभाछपरा बगीचे के पास से 2 लोगों को संदिग्ध स्थिति में देखकर उसे हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ पर एक ने अपना नाम विशाल पासवान और दूसरे ने संदीप पासवान निवासी कोलन पांडे के टोला थाना रेवती बताया। बताया कि अप मिश्रित शराब लेकर बेचने के लिए यहां आए थे और बगीचे में छिपा कर रखे थे, जिसमें 60 लीटर अपमिश्रित शराब नौसादर, फिटकिरी, यूरिया सहित बरामद कर लिया। पुलिस ने शराब जप्त कर विधिक कार्यवाही करते हुए दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के लिए चालान कर दिया।

### बलात्कार के आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**बेल्थरा रोड।** उभांव थाने क प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र के निर्देशन में पुलिस ने एक बलात्कार के मुकदमे से अनुपस्थित अभियुक्त स्थानीय नगर के मालगोदाम रोड स्थित राजेश कुमार गुप्ता पुत्र मोती चंद गुप्ता के मकान पर विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट बलिया की ओर से धारा 82 सीआरपीसी के तहत जारी वारंट/कुर्की की नोटिस जारी किया था। नोटिस को अभियुक्त राजेश कुमार गुप्ता के मकान पर पुलिस की ओर से चस्पा किया गया। यह कार्यवाही पुलिस चैकी प्रभारी सीयर देवेंद्र कुमार ने अभियुक्त राजेश कुमार गुप्त के मकान पर मुनादी कराते हुए चस्पा किया। इस मुकदमे में आगामी तिथि 1 अप्रैल निर्धारित की गई है।

### सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन को डीएम ने दिखायी हरी झंडी



**बलिया।** खाद्य कारोबारकताओं एवं आमजनमानस को खाद्य पदार्थ में मिलावट के प्रति जागरूक करने के लिये जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट में सचल खाद्य प्रयोगशाला (फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स) वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्ट्रेट से रवाना हुई सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन टी0डी0कालेज चैराहा एवं कुँवर सिंह चैराहा पर 26 खाद्य पदार्थों की जांच की। इसमें 4 की जांच रिपोर्ट सही नहीं पाई गई। लोगों को जागरूक करने के लिए वैन एलईडी स्क्रीन है जो वीडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगी। इसमें क्या खाये क्या न खाये, खाद्य पदार्थ खरीदते समय क्या ध्यान रखें आदि का विस्तार से रोचक प्रस्तुति की गयी है। सहायक आयुक्त (द्वितीय) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशाशन वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि वैन के अन्दर स्थापित छोटी प्रयोगशाला द्वारा समस्त खाद्य एवं पेय पदार्थों की जॉच कर मौके पर ही उसकी रिपोर्ट से आमजनमानस एवं खाद्य कारोबारकताओं को अवगत कराकर जागरूक किया जाता है।

### एक शातिर जिलाबदर अपराधी गिरफ्तार

**मऊ।** थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा मंगलवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर पहसा से जिलाबदर अपराधी भृगुनाथ पुत्र रामपति निवासी पहसा थाना हलधरपुर मऊ को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त के विरुद्ध के विरुद्ध मु0अ0सं0 70/23 धारा 10 गुण्डा अधि0 में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## संक्षेप

### आईपीएस अधिकारी के प्रयास से रोडवेज बस सेवा शुरू, ग्रामीणों में हर्ष



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** तहसील क्षेत्र के पश्चिमी उत्तरी हिस्से में मऊ और आजमगढ़ जनपद बार्डर का आखिरी गांव भदीड भी अब रोडवेज बस सेवा से मऊ मुख्यालय से जुड़ गया है। गांव निवासी आईपीएस अधिकारी अनिल सिंह सिसोदिया के प्रयास से परिवहन मंत्री के निर्देश पर मंगलवार को गांव से मऊ मुख्यालय के लिए पहली बस सेवा शुरू की गई। जिसका ग्रामीणों ने फूल माला सजाकर स्वागत किया। यह गांव इंटीरियर में होने के कारण लोगों को जिला और मंडल मुख्यालय आने जाने में काफी असुविधा हो रही थी। बीते 19 मार्च को होली मिलन समारोह के अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का आईपीएस अधिकारी अनिल सिंह सिसोदिया के आवास पर आगमन हुआ था। पुलिस अधिकारी श्री सिसोदिया ने ग्रामीणों की समस्या से परिवहन मंत्री को अवगत कराया और रोडवेज की बस जिला मुख्यालय तक चलाने की मांग किया। इस संबंध में परिवहन मंत्री ने गांव से जिला मुख्यालय तक रोडवेज बस चलाने का निर्देश जारी किया है। इस क्रम में मंगलवार को पहली सेवा शुरू कर दी गई। इस से खलिसा, पंचशब्दा, मड़हापट्टी, मोहिउद्दीनपुर, कोठियां, भातकोल वलीदपुर समेत दर्जनों ग्रामीणों को इस का लाभ मिलेगा। यह बस गांव से सुबह 7 बजे चलकर उक्त बस 8:10 बजे मऊ पहुंचेगी और पुनः शाम 5 बजे मऊ से वापस भदीड गांव आएगी। इसका एक तरफ का किराया 49 रुपया होगा। मंगलवार को बस सेवा शुरू होने पर ग्रामीणों ने फूल माला से स्वागत किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताया। इस बाबत फोन द्वारा आईपीएस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बहुत जल्द ही इस बस का संचालन गांव से सीधे लखनऊ के लिए शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। जिससे कि यहां के क्षेत्रवासियों को यात्रा करने में काफी सुविधा मिले। इस दौरान कृपा नारायण सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, बबलू सिंह, ओमप्रकाश सिंह ग्राम प्रधान, गौरी राजभर, इंद्रदेव सिंह, मिंटू सिंह, देवी तिवारी, रामाश्रय मौर्या, राम प्रताप यादव, रामकेश राजभर, मुन्ना यादव, टिंकू सिंह, बंटी सिंह आदि समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध करायें मूलभूत सुविधाएंः सीडीओ

**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में पोषण अभियान के अंतर्गत जिला पोषण समिति/कन्वर्जेंस समिति एवं जिला अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया जनपद में कुल 2587 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत सुविधा की चर्चा के दौरान डीपीओ ने बताया कि जनपद के कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल की सुविधा नहीं है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को पेयजल योजना के तहत सभी केंद्रों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिन केंद्रों पर शौचालय की उपलब्धता नहीं है वहां पर जिला पंचायत राज अधिकारी को इसकी व्यवस्था यथाशीघ्र सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को भी कहा। आंगनवाड़ी केंद्रों पर अध्ययनरत बच्चों को फोटीफाईड चावल वितरण की धीमी प्रगति पर उन्होंने तेजी से वितरण करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। पोषण ट्रैकर एप पर लाभार्थियों की आधार फिडिंग, राशन वितरण की फीडिंग एवं वजन की स्थिति की फिडिंग आदि में विकास खंड बडरॉव, घोसी एवं दोहरीघाट की धीमी प्रगति पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित सीडीपीओ को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक के दौरान ही मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण की प्रगति, जनप्रतिनिधि एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा गोद लिए गए आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति, ब्लॉक स्तरीय कन्वर्जेंस समिति, अनुश्रवण समिति, निपुण भारत आदि की मासिक समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी सहित जिला पोषण समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

### परिवार नियोजन और सुरक्षित मातृत्व में कोपागंज सीएचसी प्रथम

**कोपागंज, मऊ।** परिवार नियोजन और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में कोपागंज सीएचसी को जनपद स्तर पर पहला स्थान मिला है। सीएचसी अधीक्षक डाक्टर अनिल कुमार को एसीएमओ ने सम्मानित किया है। सर्वाधिक नसबंदी करने, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सुरक्षित प्रसव व गर्भवती महिलाओं का इलाज, दवा वितरण, सलाह आदि में कोपागंज सीएचसी ने उत्कृष्ट कार्य किया। अधीक्षक डॉ अनिल कुमार की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मियों ने अभियान को सफल बनाने में पूरा योगदान दिया। प्रथम स्थान हासिल होने पर एसीएमओ ने सीएचसी कोपागंज अधीक्षक डा अनिल कुमार को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान डाक्टर आरएन सिंह, सोनी सिंह, डीडीओ, स्टांप नर्स, आशा आदि मौजूद रहे।

# अनुपस्थित मिले उपजिलाधिकारी (न्यायिक), खामियों को शीघ्र ठीक न करने पर कड़ी कार्रवाई की डीएम की चेतावनी

**सख्ती**

### तहसील मधुबन का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** मंगलवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने तहसील मधुबन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी कोर्ट, उप जिलाधिकारी कोर्ट (न्यायिक) तहसीलदार कोर्ट, नायब तहसीलदार कोर्ट, रिकॉर्ड रूम सहित अन्य कक्षों का भी निरीक्षण कर संबंधित अभिलेखों की जांच जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जांच के दौरान स्वामित्व योजना के तहत अभी भी 45 गावों के नक्शे भेजने हेतु अवशेष पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मधुबन को शीघ्र ही त्रुटि रहित सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करते हुए समस्त ग्रामो का भूलेख सत्यापन करने के निर्देश दिए। पट्टा आवंटन के अभिलेखों की जांच के दौरान कृषि हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम पट्टा आवंटन पर जिलाधिकारी ने इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ऑनलाइन शिकायतों से संबंधित अभिलेखों की जांच के दौरान मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर से संदर्भित 5 एवं जिलाधिकारी संदर्भित 21 मामलों के लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को इसके तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। इसके अलावा निवास प्रमाण पत्र के 1 सप्ताह से अधिक के लंबित 47 आवेदन, लोक संबोधन प्रणाली के लिए अनुज्ञा से संबंधित 1 माह से अधिक लंबित 250 आवेदन तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के तहत 1 माह से अधिक लंबित 2 आवेदनों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सभी लंबित मामलों का निस्तारण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। उन्होंने तहसील परिसर स्थित समस्त कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करते हुए सारे अभिलेखों को अपडेट रखने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। रिकॉर्ड रूम के निरीक्षण के दौरान अभिलेखागार अव्यवस्थित पाए जाने तथा राजस्व ग्रामों के समस्त रिकॉर्ड संबंधित बस्ता सूची में व्यवस्थित ढंग से ना पाए जाने पर जिलाधिकारी ने 15 दिनों के अंदर अभिलेखागार को ठीक ढंग से व्यवस्थित करने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिए। अमीनों की वसूली संतोषजनक न पाए जाए पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। 10 बड़े बकायेदारों से वसूली से संबंधित अभिलेखों के निरीक्षण के दौरान फरवरी महीने में मात्र 2 लाख की वसूली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने बड़े बकायेदारों के बैंक खातों की जांच कर वसूली करने के साथ ही उनकी अचल संपत्तियों को चिन्हित करते हुए नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर वसूली करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उच्च न्यायालय से संबंधित सभी मामलों का समय सीमा के अंदर ही निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला अधिकारी मनोज कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### दोहरीकरण व विद्युतीकरण कार्य का 30 मार्च को रेल संरक्षा आयुक्त करेंगे निरीक्षण

**मऊ।** रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालन सुगमता हेतु मूलभूत ढाँचे में विस्तार के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के औड़िहार-भटनी रेल खण्ड पर इन्दारा- किरिहरापुर (14.6 किमी) रेल खण्ड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। लाइन ओपनिंग हेतु मोहम्मद लतीफ खान रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्वी सर्किल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एससी श्रीवास्तव, मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय, रेल विकास निगम लिमिटेड के मुख्य परियोजना प्रबंधक वीके शुक्ला समेत वाराणसी मंडल एवं आरवीएनएल के वरिष्ठ अधिकारीयों के साथ 30 मार्च को इस नव निर्मीत दूसरी लाइन का संरक्षा निरीक्षण करेंगे।

भटनी से औंड़िहार रेल खंड 117 किमी. के दोहरीकरण हेतु रू0 1177 करोड़ स्वीकृत है, जिसके अन्तर्गत 12 वृहद पुल तथा 108 छोटे पुलों सहित अन्य यात्री सुविधाओं का प्रावधान किया जा रहा है। रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान अपने निरीक्षण के पश्चात इस विद्युतीकरण के साथ दोहरीकृत रेल खण्ड पर किरिहरापुर से इन्दारा तक लगभग 14.6 किमी रेलखण्ड का अधिकतम गति से स्पीड ट्रायल भी करेंगे।

# सुरक्षित परोसिए, सुरक्षित खाइए कार्यशाला का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** गरम तैयार भोजन प्लास्टिक टिफिन, थमाकोल बॉक्स या अखबार में पैक करना स्वास्थ्य के लिए कतई हितकर साबित नहीं होगा। भले ही आपने अपने घर के रसोई से कितना भी स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन तैयार किया हो अगर उक्त खाद्य पदार्थ को गरमा गरम स्थिति में ही उपरोक्त बॉक्स में पैक कर दिया जाए तो उसे जहरीला होते समय नहीं लगेगा।

उक्त बातें ह्लसुरक्षित खाइए सुरक्षित परोसिएह्ल नामक विषयक कार्यशाला में लोगों को संबोधित करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन चीफ राजेश कुमार दीक्षित ने कहा। नगर के गाजीपुर तिराहा स्थित एक प्लाजा में जिला अभिहित अधिकारी एसके त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में खाद्य कारोबारकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहाकि खाद्य पदार्थों को ढकने, रोटी लपेटने व खाद्य सामग्री रखकर खाने जैसे प्रयोग में अखबारी कागजो का प्रयोग कतई नहीं होना चाहिए। क्योंकि इसमें लीड टाइटेनियम ऑक्साइड पाया जाता है जो कि कैंसर जैसी बीमारी का प्रमुख कारक होता है। कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जस्ते वा अल्मुनियम के बर्तन में दूध कतई नहीं ऊबालना चाहिए। क्योंकि अलमुनियम का अंश इसमें मिल जाता है जो शरीर में मेटाबॉलिक तथा न्यूरो संबंधित बीमारियों को जन्म देता है। वही बार-बार चाय गर्म करने से उक्त चाय में विषैले तत्व उत्पन्न हो जाते हैं। पैक पानी की बोतल को बार-बार प्रयोग में लाना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होना। इस अवसर पर खाद्य पदार्थों के मानव को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों के खाद्य पदार्थ वार सूची देते हुए वनस्पति, खाद्य तेल, समृद्ध खाद्य तेल, आटा, लड्डू, बूंदी, बेसन लड्डू, बर्फी, सास भुना चना, नमकीन, धनिया पाउडर, मसालों इत्यादि में हानिकारक तत्व की जानकारी दी गई। वहीं मिठाई की दुकानों पर मिठाइयों को चमकीला बनाने के लिए प्रयोग किए जाने वाले अल्मुनियम फाइल के विषय में आगाह किया गया कि यह स्वास्थ्य के लिए एक विषाक्त पदार्थ है। इस अवसर पर समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज यादव, बिंदु पांडेय, दिनेश राय, जयहिंद राम, रामानंद, सत्यराम जिला स्टियरिंग कमेटी सदस्य श्रीराम जायसवाल, बृजभूषण गुप्ता, विनोद गुप्ता, आशुतोष सिंह, राजीव कुमार, गुड्डू मद्धेशिया, संजय गुप्ता, बृजेश यादव, सुभाष यादव, मुन्ना प्रसाद वर्मा सहित काफी संख्या में व्यापारी, उद्यमी व उपभोक्ता उपस्थित रहे।

# शत्रुओं का विनाश करती हैं मां कालरात्रि

**आस्था**

### कामाख्या धाम मंदिर में घंटे-घड़ियालों की आवाज से गुंजायमान हुआ वातावरण



कामाख्या धाम मंदिर परिसर में लगा भक्तों का जमावड़ा

**गहमर।** नवरात्र के सातवें दिन श्रद्धालुओं ने आदिशक्ति मां कामाख्या देवी के सातवें स्वरुप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मां को नारियल व चुनरी चढ़ाकर आरती कर धर्म, अर्थ व मोक्ष का मार्ग सहज बनाने व संतान की उन्नति के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने कमल के फूलों से मां का भी पूजन किया। सप्तमी के दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने व्रत किया। ताकि अष्टमी व बुधवार को कन्या पूजन करके अपने नवरात्रों के पूर्ण कर सकें।

कामाख्या धाम मंदिर में मंगलवार की सुबह घंटे-घड़ियालों की आवाज से भक्तिमय वातावरण गुंजायमान रहा। पीठाधीश्वर महंत आकाश राज तिवारी ने कहा कि मां कालरात्रि का स्वरुप विकराल है, लेकिन यह रुप शुभ फल देने वाला है। शत्रुओं का विनाश करने के कारण ही मां का नाम कालरात्रि पड़ा। मां का रुप रंग काला है। उनकी नाक श्वांस से भयंकर अग्नि निकलती है। गले में चमकती माला है और मां का त्रिनेत्र रुपी स्वरुप है। मां की पूजा करने से भूत प्रेत राक्षस दानव आदि भाग जाते हैं। मां दुष्टों का सर्वनाश करती हैं। दस महाविद्याओं में माता काली को प्रथम स्थान प्राप्त है। ये भक्तों पर बहुत जल्दी कृपा करती हैं। चंड-मुंड से युद्ध करते हुए अंबिका को अत्यंत क्रोध के कारण इनका मुखमंडल काला हो गया था, ललाट पर भौंहे टेढ़ी हो गयी, उस क्षण काली का प्रादुर्भाव हुआ। कालरात्रि की पूजा रात्रिकाल में करने से विशेष फल प्राप्त होता है।

### महानिशा पूजा में उमड़े श्रद्धालु

कामाख्या धाम मंदिर परिसर में चैत नवरात्र के सप्तमि तिथि को मां कालरात्रि की महानिशा पूजा के दौरान या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। वैसे यह प्रक्रिया मंगलवार अहले सुबह से ही जारी थी। मगर जैसे ही मध्य रात्रि में विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक परंपरा के अनुसार अम्बा जगदम्बा के पूजनोत्सव का कार्य प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं का जनसैलाब मातारानी की भक्ति में तल्लीन हो उठा। मां के पूजन एवं महाआरती के बाद श्रद्धालुओं का हुजूम ममतामयी मां की एक झलक पाने को बेताब हो उठा।

## झाड़ी में अज्ञात युवती का क्षत-विक्षत शव मिला

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के गड़ही गांव के पास डाउन रेलवे ट्रैक के समीप मंगलवार की सुबह झाड़ी में अज्ञात 30 वर्षीय युवती का क्षत-विक्षत लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शव को देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। काफी देर बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास में जुट गई। समाचार दिये जाने तक युवती का शिनाख्त नहीं हो पाया था। युवती के शरीर पर कई जगह चोट के निशान है तथा दाहिना पैर पूरी तरह से कट गया था। उसके दाहिने हाथ पर अर्ध चंद्र का निशान बना था तथा रंग सावल था। युवती के शरीर पर मात्र एक कपड़ा था। लाश को झाड़ी में मिलने से लोग आशंका जता रहे हैं कि यदि युवती ट्रेन से कटी थी तो झाड़ी में कैसे पहुंच गया। ग्रामीणों में इस बात की भी चर्चा थी कि कहीं युवती की हत्या के बाद दुर्घटना का रूप देने के लिए, लाश को झाड़ी में फेंक दिया गया था। प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर पीएम हाउस भेज दिया गया है। शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बाईपास से शहर तक का सफर हुआ मुश्किल

**परेशानी**

### सीवर लाइन कार्य के चलते शहर में नहीं आ रहे वाहन



बाईपास मार्ग लंका के पास सड़क पर लगा मिट्टी का ढेर

**गाजीपुर।** बाईपास रोड पर सीवर लाइन का कार्य चल रहा है। जिसके चलते रोडवेज बसों सहित अन्य वाहनों को दूसरे रास्ते से निकाला जा रहा है। रात में आने वालों को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। बाईपास से लेकर शहर तक के सफर में सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। रात को साधन न मिलने के कारण लोगों के लिए बाईपास से शहर तक का आना मुश्किल हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा शहर में सीवर लाइन कार्य के चलते भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया है। जिसके चलते परिवहन निगम की बसें महराजगंज बाईपास से ही जंगीपुर होते हुए गोरखपुर निकल रही हैं। ऐसे में यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। गैर जनपद से आने वाली बसें बाईपास से गुजर रही हैं। रात को तमाम यात्री आते हैं। रात में शहर में आने के लिए कोई वाहन नहीं मिलता है। सुनसान स्थान पर उतरने और शहर तक पहुंचने में यात्रियों के अप्रिय घटना का डर सताता रहता है।

> गोरखपुर डिपो की बस ने जंगीपुर मार्ग पर छोड़ दिया। वहां से शहर में आने के लिए कोई वाहन नहीं मिला। चार किलोमीटर पैदल चलकर शहर में पहुंचा।
>
> **मनोज शर्मा, फतेहपुर सिकन्दर**

> शनिवार को रात फरुर्खाबाद से गाजीपुर के लिए आया। काशी डिपो की बस ने महराजगंज बाईपास के पास उतार दिया। रात के 11 बज रहे थे। कोई वाहन नहीं था और न ही पुलिस गश्त कर रही थी।
>
> **अशोक उपाध्याय शेरपुर कलां**

# ओवर लोडिंग से बिजली संकट, आमजन परेशान

**जनसंदेश न्यूज**

**समस्या**

### लोकल फाल्ट व ब्रेकडाउन से सप्लाई रहती है बाधित

**फाल्ट की वजह से बारा उपकेंद्र से जुड़े कुतुबपुर, रोइनी गांव की सप्लाई सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक बाधित रही**

**बारा।** ओवर लोडिंग की वजह से आए दिन किसी न किसी क्षेत्र का तार टूट जाता है, जिससे विद्युत संकट का सामना लोगों को करना पड़ता है। मंगलवार को बारा उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र में 11 केवी लाइन में फाल्ट आ जाने की वजह से एक लाख आबादी के लोगों को पांच घंटे तक बिजली संकट का सामना करना पड़ा।

प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर सप्लाई उपलब्ध कराने के निर्देश विद्युत विभाग के अफसरों को दिया गया है। लेकिन लोकल फाल्ट व ब्रेकडाउन की वजह से आए दिन किसी न किसी क्षेत्र की सप्लाई बाधित रहती है। एक सप्ताह पूर्व आई आंधी में गहमर पूर्वी पंप कैनाल के पास 11 केवी का तार और चार खंभे टूट कर गिरे पड़े हैं, जिसको अब तक ठीक नहीं किया गया। बारा उपकेंद्र के दो फीडरों में एक बंद है। एक ही फीडर से तीन गांव को बिजली आपूर्ति की जा रही है। जिसके कारण लोड बढ़ रहा है। वहीं उपकेंद्र पर लगा पांच एमबीए का ट्रांसफार्मर तेल की कमी से जूझ रहा है। जिसके कारण कभी भी उसके जलने का खतरा बना हुआ है। मंगलवार को रमजान माह का पांचवा और चैत्र नवरात्र का सातवां दिन था। इन अवसरों पर लोगों को बिजली व पानी की अत्याधिक आवश्यकता रहती है। 11 केवी लाइन में फाल्ट होने की वजह से बारा उपकेंद्र से जुड़े कुतुबपुर, रोइनी गांव की सप्लाई सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक बाधित रही, जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। एसएसओ रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि 11 केवी लाइन में फाल्ट के कारण आपूर्ति बाधित थी, जो दोपहर में बहाल हो गई।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, पांच रिहायशी झोपड़ी जल कर खाक

**पीड़ितों का नगदी सहित घर गृहस्थी का सभी सामान आग की चपेट में आने से जलकर राख**

**जनसंदेश न्यूज**

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के राजमल बांध पकवालिया बस्ती में अज्ञात कारणों से लगी आग में पांच रिहायशी झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई। पीड़ितों का नगदी सहित घर गृहस्थी का सभी सामान आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गया। जिससे पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गये।

सेवराई तहसील क्षेत्र के रायसेनपुर गांव के राजमलबाध (पकवलिया)बस्ती के तीन परिवारों के पांच रिहायशी झोपड़ी में लगी भीषण आग में लाखो रुपये नगदी सहित घर गृहस्थी व सभी खाद्य सामग्री जलकर नष्ट हो गया । आग की चपेट में आने से बस्ती के परशुराम चौधरी राजकुमार चौधरी संजय चौधरी कि रिहायशी झोपड़ी में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया वही जेवरात सहित सामान साड़ी और नगदी सब जल कर स्वाहा हो गया। राजमल बांध (पकवलिया) में रिहायशी झोपड़ी बना कर परिवार के लोग रहते थे मंगलवार को दोपहर 2 बजे राजकुमार के रिहायशी झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगी।

इसके बाद बगल की रिहायशी झोपड़ी में आग लग गया और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सब जलकर राख हो गया।

सूचना के बाद भी मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंची । वहीं ग्रामीण हैंड पाइप से बाल्टी में पानी भर की आग बुझाने का काफी प्रयास किया। आशियाना जलता देख पीड़ित परिवारों का रोते-रोते बुरा हाल था । उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद ने बताया कि मामला संज्ञान में है राजस्व कर्मियों को मौके पर भेजकर पीड़ितों के नुकसान का जायजा लेने का निर्देश दिया गया है। शासन द्वारा अनुमन्य सहायता राशि पीड़ितों को उनके खाते में दिलवाया जाएगा।

### अगलगी में नगदी लाखों रुपये जले

अगलगी की घटना से पीड़ित संजय चौधरी का पक्का मकान बनवाने का सपना अधूरा रह गया । पीड़ित ने बताया कि कल ही डेढ़ लाख रुपया बैंक से निकालकर लाया था और काफी पैसे इकट्ठा करके घर बनवाने के लिए रखा था । लेकिन अचानक अज्ञात कारण से लगी आग में सब कुछ जलाकर राख कर दिया । जिससे पक्का घर बनवाने का सपना अधूरा रह गया । आग बुझने के बाद देखा तो घर में रखा नगदी रुपया भी जलकर राख हो गया है। उन्होंने बताया कि कुछ भी नहीं बचा है । शरीर पर कपड़ा है वही वस्त्र केवल बचा है। अब मेरे पास कुछ नहीं रहा मेरी पूरी कमाई आग ने लील गया।

### शॉर्ट सर्किट से तहसील परिसर में लगी आग

**जखनियां।** तहसील परिसर के पीछे मंगलवार को 11000 वोल्टेज के तार टूटकर गिरने से परिसर के बगीचे में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही लोगों ने फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। इधर लोगों ने आग बुझाने के लिए बाल्टी का पानी लेकर दौड़ने लगे घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। दो दिनों से लगातार क्षेत्र में हो रही अगलगी की घटनाओं से लोग परेशान हैं। गर्मी शुरू होते ही आग लगने का सिलसिला जारी है, अगर यही हाल रहा तो गेहूं की फसलों का क्या होगा। क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि तत्काल एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी स्थानीय तहसील परिसर में खड़ी कराई जाए। जिससे क्षेत्र के अगल-बगल में हो रही अगलगी की घटनाओं पर काबू पाया जा सके। जिला मुख्यालय दूर होने की वजह से जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी आती है। तब तक आग में सब कुछ जलकर खत्म हो जाता है और लोग पछताते रह जाते हैं।

## संक्षेप

### भाजपा सरकार किसान और मजदूर विरोधी : डॉ.वीरेन्द्र



**मनिहारी।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गोपाल यादव का मंगलवार को जिले में जगह-जगह स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष गोपाल यादव का जलालाबाद, दुल्लहपुर, सिखड़ी, छपरी, मलिकपुरा,ऊसरगांव, नसीरपुर, गौसपुर बुजुर्गा,खलिसापुर आदि जगहों पर बैंड बाजे और फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि भाजपा अपने राजनैतिक हित के लिए देश को जाति एवं संप्रदायवाद की आग में झोंक रही है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। उन्होंने सपा कार्यकताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करने का आह्वान किया। जंगीपुर विधायक डा.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 45 वर्ष में जितनी बेरोजगारी देश मे नहीं बढ़ी, वह भाजपा सरकार के शासन में कई गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान तथा मजदूरों की विरोधी है। महंगाई दिनों-दिन बढ़ रही है और लोगों के रोजगार खत्म हो रहे हैं।भाजपा अपने राजनैतिक हित के लिए देश को जाति एवं संप्रदायवाद की आग में झोंक रही है. लोकतंत्र की हत्या हो रही है। इस अवसर पर रसड़ा बलिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी महेन्द्र चौहान,डा.एम खालिद, डा.रामबृक्ष यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव,अनिल कन्नौजिया, कमलेश यादव भानू, प्रधान रामाश्रय सिंह चौहान,डा.प्रदीप यादव, रामबचन यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र यादव,योगेश महाराज, सुनील यादव, पीयूष विक्रम यादव, नागेन्द्र यादव,मोती यादव, कैलाश यादव,रामनगीना यादव, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आंधी- तूफान को लेकर बिजली विभाग अलर्ट

**कासिमाबाद।** गर्मी के मौसम में तेज धूप, आंधी तूफान व टूटे हुए विद्युत तार के आगजनी को लेकर बिजली विभाग अलर्ट हो गया है। उन्होंने बिजली की नियमित आपूर्ति में बाधा उत्पन्न को देखते हुए नंबर जारी किया है। एसडीओ संजीव भास्कर ने बताया कि विद्युत वितरण उपखंड तृतीय कार्यालय ने उपभोक्ताओ की समस्याओं को लेकर कासिमाबाद उपखंड अधिकारी के मोबाइल नंबर 9450963547 पर नेटवर्क ना होने पर प्राइवेट मोबाइल नंबर 9653031491 को भी सार्वजनिक किया है। 33 केवी उपकेंद्र के मोबाइल नंबर 9453048022 के स्थान पर 7393977204 हो गया है। उपभोक्ता बिजली से जुड़ी कोई भी दुर्घटना या विशेष समस्या आने पर आकस्मिक स्थिति में समस्याओं से अवगत करा सकते हैं।

### दान, दया, प्रेम मानव के सर्वश्रेष्ठ गुण हैं : सद्‌गुरु

**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बे में स्थित अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम में चैत्र रामनवमी के पावन पर्व पर चल रहे नौ दिवसीय आदिशक्ति अखंड महायज्ञ के सातवें दिन महाधाम पर उमड़े श्रद्धालुओं को उपदेश देते हुए सद्गुरु महाराज ने बताया कि दान दया और प्रेम मानव के सर्वश्रेष्ठ गुण है जिसे विकास से संसार व समाज सुख शांति व आत्मनियता के दो से बंधा एक परिवार जैसा दिखता है नैतिकता ही वह मंत्र है जिससे नित्य जाप से मनुष्य दिव्य आंनद की अनुभूति करता है यही मंत्र है जिसके द्वारा व्यक्ति कर्म श्रम द्वारा अधिकतम जीवन निर्वाह करता है। सद्गुरु महाराज द्वारा सुबह-शाम प्रवचन ध्यान योग रेकी का ज्ञान दिया जा रहा है।

# गुरु के बताए मार्ग पर चलने से मिलती है सफलता : बीईओ

**जनसंदेश न्यूज**



रमवल प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच के छात्र छात्राओं के विदाई समारोह में बीईओ अशोक कुमार गौतम सहित अन्य शिक्षक

**सुहवल।** ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत रमवल स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को कक्षा पांच के छात्र छात्राओं का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने विभिन्न तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने कक्षा पांच उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि आगे भी पूर्ण मेहनत के साथ अपनी पढ़ाई जारी रख एक अच्छे नागरिक के रूप में अपनी पहचान बनाए।

उन्होंने कहा कि छात्र ही देश के भविष्य है। गुरुजनों के बताए रास्ते पर चलते हुए दैनिक जीवन में नित नई ऊंचाइयों को हमेशा छूते रहना है। सफलता एक दिन निश्चित ही कदम चूमेगी। अगली कक्षा में प्रवेश लेने के बाद मेहनत से शिक्षा ग्रहण कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन करें। शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती है।

अशोक गौतम ने कहा कि अध्यापक व छात्रों का संम्बध विद्यालय तक ही सीमित नहीं है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के जरिए हम सभ्य समाज का निर्माण कर सकते है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, जलालुद्दीन खां, शीला सिंह, साजिया खातून, गुलशन खातून , कृष्णानंद, अशोक, आशीष, राजर्षि, खालिद आदि मौजूद रहे।

### एक ही रात चार घरों में चोरी लाखों के आभूषण गायब

**मरदह।** थाना क्षेत्र के डंडापुर गांव में बीते सोमवार की रात्रि में छत के रास्ते चार घरो में चोरों ने धावा बोल दिया। लाखों रुपये के आभूषण एवं नगदी पर हाथ साफ कर दिया। डंडापुर गांव निवासी अध्यापक लक्ष्मीकांत सिंह घर? के छत पर सोए थे। चोर उनके बगल से नीचे सीढ़ी के रास्ते दाखिल होकर कमरे में स्थित गोदरेज आलमारी व बक्सा का ताला तोड़कर 57 हजार नगद समेत साढ़े चार लाख का आभूषण चोरी कर लिया। जबकि कमरों में परिवार के सदस्य सो रहे थे। किसी को चोरो की आहट नही लग सकी। इसी प्रकार गांव के जगरनाथ सिंह, शत्रुधन सिंह,डॉ रमाकांत सिंह के घरों में भी घुसकर चोरो ने कमरो का ताला तोड़कर जमकर खंगाला। लेकिन कीमती सामान नहीं मिला। इस दौरान ग्रामीणों के जागने पर चोर भाग गए। पीड़ितों ने चोरी की घटना को थाना में तहरीर दी है। वहीं एक ही रात्रि में चार घरो में चोरी से गांव में दहशत का माहौल है। थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने कहा कि घटनास्थल का निरीक्षण कर शीघ्र मामले के खुलासा किया जाएगा।

# अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को दिया गया नवदेवी सम्मान

**समारोह**

### स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सम्मान समारोह आयोजित

**गाजीपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नवदेवी सम्मान समारोह जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता में महिलाओं की भागीदारी के लिए 27 महिलाओं को 9 श्रेणी रखा गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह, वेस्ट टू वेल्थ, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में उद्यमी, सफाई मित्र, मास्टर ट्रेनर, नवाचार, सामुदायिक खाद, निकाय की स्थिति में परिवर्तन, सामुदायिक जागरूकता आदि में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार सिंह एवं अधिशासी अधिकारी ने सभी को सम्मानित किया। अधिशासी अधिकारी लालचन्द्र सरोज ने बताया कि शासन द्वारा 07 मार्च से 30 मार्च तक स्वच्छोत्सव अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें निकाय स्तर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के प्रयास को पहचान कर सम्मानित किया गया है। जिसमें नीलम सिंह, श्रुति यादव, प्रियांजली चौधरी, शीला देवी, चिंता देवी, अमृता सिंह, प्रियंका रावत, संजु देवी, सरिता यादव,उषा साहनी, गिरजा प्रजापति, अनीता देवी, रीमा सिंह, सीमा यादव, गीता देवी,निर्मला देवी, विमला देवी, सरवरी बेगम, जैबुन निशा, गुड़िया देवी, मनीषा रावत, माया देवी, संगीता देवी, रेशमा बानो, रेखा रावत, इन्दू देवी, उषा राजभर को यह सम्मान मिला है। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र राव, अखिलेश तिवारी, आशुतोष त्रिपाठी, मनोज कुमार पाण्डेय, सुरेन्द्र प्रताप सिंह आदि अधिकारीगण उपस्थित थे। संचालन पालिका अधिवक्ता जयसूर्य भट्ट ने किया।

# रेल सह-सड़क पुल की लोड टेस्टिंग शुरू



नवनिर्मित रेल सह सड़क पुल का लिनियर वेरियवल डिस्प्लेसमेंट ट्रांसफार्मर के जरिए चल रहा लोड टेस्टिंग का कार्य

**पहल**

### स्पैन व वेयरिंग पर पड़ने वाले भार क्षमता का किया जा रहा आंकलन

**सुहवल।** ट्रेनों के संचालन से पहले गंगा नदी पर स्थित नवनिर्मित रेल सह-सड़क पुल की लोड टेस्टिंग का कार्य शुरू हो गया। इंजीनियरों के देखरेख में सुरक्षा का जायजा लिया गया। स्पैन व वेयरिंग पर पड़ने वाले भार क्षमता का आंकलन किया जा रहा है। विभाग ने नवनिर्मित रेल सह सड़क पुल के सभी स्पैन पर 115.800 मिट्रीक टन लोड देकर चौदह लिनियर वेरियवल डिस्प्लेसमेंट ट्रांसफार्मर स्पैन के जरिए जांच में जुटा है। विभाग का मुख्य उद्देश्य है कि ट्रेनों के परिचालन से पहले रेल सह सडक पुल की सुरक्षा एवं मजबूती को बारिकी से परखा जाए। लोड टेस्टिंग के दौरान पुल से हर किसी के मूवमेंट यहां तक कि पैदल आवागमन भी पूरी तरह से प्रतिबन्धित रहेगा। इस दौरान हरेक स्पैन से लेकर बेयरिंग की भी लोड टेस्टिंग की जा रही है। बतादें, इस टेस्टिंग के सफल होने के बाद नवनिर्मित पुल हर तरह के ट्रेनों के परिचालन के लिए पूरी तरह से तैयार हो जायेगा। बस इंतजार रहेगा तो अधिकारियों के हरी झंडी का।

### चौदह पीलरो पर टिका है गंगा नदी पर बना पुल

मालूम हो कि 1050 मीटर लंम्बे व डबल डेकर रेल सह सड़क पुल रोड कुल चौदह पीलरो पर टिका है। जिसका कुल वजन करीब 16000 टन है। इसमें लगने वाले कुल 13 स्पैन में से दो स्पैन ए वन एवं ए टू जिसकी लंम्बाई करीब 43.5 मीटर व वजन करीब 700 टन है। जबकि शेष अन्य प्रत्येक स्पैन की लंम्बाई 85.5 मीटर उसका वजन करीब 1400 टन है।

> नवनिर्मित रेल सह सड़क पुल के लोड टेस्टिंग का काम चल रहा है,जो अभी कई दिनों तक चलने की उम्मीद है।
>
> **आरबीएनएल के परियोजना निदेशक जीवेश ठाकुर**

# आज नारी अबला नहीं सबला है

**गहमर।** चैत नवरात्र के पावन पर्व पर विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष राजेश उपाध्याय के नेतृत्व में गहमर में आयोजित कन्या पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आज वर्तमान में नारी अबला नहीं सबला है। नारी शक्ति स्वयं जागृत सकती है। नारी का निर्बल नहीं सबल पक्ष देखने को मिलता है। वह सहनशील है, मजबूत है, किसी के दबाव में नहीं है। हर जगह पर नारियां अपना परचम लहरा रही है। अंतरिक्ष से लेकर राजनीति तक सारे क्षेत्रों में अपनी काबिलियत साबित कर रही है। कहा भी गया है- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता... यानी जहां स्त्री का आदर-सम्मान होता है, उनकी अपेक्षाओं की पूर्ति होती है, उस स्थान, समाज, तथा परिवार पर देवतागण प्रसन्न रहते हैं। ठीक इसी प्रकार आज की कर्मठ नारी भी जहां बसती है वहां देवता का वास होता है। नारी सशक्तीकरण के इसी रुप को दुर्गा पूजा के रुप में मनाने की बात कहती हैं। साथ ही वर्तमान में लव जिहाद धर्मांतरण जैसे विषयों पर जागृत रहने और सुरक्षा के संवैधानिक अधिकार को विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर अशोक, राकेश, नमो नारायण, अप्पू लंबरदार, मनीष, चंद, राजेश, अनीता, प्रीति आदि मौजूद रहे।

### बेटियों को बेटे की तरह मिले शिक्षा

**गहमर।** विकास खंड भदौरा के ग्राम सभा सायर में सोमवार को यादव उत्थान समिति की बैठक पूर्व उपमहानिरीक्षक निबंधन ओमप्रकाश यादव के अध्यक्षता में हुई। ओमप्रकाश यादव ने कहा कि समाज के लिए दहेज कोढ़ बन गया है। दहेज के कारण बेटियों को भ्रूण हत्या कराने को मजबूर होना पड़ता है। समाज भ्रूण हत्या कराने के लिए बेटियों को मजबूर न करे। बेटियों को भी बेटे की तरह समुचित शिक्षा देनी चाहिए। ताकि बेटियां बोझ नहीं बने। कहा कि सीएनटी एक्ट के तहत गरीब किसान जमीन खरीद नहीं पाते हैं। वैसे परिवार के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। कहा कि बेटियां शिक्षित होंगी तो समाज में फैली बुराइयां स्वतः खत्म हो जाएगी। समाज के उत्थान के लिए बेटियों को पढ़ाना जरुरी है। बेटियों की शादी तभी करें जब तक वे स्नातक की पढ़ाई पूरी न कर लें। मौके पर अशोक, संतोष, भोला, मदन , अजय, भोला, अनिल, विजय, अजित, राम इकबाल, गुडू आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पूर्व प्रधान रामाशंकर यादव तथा संचालन सुदिष्ट ने किया।

## गोपाल यादव बने सपा जिलाध्यक्ष

**गाजीपुर।** सपा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गोपाल यादव का पार्टी कार्यालय समता भवन पर कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। सदर विधायक जै किशन साहू ने कहा कि गोपाल यादव के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। इनके कुशल नेतृत्व में संगठन को नई धार और गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के इस फैसले से संघर्ष को यह सम्मान मिला है। कार्यकताओं के बीच यह संदेश गया है कि पार्टी के लिए संघर्ष और समर्पण भाव से काम करने वालों का वक्त आने पर पार्टी जरूर सम्मान करेगी।

गोपाल यादव के मनोनयन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्णय की सराहना की। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुर्व सांसद जगदीश कुशवाहा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राजेश कुशवाहा, पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, सुदर्शन यादव, डॉ नन्हकू यादव, पुर्व चेयरमैन रामधारी यादव, सुधीर यादव,तहसीन अहमद, डॉ सीमा यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, गोवर्धन यादव,भानु,मुन्नन, विवेक सिंह शम्मी आदि उपस्थित थे। संचालन जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया।

# चैत्र नवरात्र पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



शोभायात्रा में शामिल भाजपा नेता कुंवर रमेश सिंह पप्पू, मन्नू सिंह, लाल जी गुप्ता व अन्य

**बिरनो।** जंगीपुर नगर क्षेत्र में चैत्र नवरात्र पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाला गया । शोभा यात्रा में नगर पंचायत के प्रतिष्ठित व्यापारी और श्रद्धालू गाजे बाजे के साथ झूमते नजर आए। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल चौराहों और नगर के बाजार में तैनात रही। श्रीराम शोभायात्रा प्राइमरी पाठशाला जंगीपुर से होकर पूरे नगर पंचायत में चलते हुए माता काली मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में रामदरबार की झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र था। रामजी की निकली सवारी, राम जी की लीला है न्यारी गीत के साथ शहर में निकाली गई राम दरबार की झांकी को देखने के लिए भक्तगण उमड़ पड़े। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा में धार्मिक संगठन से जुड़े लोगों के अलावा राजनैतिक दलों से जुड़े लोग शामिल थे। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। वहीं मंदिर परिसर को इलेक्ट्रिक डेकोरेशन व फूलों से सजाया गया था। नगर के अन्य मंदिरों में भी विविध आयोजन किए गए। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा जंगीपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कुंवर रमेश सिंह पप्पू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिमन्यु सिंह उर्फ मन्नू, हिन्दू युवा वाहिनी अमित सिंह, निवर्तमान चेयरमैन प्रतिनिधि लाल जी गुप्ता, सरदार सिंह, गोवर्धन बिंद ,कमला यादव, जितेंद्र शर्मा, गुरुदयाल वर्मा, संजय कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र वर्मा, आशीष कुमार जायसवाल, राजेश कश्यप, आरव, बृजेश वर्मा, अजय प्रताप गुप्ता, मुकेश, अभिषेक समेत सभी नगर पंचायत के राजनीतिज्ञ और समाजसेवी मौजूद रहे।

### भगवाध्वज के साथ दिखा युवाओं का उत्साह

भगवाध्वज के साथ दिखा युवाओं का उत्साहशोभा यात्रा के दौरान भगवाध्वज लहराते हुए युवाओं की टोली में उत्साह देखा गया। चैत्र नवरात्र उत्सव पर निकाली गई झांकी में रामजी के लीलाओं का अलग-अलग दृष्टांत प्रस्तुत किया गया। नगर भ्रमण के दौरान शोभा यात्रा में शामिल लोग भजन कीर्तन करते देखे गए।

## जनसंपादकीय

# महंगाई के बोझ तले दबता आम आदमी

राजेश माहेश्वरी



महंगाई से आम आदमी परेशान है। बढ़ती महंगाई के कारण मध्यम वर्ग के व्यक्ति को अपने आप को एक स्थान पर बनाए रखने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ रहा है। देशभर में नवरात्रि के चलते फलों और सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से फलों से लेकर सब्जियों के दामों में 20 से लेकर 30 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। चिंता की बात यह है कि महंगाई के प्रकोप के लंबे समय से चले आ रहे हालातों में सुधार होने की जगह परिस्थितियां दिन-प्रतिदिन विकट होती जा रही हैं। कोरोना काल के बाद देश में आर्थिक मंदी व सभी क्षेत्रों में बढ़ती महंगाई ने आम जनता के सामने 'वह जीवनयापन कैसे करें'की एक बहुत बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने पिछले दिनों दावा किया था कि महंगाई का दौर बहुत पीछे छूट गया है। हम महंगाई के प्रभावों से अब देश की अर्थव्यवस्था उबर रही है। गवर्नर ने यह दावा तब किया, जब आकलन किए जा रहे हैं कि वित्त-वर्ष 2023-24 के दौरान खुदरा महंगाई दर 6.8 फीसदी, थोक की दर 11.5 फीसदी और फूड की महंगाई दर 7 फीसदी से अधिक होने के अनुमान हैं। संभावित महंगाई की दर उस लक्ष्मण-रेखा के पार लगती है, जो भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने तय कर रखी है। यह लक्ष्मण-रेखा 6 फीसदी की है। अर्थात महंगाई की दर इससे ज्यादा नहीं होनी चाहिए, लेकिन रिकॉर्ड स्पष्ट बयां कर रहे हैं कि बीते 15 माह के दौरान महंगाई ने कमोबेश 10 बार से ज्याद लक्ष्मण-रेखा को लांघा है।

मोटे तौर पर बात करें तो बाजार में महंगाई का घटना और बढ़ना वस्तुओं की मांग एवं आपूर्ति पर निर्भर करता है। वस्तुओं की मांग व्यक्ति की खरीदने की क्षमता पर निर्भर करता है। अगर व्यक्ति के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वह ज्यादा चीजें खरीदेगा, ज्यादा चीजें खरीदेगा तो वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और उत्पाद की आपूर्ति कम होने के कारण उसकी कीमत बढ़ जाएगी। और इस तरह से बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। मौजूदा दौर में बाजार आंशिक तौर पर मांग और आपूर्ति के संतुलन को स्थापित नहीं कर पा रहा है जिससे महंगाई बढ़ रही है। लेकिन महंगाई के बेकाबू होने की सबसे बड़ी वजह पेट्रोल, डीजल और एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी की कीमतों में भारी वृद्धि है। और इसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ी वजह है। हालांकि, सरकार अपने स्तर पर महंगाई दर को रोकने का प्रयास कर रही है, लेकिन वो प्रयास जमीन पर असरदार साबित होते दिखते नहीं हैं।

फरवरी, 2023 में भी खाद्य महंगाई दर करीब 5.95 फीसदी थी और खुदरा दर 6.44 फीसदी रही। शायद आम आदमी इन प्रतिशतों को नहीं जानता होगा, लिहाजा मोटे तौर पर स्पष्ट कर दें कि महंगाई अब भी मौजूद है। बल्कि तय लक्ष्मण-रेखा के बाहर ही है, लिहाजा 'चरम' पर है। बेशक केंद्रीय मंत्री और सत्ता-पक्ष के प्रवक्ता अब भी कोरोना महामारी के दुष्प्रभावों और रूस-यूक्रेन युद्ध की आड़ में छिप कर दलीलें देते रहे हैं, लेकिन 'महंगाई भरे दिन बीते न भैया३' की तर्ज पर एक पुराना गीत लोगों के लबों पर है।

एशिया-प्रशांत के लिए त्रैमासिक आर्थिक जानकारी को अद्यतन करते हुए एसएंडपी ने कहा कि मुद्रास्फीति दर चालू वित्त की 6.8 प्रतिशत से नरम होकर 2023-24 में पांच प्रतिशत पर होगी। वहीं, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष (2022-23) में सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगा लेकिन 2023-24 में यह कम होकर छह प्रतिशत पर आ जाएगा। इसमें कहा गया, "2024-2026 में भारत की औसत वृद्धि दर सात प्रतिशत होगी।" इसके बाद, 2024-25 और 2025-26 में जीडीपी के 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, 2026-27 के लिए यह 7.1 प्रतिशत होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा, "भारत में अर्थव्यवस्था को परंपरागत रूप से घरेलू मांग प्रभावित करती रही है। हालांकि बाद में यह वैश्विक चक्र के प्रति अधिक संवेदनशील हो गई, जिसकी एक वजह जिसों के निर्यात में वृद्धि है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि जीवन जीने के लिए बेहद जरूरी दैनिक उपभोग की वस्तुओं व पेट भरने वाली रसोई के बढ़ते बजट ने आम व खास सभी वर्ग के लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है, प्रत्येक व्यक्ति का घरेलू खर्चे का बजट पूरी तरह से गड़बड़ा गया है, लोग भविष्य में स्थित को नियंत्रित करने के लिए अब अपनी आय के स्रोत बढ़ाने के लिए चिंतित नजर आने लगे हैं, लेकिन उनको सरकार के सहयोग के बिना इस गंभीर समस्या का कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है। प्रतिदिन के कुछ उदाहरणों से स्पष्ट हो जाएगा कि महंगाई कितने छद्म तरीके से हमें प्रभावित कर रही है। बिस्कुट का 5 रुपए वाले पैकेट का वजन 80 ग्राम होता था, जिसे घटाकर 52 ग्राम कर दिया गया है। चाय की पत्ती का जो 250 ग्राम वाला पैकेट 60 रुपए में मिलता था, उसे घटा कर 200 ग्राम कर दिया गया है। नमकीन का 10 रुपए वाला पैकेट 60 ग्राम से घटा कर 42 ग्राम कर दिया गया है। बेशक ये छोटे-छोटे खर्च हैं, जो आम आदमी को उतने नहीं चुभते होंगे, लेकिन आटा, चावल, दाल, चीनी, सरसों का तेल, मसाला, मांस-मछली, अंडा, दुग्ध उत्पाद, अनाज और सबसे अधिक रसोई गैस का सिलेंडर आदि लगातार महंगे होते रहे हैं, नतीजतन औसत घर का बजट भी डांवाडोल हुआ होगा!

राजधानी दिल्ली में गैस का सिलेंडर 1103 रुपए का बिक रहा है। यह स्थिति तब है, जब अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के बाजार में दाम 72 डॉलर प्रति बैरल है। यह कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल से लुढ़क कर आई है, लेकिन आम आदमी के लिए पेट्रोल और डीजल के खुदरा दाम यथावत हैं। बीते 10 माह से दाम न तो बढ़े और न ही कम किए गए हैं। सवाल है कि जब कच्चा तेल लगातार सस्ता हो रहा है, तो उसका फायदा आम उपभोक्ता को क्यों नहीं दिया जा रहा है? विकास के साथ महंगाई का पुराना रिश्ता है, जहां तरक्की होगी वहां महंगाई होनी स्वाभाविक है, लेकिन सरकार का दायित्व है कि दैनिक प्रयोग में आने वाली वस्तुओं पर बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाए। जिससे कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अपना जीवन यापन ठीक प्रकार से कर सकें। आमजन को सुविधा हो।

विशेषज्ञ आशंकाएं जताने लगे हैं कि महंगाई ही नहीं, शीघ्र ही मंदी की मार भी हमें झेलने को तैयार रहना चाहिए! क्या सरकार यह सब कुछ देख-सुन रही है? गरीब वर्ग को सस्ते दाम पर सरकारी राशन दिया जा रहा है। खराब मौसम व अन्य विभिन्न प्रकार के कारकों के चलते फल-सब्जियों के दाम आसमान को छू रहे हैं, अपना घरेलू बजट ठीक रखने के चक्कर में फल, दाल व सब्जियां लोगों की थाली से तेजी से गायब होती जा रही हैं। महंगाई के चलते अब गरीब तबके की तो बात ही छोड़ दो, एक आम ठीक-ठाक मध्यमवर्गीय परिवार के सामने भी अपने घर को चलाना बेहद कठिन कार्य होता जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में एक साल का समय शेष है। अगर भाजपा और उसके सहयोगियों को फिर से सत्ता हासिल करनी है, तो महंगाई पर अंकुश लगाना होगा, अन्यथा नतीजे भाजपा की आशाओं के विपरीत भी जा सकते हैं। सरकार को कमरतोड़ महंगाई की इस गंभीर समस्या के निदान के लिए अब जल्द से जल्द धरातल पर नजर आने वाले ठोस प्रयास करने चाहिए, क्योंकि अब देश में वह समय आ गया है जब 'अच्छे दिन आने वालें हैं' का सपना देख रही आम जनता महंगाई से बेहद त्रस्त है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

(95 वें एकेडमी अवार्ड समारोह में इस बार दो भारतीय फिल्मों को बेस्ट शार्ट डाक्यूमेंट्री और बेस्ट ओरिजनल सांग कैटेगरी में आस्कर अवार्ड मिलने के बाद एक पुरानी बहस फिर से ताजा हो गईं हैं कि अब तक किसी भारतीय फीचर फिल्म को आस्कर अवार्ड क्यों नहीं मिला और अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भारतीय फिल्मों की उपस्थिति नगण्य क्यों है।. अमेरिकी ब्राडकास्टिंग कंपनी एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंस पिछले 90 सालों से हर साल आस्कर अवार्ड देती आ रही है। 1957 में जब विदेशी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का आस्कर अवार्ड शुरू किया गया, तब से हर साल भारतीय फिल्में प्रतियोगिता में भाग लेती रही है। दुनिया भर से आई सैकड़ों फिल्मों में से अंतिम दौर में केवल पांच फिल्में पहुंचती है जिन्हें फाइनल अवार्ड के लिए नामांकित किया जाता है। दुर्भाग्य से पिछले साठ सालों में केवल तीन भारतीय फिल्में ही अंतिम दौर तक पहुंच पाई - महबूब खान की मदर इंडिया-1958, मीरा नायर की सलाम बांबे -1989 और आशुतोष गोवारिकर- आमिर खान की लगान-2002)

# भारतीय फिल्मों को क्यों नहीं मिलता आस्कर ?

फिल्म

अजित राय



भारत के लिए आस्कर अवार्ड हमेशा से एक सपना रहा है जो सच्चे अर्थों में इस साल पूरा हुआ है जिसके कारण समूचे भारतीय फिल्म उद्योग में खुशी का माहौल है। 95 वें एकेडमी अवार्ड समारोह में इसी 12 मार्च की रात लास एंजिल्स के डोल्बी थियेटर में जब कार्तिकी गोंजाल्विस और प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा की फिल्म ' एलिफैंट ह्वीस्पर्स ' को शार्ट डाक्यूमेंट्री श्रेणी में और एस एस राजामौली की तेलुगू फिल्म ' आर आर आर ' के गीत ' नाटू नाटू ' ( नाचो नाचो) को बेस्ट ओरिजनल गीत की श्रेणी में आस्कर अवार्ड प्रदान किया गया तो भारत में खुशी की लहर दौड़ गई। चंद्रबोस लिखित और एम एम किरवानी द्वारा संगीतबद्ध इस गीत को कुछ ही दिनों पहले प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है। हालांकि दिल्ली के युवा फिल्मकार सौनक सेन की चर्चित फिल्म ' आल दैट ब्रीद ' को बेस्ट डाक्यूमेंट्री श्रेणी में अंतिम दौर की पांच में नामांकित किया गया था जो अपने आप में बड़ी बात थी। पर इस फिल्म को अवार्ड नहीं मिला।

यह भी कम दिलचस्प नहीं है कि' कश्मीर फाइल्स' जैसी कई भारतीय फिल्मों के बारे में उनके निमार्ताओं- निर्देशकों ने झूठी खबरें प्रचारित की कि उनकी फिल्में आस्कर अवार्ड के लिए शार्टलिस्ट हो गई है। चूंकि भारतीय मीडिया में सिनेमा के अंतरराष्ट्रीय समारोहों को लेकर भयानक अज्ञानता और लापरवाही का माहौल है इसलिए अनुपम खेर और विवेक अग्निहोत्री जैसे लोगों की प्रेस कॉन्फ्रेंस की खबरें हिंदी और भाषाई ही नहीं, अंग्रेजी मीडिया में भी प्रमुखता से छपी। जबकि यह सच नहीं था। यह बात वैसे ही हैं कि कोई भारतीय नागरिक पद्म अवार्ड के लिए आवेदन करे और उसका आवेदन स्वीकृत हो जाए तो वह कहने लगे कि उसका नाम शार्टलिस्ट हो गया है। सच यह है कि आस्कर अवार्ड के अंतिम दौर में हर श्रेणी में प्रायः पांच फिल्मों को शार्टलिस्ट किया जाता है जिन्हें अंतिम मुकाबले के लिए नामांकित किया जाता है। दूसरे, विदेशी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म की श्रेणी में हर देश अपने यहां से एक फिल्म को शार्टलिस्ट करके आस्कर अवार्ड के लिए भेजता है। अब इस श्रेणी को बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म कैटेगरी कहा जाता है। इस बार इसी श्रेणी में पेरिस में बसे भारतीय फिल्मकार पैन नलिन की गुजराती फिल्म 'छेल्लो शो ' को भारत से भेजा गया था ?। अभी भी भारत को इसी श्रेणी में आस्कर अवार्ड का इंतजार है। इससे पहले हालांकि भारत में बनी डैनी बायल की फिल्म ' स्लमडॉग मिलेनियर ' और रिचर्ड एटनबरो की ' ' गांधी ' को कई आस्कर अवार्ड मिल चुके हैं , पर ये दोनों फिल्में तकनीकी रूप से ब्रिटिश फिल्में थी। यह बात अलग है कि इन्ही फिल्मों के कारण भानु अथैया , रसूल पोकुट्टी, ए आर रहमान और गुलजार को आस्कर अवार्ड मिल सका था।

बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म कैटेगरी में इस बार जिन पांच फिल्मों को शार्टलिस्ट करके नामांकित किया गया था, वे थीं- बेल्जियम के लूकास धोंट की' क्लोज ', पोलैंड के जेर्जी स्कोलीमोवस्की की ' ईओ ' , आयरलैंड के कोम बेयरिड की ' द क्वाएट गर्ल ' , जर्मनी के एडवर्ड बर्गर की ' आल क्वाएट आन द वेस्टर्न फ्रंट' और अर्जेंटीना के सेंटियागो मित्रे की ' अर्जेंटीना 1985।' आस्कर अवार्ड मिला जर्मन फिल्म ' आल क्वाएट आन दि वेस्टर्न फ्रंट ' को जो एक युद्ध विरोधी फिल्म है।

जर्मनी के एडवर्ड बर्गर की ' आल क्वाएट आन द वेस्टर्न फ्रंट' प्रथम विश्व युद्ध में एक जर्मन सैनिक की सच्ची आत्म स्वीकृतियां है। यह फिल्म इसी नाम से 1929 में प्रकाशित एरिक मारिया रेमार्क के विश्वप्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित है जिसे हिटलर के समय में प्रतिबंधित कर दिया गया था और नाजी फौज ने चौराहों पर इसकी होली जलाई थी। फिल्म का नायक पाउल प्रथम विश्व युद्ध के खत्म होने के बाद युद्ध में जर्मन सैनिकों की दिशाहीनता का वर्णन करता है। दिल दहलाने वाली कहानी और वृत्तांत में युद्ध की निरर्थकता पर काफी प्रकाश डाला गया है।

95 वें एकेडमी अवार्ड समारोह में इस बार दो भारतीय फिल्मों को बेस्ट शार्ट डाक्यूमेंट्री और बेस्ट ओरिजनल सांग कैटेगरी में आस्कर अवार्ड मिलने के बाद एक पुरानी बहस फिर से ताजा हो गईं हैं कि अब तक किसी भारतीय फीचर फिल्म को आस्कर अवार्ड क्यों नहीं मिला और अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भारतीय फिल्मों की उपस्थिति नगण्य क्यों है।. अमेरिकी ब्राडकास्टिंग कंपनी एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंस पिछले 90 सालों से हर साल आस्कर अवार्ड देती आ रही है। 1957 में जब विदेशी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का आस्कर अवार्ड शुरू किया गया, तब से हर साल भारतीय फिल्में प्रतियोगिता में भाग लेती रही है। दुनिया भर से आई सैकड़ों फिल्मों में से अंतिम दौर में केवल पांच फिल्में पहुंचती है जिन्हें फाइनल अवार्ड के लिए नामांकित किया जाता है। दुर्भाग्य से पिछले साठ सालों में केवल तीन भारतीय फिल्में ही अंतिम दौर तक पहुंच पाई - महबूब खान की ₹ मदर इंडिया ₹ (1958), मीरा नायर की ₹ सलाम बांबे ' ( 1989) और आशुतोष गोवारिकर- आमिर खान की ₹ लगान (2002)।₹ मदर इंडिया के बारे में तो कहा जाता है कि केवल एक वोट से यह फिल्म इटली के मशहूर फिल्मकार फेदेरिको फेलिनी की ₹ नाइट्स आफ कैबीरिया ₹ से पिछड़ गई। यह भी कहा जाता है कि मदर इंडिया के टिपीकल भारतीय जीवन मूल्यों और मां द्वारा अपने ही बेटे को गोली मारने की बात अमेरिकी दर्शकों को समझ नहीं आई। सलाम बांबे को डेनमार्क के विले अगस्त की ₹ पेले द कंक्वेरर₹ ने शिकस्त दी जबकि इसमें गरीबी और सेक्स का अच्छा खासा कंटेंट था जो आस्कर के वोटरों को लुभाने के लिए काफी था। लगान को सर्बिया के डेनिस तैनोविक्क की ₹ नो मैन्स लैंड ₹ ने पछाड़ दिया।

जिन भारतीयों को आस्कर अवार्ड मिले भी हैं तो इसलिए कि उन्होंने विदेशी फिल्मकारों के साथ काम किया है। रिचर्ड एटनबरो की फिल्म गांधी में बेस्ट कास्ट्यूम डिजाइन के लिए भानु अथैया को 1983 में और डैनी बॉयल की फिल्म ₹ स्लम डाग मिलिनेयर ₹ में बेस्ट साउंड के लिए ए आर रहमान, बेस्ट सांग के लिए गुलजार और बेस्ट साउंड मिक्सिंग के लिए रसूल पोकुट्टी को जरूर आस्कर अवार्ड से नवाजा गया है। भारत और आस्कर अवार्ड का किस्सा यहीं खत्म हो जाता है।

हिंदी फिल्मों के लिए भी एकेडमी अवार्ड्स के दरवाजे खुल सकते हैं बशर्ते सही और श्रेष्ठ फिल्मों को भेजा जाए और अमरीका में उनके प्रचार प्रसार के लिए सरकार प्रर्याप्त धन उपलब्ध कराए। भारत में फिल्म निमार्ताओं की संस्था फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया अलग से एक चयन समिति बनाकर आस्कर अवार्ड में भेजने के लिए फिल्म का चुनाव करती है जो कई बार आत्मघाती होता है और हमारी फिल्में पहले दौर में ही प्रतियोगिता से बाहर हो जाती है। 1974 में तो एम एस सत्थ्यू की फिल्म ₹ गरम हवा ₹ ग्यारह महीने तक सेंसर बोर्ड में अटकी रही। जब पेरिस में इसका प्रीमियर हुआ तो वहीं से कान फिल्म समारोह में चुन ली गई और फिर आस्कर अवार्ड के लिए चली गई। जब एकेडमी से सत्थ्यू साहब को आमंत्रण आया तो उनके पास खुद अमरीका जाने के पैसे नहीं थे तो फिल्म का प्रोमोशन क्या करते। अधिकतर भारतीय फिल्मकारों की यही कहानी है कि जितने पैसे में वे फिल्म बनाते हैं उससे दोगुना पैसा आस्कर अवार्ड के लिए अमरीका में उनकी फिल्मों के प्रोमोशन के लिए चाहिए जो उनके पास नहीं होते। इसकी वजह यह है कि आस्कर अवार्ड की कोई जूरी नहीं होती। सिनेमा से जुड़े करीब सात हजार लोगों के वोट से आस्कर पुरस्कारों का फैसला होता है।उन सात हजार लोगों में से जितने लोगों को आप अपनी फिल्म दिखाने में सफल होते हैं उतनी ही संभावना अवार्ड की बढ़ जाती है। इसके लिए बड़ी बड़ी नाइट पार्टियां स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित करनी पड़ती है जिसका भारी खर्चा आता है।

विदेशी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म की श्रेणी में दुनिया भर से आई जो फिल्में अंतिम दौर में पहुंचती है और नामांकन हासिल करती है , वे आमतौर पर वे फिल्में हैं जो कान, बर्लिन और वेनिस जैसे दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में धूम मचा चुकी होती है। इसलिए अमरीका में इन फिल्मों के प्रोमोशन की कोई खास जरूरत नहीं होती क्योंकि अधिकतर वोटर इन फिल्म समारोहों में इन फिल्मों को पहले से ही देख चुके होते हैं। इन अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भारतीय फिल्मों की कोई खास उपस्थिति दर्ज नहीं होती इसलिए इनके प्रोमोशन की जरूरत होती है। उदाहरण के लिए 2018 में मैक्सिको की फिल्म ₹रोमा₹ वेनिस फिल्म समारोह में और जापान की फिल्म ₹शाप लिफ्टर ₹ कान फिल्म समारोह में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार पा





चुकी थी, इसलिए उनके निमार्ता आश्वस्त थे कि उन्हें अंतिम दौर में नामांकन हासिल हो जाएगा और ऐसा हुआ भी। दक्षिण कोरिया के बोंग जून हो की फिल्म ₹पारा साइट₹ को भी 2019 के कान फिल्म समारोह में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार मिल चुका था। आस्ट्रिया के माइकल हेनेके की ₹ आमोर₹ को भी पहले कान फिल्म समारोह में बेस्ट फिल्म का पाम डि ओर मिला और बाद में इस फिल्म ने आस्कर अवार्ड भी जीता। सिनेमा के इतिहास में ऐसे उदाहरण भरे पड़े हैं कि जिन फिल्मों ने कान, बर्लिन और वेनिस फिल्म समारोहों में बेस्ट फिल्म का अवार्ड जीतकर धूम मचाया, अगले साल उन फिल्मों ने आस्कर अवार्ड भी जीता। इसलिए भारत के लिए यह जरूरी है कि यहां की फिल्में बड़े पैमाने पर इन अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में शिरकत करें।

भारत जैसे देशों के लिए जो न तो ओलंपिक में कुछ कमाल कर पाते हैं और न ही यहां से किसी को नोबेल पुरस्कार ही मिल पाता है, आस्कर अवार्ड जीतना विश्व मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने का सहज माध्यम बन सकता है। पिछले सालों में जार्डन ( थीब) कोलंबिया ( ऐंब्रेंसआफ द सरपेंट) , ईरान ( अ सेपरेशन) जैसे देशों ने ऐसा कर दिखाया। अपने देश की संस्कृति को वैश्विक दर्शकों तक ले जाने का यह सबसे सशक्त माध्यम है जिससे दुनिया भर में देश गौरवान्वित होता है। यह शर्मनाक है कि हर साल करीब दो हजार फिल्में बनाने वाला भारत आज तक एक भी आस्कर अवार्ड नहीं जीत पाया। चीन की स्थिति तो हमसे भी ज्यादा खराब है जहां से केवल दो फिल्में ही आस्कर अवार्ड के अंतिम दौर में पहुंच पाई हैं जबकि जापान (12), इजरायल (10), मैक्सिको , ताईवान और हांगकांग से आठ- आठ फिल्में अंतिम दौर तक पहुंच कर नामांकन हासिल कर चुकी हैं।

**( लेखक फिल्म पत्रकारिता में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क 98185 58871)**

# उत्पलदत्त कहते थे, मैं तटस्थ नहीं, पक्षधर हूँ

जन्मदिवस पर

जाहिद खान



हिंदी पट्टी की बहुधा आबादी उत्पल दत्त को एक हास्य कलाकार के तौर पर जानती है। उन्होंने 'गोलमाल', 'चुपके चुपके', 'रंग बिरंगी', 'शौकीन' और 'अंगूर' जैसी फिल्मों में जबर्दस्त कॉमेडी की। एक इंकलाबी रंगकर्मी के तौर पर वे उनसे शायद ही वाकि फ हों। जबकि एक दौर था, जब उत्पल दत्त ने अपने क्रांतिकारी रंगकर्म से सरकारों तक को हिला दिया था। अपनी क्रांतिकारी सरगर्मियों की वजह से वे आजाद़ हिंदुस्तान में दो बार जेल़ भी गए। एक दौर था,जब वे देश की सबसे बड़ी थिएटर हस्तियों में से एक थे। आजादी के बाद उत्पल दत्त, भारतीय रंगमंच के अग्रदूतों में से एक थे। उन्होंने नाटककार, अभिनेता, थिएटर निर्देशक और थिएटर एक्टिविस्ट की भूमिका एक साथ निभाई। उत्पल दत्त ने प्रोसेनियम थिएटर, नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक लोक नाटक और सिनेमा यानी प्रदर्शनकारी कलाओं के सभी माध्यमों में काम किया। अवाम पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ा। उनके लिखे और निर्देशित कई बांग्ला नाटकों ने हंगामा किया। खास तौर पर नाटक 'अंगार', 'कल्लोल' और 'बैरिकेड' काफी चर्चा में रहे। कहने को उनका नाटक 'बैरिकेड' जर्मनी के नाजी अधिग्रहण की कहानी कहता है, लेकिन अप्रत्यक्ष तौर पर यह उन घटनाओं की ओर इशारा करता है, जो देश को इमरजेंसी की तरफ ले गईं। जाहिर है कि इस नाटक ने अपने दौर में काफी हलचल मचाई। उत्पल दत्त ने बंगाल के लोक नृत्य 'जात्रा' में भी अपनी हिस्सेदारी की और इस लोक कला मंच के जरिए राज्य के गाँव-गाँव एवं शहर-शहर तक पहुंचे। उनका पहला जात्रा 'राइफल' था, जिसका लेखन और निर्देशन उन्होंने ही किया था। साल 1968 से 1972 के दरमियान उत्पल दत्त ने 17 जात्रा नाटक का लेखन और निर्देशन किया। आगे चलकर ग्रामीण और अर्धशहरी दर्शकों को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने 'विवेक जात्रा समाज' संगठन का भी गठन किया। इसके जरिए जात्रा प्रस्तुतियां दीं।

उत्पल दत्त ने अपने रंगमंच करियर का आगाज विलियम शेक्सपियर के ड्रामों से की। 'ओथेलो' में अदाकारी के साथ-साथ उन्होंने शेक्सपियर के एक और नाटक 'रिचर्ड तृतीय' में राजा का किरदार किया। इस रोल की उनकी दमदार अदाकारी को देखकर, जेनिफिर केंडेल के वालिदैन केंडेल दम्पत्ति जिऑफ्रे केंडल और लौरा केंडल ने उन्हें अपने चलते-फिरते थियेटर ग्रुप 'शेक्सपियराना थियेटर कंपनी' में शामिल होने का ऑफर दिया। जाहिर है कि उत्पल दत्त की जैसे मुंहमांगी मुराद पूरी हो गई। उन्होंने साल 1947 से लेकर 1949 और फिर बाद में 1953-54 के दौरान भारत और पाकिस्तान के मुख़्तलिफ शहरों में इस थियेटर कंपनी के मार्फत़ शेक्सपियर के नाटकों को लोगों तक पहुंचाया। केंडेल दम्पत्ति के भारत से जाने के बाद, उत्पल दत्त ने खुद़ का एक नाट्य ग्रुप 'लिटल थियेटर ग्रुप' बना लिया। इस ग्रुप के जरिए उन्होंने न सिर्फ. शेक्सपियर के ड्रामे किये, बल्कि इब्सन, बर्नाड शॉ, टैगोर और गोर्की के नाटकों की अंग्रेजी प्रस्तुतियां कीं। साठ के दशक में उत्पल दत्त का झुकाव बांग्ला साहित्य की ओर हुआ। उन्होंने बांग्ला की मूल और अनूदित कृतियों के मंचन की शुरूआत की। यहां भी वे कामयाब रहे।


उत्पल दत्त को अभिनय के साथ-साथ पढ़ने का भी शौक था। वे बेहद पढ़ाकू थे। इक्कीस साल की उम्र होने तक उन्होंने मार्क्स, दिदेरो, रूसो, हीगल, कांट, लेनिन, पुश्किन, दास्तोएव्स्की, ट्राट्स्की और बुखारिन आदि को पढ़ लिया था। उनकी मार्क्सवादी समझ सतही नहीं थी। अध्ययन के अलावा उन्हें जमीनी तजुर्बा भी था। जो उनके विचारों में झलकता था। उत्पल दत्त एक सच्चे मार्क्सवादी थे और उन्होंने अपनी राजनीतिक विचारधारा और प्रतिबद्धता को कभी नहीं छिपाया। उनका इस बारे में साफ कहना था, "मैं तटस्थ नहीं, पक्षधर हूं। और मैं राजनीतिक संघर्ष में विश्वास करता हूं। जिस दिन मैं राजनीतिक संघर्ष में हिस्सा लेना बंद कर दूंगा, मैं एक कलाकार के रूप में भी मर जाऊंगा।" ('पॉलिटिकल थिएटर'-उत्पल दत्त)

साल 1950-51 के दौरान उत्पल दत्त 'इंडियन पीपुल्स थियेटर एसोसिएशन' यानी इप्टा से जुड़े। उस वक़्त वे अंग्रेजी जबान के नाटकों में पूरी तरह से डूबे हुए थे। शेक्सपियर और बर्नाड शॉ के नाटकों को करते-करते उनके मन में एकरसता का भाव पैदा हुआ। जो उन्हें इप्टा की ओर ले गया। निरंजन सेन, जो उस वक़्त इप्टा के महासचिव थे, ने उत्पल दत्त से इप्टा में शामिल होने का कहा। जिसे उन्होंने खुशी-खुशी मंजूर कर लिया। इप्टा से जुड़ने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि "आम अवाम ही अकेली ताकत है, जो नाट्यकर्म में जीवन का स्पंदन पैदा कर सकती है।" ('पॉलिटिकल थिएटर'-उत्पल दत्त) यह वह दौर था, जब कोलकाता में इप्टा का सेंट्रल स्क्वॉड काम कर रहा था। जिसमें नुक्कड़ नाटक के जन्मदाता पानू पॉल, ऋत्विक घटक, मृणाल सेन, काली बनर्जी, संगीतकार हेमंग विश्वास, सलिल चौधरी, निर्मल घोष, बिजन भट्टाचार्य जैसे दिग्गज शामिल थे।

पानू पॉल के साथ उत्पल दत्त ने कई नुक्कड़ नाटक किए। उनका पहला नाटक 'चार्जशीट' (साल 1951) था। यह नाटक उन कम्युनिस्ट नेताओं के ऊपर था, जो उस समय बिना मुकदमे के जेलों में बंद थे। यह नाटक बंगाल भर में मजदूरों और कामगारों के बीच खेला गया। 'चार्जशीट' का विषय और कलाकारों की अदाकारी इतनी प्रभावशाली थी कि नाटक खत्म होने के बाद जनता कम्युनिस्ट लीडरों की रिहाई के जोरदार नारे लगाती थी। इस नाटक की कामयाबी के बाद उत्पल दत्त ने दो दर्जन से ज्यादा नुक्कड़ नाटक लिखे और खेले। जिन्हें जनता ने खूब पसंद किया। उत्पल दत्त ने नदी-नाविक मजदूरों, महेशटोला के दर्जियों और उत्तरपाड़ा के आटोमोबाइल मजदूरों के बीच नुक्कड़ नाटक खेले। पानू पॉल के साथ उन्होंने जो दूसरा नुक्कड़ नाटक किया, वह भी राजनीतिक था। महेशटोला के दर्जियों के बीच उन्होंने इस नाटक के कई प्रदर्शन किए। उत्पल दत्त ने बाद में यह तस्लीम किया, "महेशतल्ला के उस दौर ने मुझे पूरी तरह से बदल दिया। मैं एक सबसे कटे हुए, एकाकी बुद्धिजीवी से एक व्यक्ति में, एक जिंदा इंसान में संघर्षशील अवाम के हिस्से में बदल गया।" ('पॉलिटिकल थिएटर'-उत्पल दत्त)

साल 1959 में उत्पल दत्त ने नाटक 'अंगार' किया। जो कोयला मजदूरों की संघर्षमय ज़िंदगी पर केन्द्रित था। इस नाटक में दशार्या गया था कि किस तरह एक कोयला कंपनी अपने कोयले को आग से बचाने के लिए खदान में पानी भर देती है और दूसरे सिरे पर मजदूर डूबकर मर जाते हैं। यह नाटक भी खासा सफल रहा। जिसके 1100 से ज्यादा प्रदर्शन हुए। इप्टा से जुड़ने के बाद उत्पल दत्त ने जो भी नाटक किए, उनमें एक सियासी पैगाम है। जनता को जागरूक करने के इरादे से ही यह नाटक तैयार किए गए। इन्हें राजनीतिक नाटक कहें, तो गलत नहीं होगा। देश में जब इमरजेंसी लगी, तो उत्पल दत्त ने इसका रचनात्मक विरोध किया। इमरजेंसी के खिलाफ उन्होंने उस वक्त तीन नाटक 'बैरीकेड', 'सिटी ऑफ नाइटमेयर्स', 'इंटर द किंग' लिखे। सरकार ने उनके इन तीनों नाटकों को बैन कर दिया। लेकिन जहां भी यह नाटक खेले गए, लोगों ने इन्हें खूब पसंद किया।

उत्पल दत्त एक सजग बुद्धिजीवी थे। देश की अहम समस्याओं पर उनकी हमेशा नजर रहती थी। अपने तईं वे इन मुद्दों पर वाजिब हस्तक्षेप भी करते थे। किताब 'टुवड्र्स ए रिवोल्यूशनरी थिएटर', क्रांतिकारी विचारों से ओतप्रोत उनकी एक अहम किताब है। जिसमें उन्होंने अपनी तमाम मुद्दों पर बेलाग राय पेश की है। एक जगह वे लिखते हैं, "भारत का पूंजीपति, जो अज्ञानी है तथा मध्ययुगीन अंधविश्वास में डूबा हुआ है, अपने मुनाफों के लिए खतरा देखता है, तो वहशी बन जाता है और पड़ोसी देशों के साथ युद्ध करना, एक तरह से उसकी सालाना तिकड़म है, जिसका सहारा लेकर काल्पनिक दुश्मनों के खिलाफ भारतीय अवाम का ध्यान मोड़ा जाता है और अवाम के बीच पाशविक कट्टरता को जगाया जाता है और उसे कम्युनिस्टों, जनतंत्रवादियों तथा शांतिवादियों के खिलाफ मोड़ दिया जाता है।" उत्पल दत्त की इस बात की प्रासंगिकता मौजूदा दौर में भी विद्यमान है। देश में आज हम आये दिन इस तरह की हिंसक प्रवृतियों को देख रहे हैं। उत्पल दत्त सरमायेदारी के कट्टर मुखालिफ थे। सरमायेदारी को वे हर समस्या की जड़ मानते थे। फिल्मों और कला में आज पूंजी का जिस तरह से दखल बढ़ा है, इस पर उनका खयाल था, "पूंजीवादी व्यवस्था के आदेश पर निर्मित कला कभी भी कचरे के स्तर से ऊपर नहीं उठ सकती है।" ('पॉलिटिकल थिएटर'-उत्पल दत्त)



उत्पल दत्त ने हिंदी फिल्मों में भी काम किया। मशहूर फिल्मकार और लेखक ख़्वाजा अहमद अब्बास ने फिल्म 'सात हिंदुस्तानी' (1969) में उन्हें पहली दफा अभिनय करने का मौका दिया। उसी साल फिल्मकार मृणाल सेन ने अपनी हिंदी फिल्म 'भुवन सोम' में उन्हें मुख्य किरदार के लिए चुना। इत्तिफाक से मृणाल सेन की भी यह पहली हिंदी फिल्म थी। 'भुवन शोम' में उत्पल दत्त की अदाकारी खूब सराही गई। यहां तक कि उन्हें इस फिल्म में अभिनय के लिए वर्ष 1970 का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। आगे चलकर उत्पल दत्त ने डायरेक्टर ऋषिकेश मुखर्जी की अनेक फिल्मों में काम किया। उन्हीं की फि ल्म 'गोलमाल', 'नरम गरम' और 'रंग बिरंगी' के लिए उत्पल दत्त को कॉमेडी का फि ल्मफेयर पुरस्कार हासिल हुआ। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में 100 से ज्यादा फिल्में कीं। सत्यजित राय की आखिरी फि ल्म 'आगुंतक' में अदाकारी के लिए उत्पल दत्त को 'बंगाल फि ल्म पत्रकार संघ पुरस्कार' मिला। यही नहीं साल 1990 में थियेटर में बेमिसाल योगदान के लिए उन्हें 'संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप' से भी सम्मानित किया गया। सरकार ने उत्पल दत्त की दीर्घ कला साधना का सम्मान करते हुए उनकी स्मृति मे डाक टिकट जारी किया। 19 अगस्त, 1993 को उत्पल दत्त ने ज़िंदगी के रंगमंच पर आखिरी भूमिका निभाई और हमेशा के लिए विदाई ले ली।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

व्यंग्य



## गाड़ी न पलटने की बीमारी

अरविंद तिवारी

जन्म के बाद पंडित जी ने जो जन्मपत्री बनाई थी,उसमें उम्र भर बीमारी की भविष्यवाणी की थी।मेरे बुढ़ापे में भी जन्मपत्री उसी तरह प्रासंगिक है,जैसे गांधी जी सियासत में हैं।यों तो गोडसे भी प्रासंगिक हैं।इधर उद्धव जी वाली शिवसेना भी खूब प्रासंगिक है।उधर सावरकर जी की प्रासंगिकता, महाविकास आघाडी को पिछाड़ी बनाने पर आमादा दिखाई देती है।मुझे सियासत से ज्यादा अपनी बीमारी की चिंता है।पंडित जी ने इस जन्म में बीमारियां दर्ज करते समय कहीं उन्हें अगले जन्म के लिए केरी फॉरवर्ड तो नहीं कर दिया?मुझे अपने परिवार की कंजूसी पर गुस्सा आता है।ग्यारह रुपए(हालांकि उन्नीस सौ बावन में खूब होते थे)की दक्षिणा में कोई भी पंडित बीमारी के अलावा जन्मपत्री में लिख भी क्या सकता है!

एक दिन पहले ब्लड प्रेशर दो सौ के पार चला गया था।मेरे अनेक साहित्यिक मित्रों के लिए यह खुशखबरी का कारण इसलिए नहीं बना,क्योंकि मैं किसी बड़े सम्मान का दावेदार नहीं रहा।फिर भी एक बड़ा पेड़ रास्ते से साफ हो जाए,तो रास्ता आसान तो हो ही जाता है।इसलिए मित्र मेरी बीमारी से थोड़े संतुष्ट दिखाई दिए।ईको,सीटी स्केन, अल्ट्रासाउंड, लिपिड प्रोफाइल सब सामान्य निकला।डॉक्टरों को अचानक बी पी बढ़ने का कोई कारण समझ में नहीं आया।उनकी समझदारी के लिए मैं कुछ भी नहीं कर सकता था।डॉक्टरों ने मेरे बचपन के मित्रों को बुलवाया।गांव से सूचना आई,कई तो चल बसे हैं।चंद बचे हैं,जो उद्धव जी की शिवसेना के विधायकों की तरह गांव में ही ठहरे हुए हैं।इन्हें बड़े शहर, शिंदे सरकार की तरह आकर्षित नहीं कर पाए।

जैसे किसी शहर में उपद्रव होने पर वहां उन पुलिस अधिकारियों को तैनात किया जाता है,जो पूर्व में वहां कार्यरत रहे होते हैं,उसी तरह मेरे बचपन के मित्रों को मेरे इलाज हेतु बुलवाया गया था।मित्रों ने बताया यह बचपन से ही मूडी है।मूड में हो,तो बेहोश तक हो लेता है।एक बार बचपन में एक बाबा ने क्रुद्ध होकर,इसे शाप दे दिया था,जा तू लेखक हो जा,कवि हो जा!वही शाप यह भुगत रहा है।इस जीवन में यह शापमुक्त नहीं हो सकता।लेखन बंद करवाने के लिए इसे बड़े सम्मानों की दरकार है।साहित्य के मठाधीश इसे बड़े सम्मान मिलने नहीं दे रहे।अतः अगले जन्म में ही इसकी शापमुक्ति संभव है।तब तक यह बीमार ही रहेगा।डॉक्टर हतप्रभ थे।

बचपन के मित्रों ने बीमारी की तह तक जाने के लिए डॉक्टरों को कमरे से बाहर कर दिया,ताकि ब्लड प्रेशर की विस्फोटक स्थिति का असली कारण जान सकें।एक सौ चौंसठ के बयानों की तरह मेरे बयान लिए गए।जैसे ईडी,नेताओं से खोद खोद कर प्रश्न पूछती है,वैसे ही प्रश्न पूछे जाने लगे।मैंने सच सच बता दिया। मैं पिछले चौबीस घंटों से सोया नहीं था।मैं टीवी से चिपका हुआ खबरिया चैनलों के साथ,अहमदाबाद से प्रयागराज की यात्रा कर रहा था।उनके साथ टोल प्लाजा पर रुकता भी रहा।मैंने बचपन के मित्रों को बताया,झांसी पुलिस लाइन के सामने मैंने एक ठेले पर चाय भी पी थी।परिजन समझ गए,मैं माइंड से खिसक गया हूं।सबसे बड़ा कारण यही है बीमारी का।पर मित्र गंभीर हो गए।वे मनोचिकित्सक नहीं थे,पर यह बताने में कामयाब रहे कि इस गम्भीर बीमारी के पीछे मेरा पागलपन है।

मैंने स्वीकार किया कि बज्र वाहन के पलटने की मुझे पूरी उम्मीद थी।लेकिन जब पुलिस ने मीडिया की गाड़ियों को अपने पीछे आने से नहीं रोका,तो मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ने लगा।यदि वह बज्र वाहन पलट जाता,तो मैं बीमार नहीं होता।जब आपके अनुरूप नहीं घटता है तो आप बीमार होने के सिवाय कर भी क्या सकते हैं।मैंने वही किया।काफिला जब प्रयागराज सुरक्षित पहुंच गया,तो मैं बेहोश हो गया।मित्रो!अब मेरी स्थित में सुधार है।मेरे कमरे से टीवी और मेरे स्मार्टफोन को हटा दिया गया है।डॉक्टरों ने मेरे बचपन के मित्रों को,अपने से बड़ा डॉक्टर घोषित कर दिया है।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# विद्युत कर्मचारियों ने एडीएम वित्त को सौंपा ज्ञापन

**मांग**

**मांगें नहीं मानी गयीं तो दो अप्रैल के बाद उठायेंगे कठोर कदम**

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** मुख्य अभियंता कार्यालय प्रांगण में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के कर्मचारी राज्य सरकार के सरकारी विभागों निगमों निकायो एवं विश्वविद्यालय कर्मचारी अधिकारी एवं शिक्षकों ने ध्यानाकर्षण कार्यक्रम कर विद्युत विद्युत कर्मचारियों के साथ किए जा रहे उत्पीड़न एवं 3 दिसंबर 2022 को कर्मचारी संगठनों एवं ऊर्जा मंत्री के साथ किए गए समझौते को लागू न किए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। संजय कुमार पांडेय जनपद अध्यक्ष उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को ज्ञापन दिया गया।

ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा दमनात्मक कार्रवाई वापस करने हेतु एवं समझौता व अन्य मागों पर कार्यवाही किए जाने हेतु मुख्यमंत्री से अनुरोध किया जिससे उत्तर प्रदेश ऊर्जा निगमो के चेयरमैन एम देवराज को दिए गए निर्देशों का क्रियान्वयन हो सके। राज्य निगम निकाय कर्मचारी संयुक्त मंच उत्तर प्रदेश द्वारा यह निर्णय लिया गया कि यदि 2 अप्रैल तक विद्युत कर्मियों के साथ हुआ समझौता लागू नहीं किया गया और दमनात्मक कार्यवाही तत्काल वापस नहीं ली गई तो प्रदेश के 18 लाख कर्मचारी शिक्षक आगे और कठोर कदम उठाने हेतु बाध्य होंगे जिसका सारा उत्तरदायित्व उत्तर प्रदेश सरकार का होगा। इस अवसर पर प्रभु नारायण पांडे प्रेमी, सहायक अभियंता इं.चंद्रशेखर प्रसाद, धरमू यादव, इं.शत्रुघन यादव, सहायक अभियंता सूर्या सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष संदीप प्रजापति, सहायक अभियंता वेद प्रकाश, शेषनाथ सिंह चैहान, रविंद्र यादव, मनोज कुमार सिंह, संजय कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देने जाते विद्युत कर्मचारी संगठन के लोग।


एक घर पर विद्युत मीटर चेक करता विद्युत कर्मी।

## विद्युत चोरी में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर और ग्रामीण इलाकों में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। विद्युत चेकिंग के साथ मीटर भी लगाया गया। इस दौरान दो लोगो के खिलाफ विद्युत चोरी के मामले में जेई निखिल शेखर सिंह द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया। फूलपुर नगर के शबाना आजमी रोड, सुदनीपुर, उदपुर सहित कई गांवों में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। विद्युत चेकिंग के दौरान दर्जनों लोगों का विद्युत केबल काटा गया। जिनके घरों में मीटर नही था या खराब हो गया था वहां मीटर लगाया गया। बकायेदारों को तत्काल विद्युत बिल जमा करने की चेतावनी दिया गया। जेई निखिल शेखर सिंह ने बताया कि लगभग 10 घरों में विद्युत मीटर लगाया गया है। दो दर्जन से अधिक बकायेदारों का विद्युत विच्छेदन किया गया है। शबाना आजमी रोड पर स्थित फिरोज अहमद एवं मुड़ियार रोड पर सम्पत प्रजापति द्वारा बाईपास के माध्यम से विद्युत चोरी करने के मामले में दोनो के ऊपर मुकदमा दर्ज कराया गया है। 3 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गई है। इस अवसर संतोष पाल, आशीष, रमाकांत, भूपेश, प्रशांत आदि लाइनमैन मौजूद रहे।

## हिन्दी लेखन के साथ साक्षात्कार हेतु डा. प्रतिभा सिंह को मिला प्रथम स्थान

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** भारत व मॉरिशस की द्विपक्षीय संस्था विश्व हिन्दी सचिवालय मॉरिशस द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय लेखन प्रतियोगिता 2022 हेतु एक प्रमुख हिन्दी लेखक के साथ साक्षात्कारह्ल के लिए डा. प्रतिभा सिंह को प्रथम स्थान मिलने से साहित्य-जगत में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई।


डा. प्रतिभा सिंह।

डॉ.प्रतिभा सिंह किशुनपुर आजमगढ़ की निवासिनी है वर्तमान में वह अयोध्या जनपद में शिक्षिका हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता के लिए सुप्रसिद्ध आलोचक डॉ. संदीप अवस्थी के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे का साक्षात्कार लिया था। इन्होंने इतिहास विषय मे पी-एचडी किया है और अब विद्यार्थियों में ज्ञान-बीज उगा रही हैं। वास्तव में डॉ. प्रतिभा सिंह अपनी उर्वर बौद्धिक भाव-भूमि पर स्वस्थ और सारगर्भित साहित्य की लहलहाती हुई अनमोल फसल उगा रही हैं। रचनावली के रूप में जाऊं कहाँ? (कहानी-संग्रह), मन धुआं-धुआं सा है (कविता-संग्रह), अस्सी घाट पर प्रेम समीक्षा (उपन्यास), शिक्षाप्रद बाल कहानियां, पंचकन्या (लम्बी कविता-संग्रह) जैसी अनमोल कृतियां हैं। वर्तमान समय में डॉ. प्रतिभा सिंह एक ऐतिहासिक उपन्यास और एक कहानी संग्रह पर काम कर रही हैं। अब तक इन्हें भोलानाथ गहमरी सम्मन, साहित्य भारती सम्मान, सशक्त नारी सम्मान, प. रविंद्रनाथ मिश्र सम्मान, अभया महिला सेवा सम्मान, उत्तर प्रदेश साहित्य गौरव सम्मान साहित्य भारती सम्मान आदि से सम्मानित किया जा चुका है।

## अपोलो पाइप ने सात सौ बच्चों को दिया बैग

**आजमगढ़।** प्रयास सामाजिक संगठन के माध्यम से अपोलो पाइप द्वारा जनपद के कई विद्यालयों के बच्चों में बैग बांटकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। मंगलवार को अपोलो पाइप के मैनेजर शशिभूषण सिंह और प्रयास संस्था के रणजीत सिंह ने अहिरौला ब्लाक के ज्योतिबा फूले विद्यालय हेतुगंज में 300 व महराजगंज ब्लाक के किसान माध्यमिक विद्यालय कटान बाजार में 400 बच्चों को पेन, पेंसिल, किट सहित बैग वितरित किया गया। बैग मिलते ही बच्चों के चेहरे चहक उठे। अपोलो पाइप के मैनेजर शशिभूषण ने बताया कि कंपनी सीएसआर फंड का सदुपयोग करते हुए इसे सेवा के तमाम क्षेत्रों में लगाती है। इस बार सामाजिक संगठन प्रयास को इस योजना में शामिल किया गया। प्रयास संस्था के माध्यम से निरंतर विद्यालयों पर बैग आदि का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर मन्नू प्रताप सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आठ नवजात शिशुओं की माताओं को दिया बेबी किट

**मदद**

**महिला हेल्प लाइन नम्बरों की दी गयी जानकारी**

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी बीएल यादव के मार्ग निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 25 मार्च से 31 मार्च तक विशेष अभियान के तहत बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पल्हनी में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम किया गया।

सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.शकील अहमद, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनिता गुप्ता, ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर ममता सिंह, वन स्टाप सेन्टर केन्द्र प्रबन्धक सरिता पाल व रीना यादव द्वारा 8 नवजात शिशुओं की माताओं को बेबी किट व प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया एवं कन्या सुमंगला योजना से भी जोड़ा गया।


बेबी किट के साथ नवजात शिशुओं की माताएं।

वन स्टाप सेन्टर केन्द्र प्रबन्धक सरिता पाल ने बताया कि कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा 6 चरणों में आर्थिक मदद उपलब्ध करायी जाती है। इस योजना से बाल विवाह, लिंग भेदभाव जैसी कुप्रथा का भी अंत होगा।

रीना यादव ने महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पल्हनी के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# सस्ती व सरल चिकित्सा उपलब्ध कराना उद्देश्य

**बोले डा.भक्तवत्सल**

**वत्सल होम्योपैथिक क्लीनिक का हुआ उदघाटन**

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** शहर के बदरका क्षेत्र में वत्सल होम्योपैथिक क्लीनिक का भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अखिलेश मिश्र ने फीता काट कर उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व निदेशक होमियोपैथी उत्तर प्रदेश डा.आनंद कुमार चतुर्वेदी व प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता वरिष्ठ चिकित्सक डा. भक्तवत्सल उपस्थित रहे।


क्लीनिक का फीता काटकर उद्घाटन करते अखिलेश मिश्रा गुड्डू।

क्लिनिक का निरीक्षण कर अखिलेश मिश्र ने कहा कि सभी जानते हैं की डा.भक्तवत्सल ने होमियोपैथी के क्षेत्र में जिले का नाम देश विदेश में रोशन किया है। आशा व्यक्त करता हूं की उनके पुत्र डा.अनुतोष वत्सल भी उन्ही के पद चिन्हों पर चलेंगे और पीड़ितों की सेवा करेंगे। वरिष्ठ होमियो चिकित्सक डा.भक्तवत्सल ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करना ही मूल धर्म है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए शहर में हमने ये दूसरा होमियोपैथी चिकित्सा केंद्र स्थापित किया है। आज होमियोपैथी विधा मरीजों को सस्ता और सरल इलाज उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। वत्सल होम्योपैथिक क्लिनिक में भी मानवता की सेवा करना ही हमारा प्रथम लक्ष्य रहेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हमाई डा.बीबी सिंह नवाब, डा.डीपी सिंह वाराणसी, प्राचार्य होम्योपैथिक मेडिकल कालेज आजमगढ़ डा.राजेंद्र सिंह राजपूत, डा.अनिरुद्ध चौबे, डा.अनिल गुप्ता, डा.देवेश दुबे, डा.रणधीर सिंह, डा.प्रभात, डा.नेहा दुबे, डा.प्रमोद गुप्ता, डा.अजय राय, डा.बब्बन सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रसाद यादव, रमाकांत वर्मा, राकेश अग्रवाल, संजय डालमिया आदि उपस्थित रहे।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन 15 अप्रैल को

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं संजीव शुक्ला जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशन में आगामी 15 अप्रैल को शनिवार को आरबीट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, आजमगढ़ में किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में आरबीट्रेशन के वादों से सम्बन्धित मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किया जाएगा। सौरभ सक्सेना, अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ द्वारा बताया गया कि न्यायालय में लम्बित चल रहे आरबीट्रेशन वादों को पक्षकार सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करा सकते हैं। वादकारियों को इस सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है कि आरबीट्रेशन से संबंधित विशेष लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर उक्त मुकदमों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर करायें।

## आग लगने से आठ रिहायशी मंडइयां जलकर हुई खाक


आग से जलकर राख हुए सामानों को दिखाता पीड़ित।

**जनसंदेश न्यूज**

**पटवध (आजमगढ़)।** जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र अंतर्गत आराजी अजगरा मगरबी गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से चार लोगों की आठ रिहायशी मंडईया जलकर खाक हो गई जिसमें रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया वही एक बकरी की झुलस कर मौत हो गई तो भैंस की पड़िया बुरी तरह झुलस गई जबकि आग बुझाते हुए एक महिला भी झुलस गई है जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त गांव निवासी खरपत्तू की मंडई में अज्ञात कारणों से आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुल 8 मंडईयो में आग लग गई जिसमें गृहस्ती का रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और आग बुझाने का काफी प्रयास किया काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया परंतु तब तक देर हो चुकी थी अगलगी की घटना में खरपत्तू, रामशब्द, नेबू , राहुल की मंडईया जलकर खाक हो गई।

## बीएचएस सोनोग्राफी सेंटर एवं पैथोलॉजी का हुआ शुभारंभ

**जनसंदेश न्यूज**

अतरौलिया (आजमगढ़)। मंगलवार को क्षेत्र के केसरी चैक पर बीएचएस सोनोग्राफी सेंटर एवं पैथोलॉजी का भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.अमित सिंह (रमा हॉस्पिटल) ने फीता काटकर दीप प्रज्वलित करते हुए इस सोनोग्राफी सेंटर का शुभारंभ किया।


सोनोग्राफी सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन करते डा.अमित सिंह।

सोनोग्राफी सेंटर में सेकेंड इको, नेक यूयसजी, एबीडी यूयसजी, टीवीयस, खून की जांच, अल्ट्रासाउंड, कोविड जांच, एंडोस्कोपी, डिजिटल एक्सरे, कोलोनोस्कोपी आदि सारी सुविधाएं उपलब्ध है। मुख्य अतिथि डॉ.अमित सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की सोनोग्राफी सेंटर खुलने से लोगों को बहुत सारी सुविधाएं मिलेंगी जिसके लिए उन्हें आजमगढ़ या लखनऊ जाना पड़ता था। बीएचयस की संचालक डॉ.वर्तिका सिंह ने बताया कि यहां सभी लोगों को ध्यान में रखते हुए सोनोग्राफी एवं पैथोलॉजी सेंटर का शुभारंभ किया गया है जिससे गांव गरीब सभी लोगों को सुविधा मिले। सुविधाओं के अभाव में लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता था अब सोनोग्राफी सेंटर के खुल जाने से लोगों को सभी सुविधाएं यहीं मिलेंगी। गरीब लोगों को जांच सुविधाओं में प्राथमिकता दी जाएगी। आयुष्मान कार्ड धारकों को जांच सुविधाओं में प्राथमिकता मिलेगी। इस मौके पर डॉ. शिवाजी सिंह, सीएमएस एसके ध्रुव, डॉ.केसी जायसवाल, डॉ.मुकेश साहनी, डॉ.हम्मीर सिंह, डॉ.चंद्रगुप्त मौर्य आदि मौजूद रहे।

### धनुष तोड़ श्रीराम ने किया सीता का वरण: पं.कौशल किशोर

**आजमगढ़।** श्रीराम कथा आयोजन समिति के तत्वाधान में चल रहे नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के छठवें दिन प्रवचन करते हुए पं.कौशल किशोर जी महाराज ने कहा कि राम चरित मानस में भगवान राम का विवाह उपासना का विवाह है। माता जानकी ने विवाह से पूर्व गौरी माता की आराधना कर अपने अनुरूप वर की याचना किया था। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक दृष्टि से श्रीराम का विवाह ब्रह्म और भक्ति का अनुपम मिलन है। जिस समय जनकपुर में देश देशांतर के राजा महाराजा जनक के आह्वान पर आए और महराज जनक के दूतो ने जब धनुष उठाने की शर्त रखी तब एक-एक करके सभी राजा धनुष उठाने में असफल रहे। निराश होकर जब दूतो ने यह कहा कि लगता है पृथ्वी वीरो से खाली हो गयी है तब इस बात को सुनकर लक्ष्मण ने प्रभु श्रीराम के बल पौरुष का दर्शन कराकर जनकपुर वासियों का भ्रम दूर किया। भगवान राम ने सहज भाव से धनुष भंग कर माता सीता का वरण किया। इस अवसर पर संजीत रुंगटा, टीपी सिंह, शंभू सेठ, निर्भय, अजय वर्मा, आचार्य हरेंद्र पाठक, प्रमोद वर्मा, राय अनूप कुमार श्रीवास्तव, जेपी श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मिनी स्टेडियम में आदित्य विश्वकर्मा का हुआ सम्मान

**खुशी**

**बरेली में आयोजित हुआ था चार दिवस फुटबॉल मैच**

**आजमगढ़ मंडल से किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज (आजमगढ़)।** बरेली में 23 से 26 मार्च तक खेले गए अंडर 15 मंडल स्तरीय फुटबाल टूनामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके वापस आने पर आदित्य विश्वकर्मा को मंगलवार को चिउटहरा मिनी स्टेडियम में सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश के 18 मंडल की टीम ने इस टूनामेंट में भाग लिया। जिसमें पूर्वांचल के आजमगढ़ व वाराणसी मंडल ने शुरू से ही दबाव बनाये रखा। आजमगढ़ मंडल ने पहले मैच में आगरा कंबाइन रेड टीम को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में झांसी को 8-0 से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल मैच आजमगढ़ मंडल व गोरखपुर मंडल के बीच खेला गया। दोनो टीमें समयानुसार बराबरी पर रहीं। पेनाल्टी शूट के जरिए आजमगढ़ मंडल ने गोरखपुर मंडल को 3-1 से पराजित करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी तरफ वाराणसी मंडल ने सभी को पछाड़ते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच वाराणसी मंडल बनाम आजमगढ़ मंडल के बीच खेला गया। जिसमें वाराणसी मंडल ने 2-0 से जीत हासिल की। आजमगढ़ मंडल की टीम उप विजेता रही। आजमगढ़ मंडल की टीम से आदित्य विश्वकर्मा पुत्र छन्नूलाल विश्वकर्मा निवासी चिउटहरा तहसील लालगंज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।


आदित्य विश्वकर्मा का माल्यार्पण कर सम्मानित करते लोग।

आदित्य विश्वकर्मा ने चिउटहरा मिनी स्टेडियम और अपने गांव तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी खुशी में जीवन उजाला स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब, नवयुवक मंगल दल एवं जूनियर के बच्चों के साथ क्षेत्र के संभ्रांत लोगो ने उसे बधाई दी। जीवन उजाला समिति के अध्यक्ष डॉ.राजेश यादव, कोषाध्यक्ष सुनील प्रजापति, महामंत्री संजय यादव, मीडिया प्रभारी डा, उमेश यादव, सचिव राजेश मौर्य ने उनका माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी तथा 5100 रुपया नगद पुरस्कार देकर आदित्य विश्वकर्मा का हौसला बढ़ाया।

## संक्षेप

### बच्चों को दिया गया वार्षिक परीक्षा फल



**संजरपुर (आजमगढ़)।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल मनरा सरायमीर में बड़े ही धूमधाम के साथ वार्षिक परीक्षा फल व खेलकूद एवं भव्य सहशिक्षा क्रियाकलापों के विजेताओं को पुरस्कार व मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेंट जेवियर ग्रुप के डायरेक्टर तिमांशु झा प्रिंसिपल विजय कुमार जायसवाल वाइस प्रिंसिपल सुमित सिंह आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजन किया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के बच्चों को अंकपत्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए अमित कुमार ने कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं। परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार जायसवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अवसर पर विद्यालय के मैनेजर अमित कुमार झा, किरण यादव, ऊषा मौर्या, शालू तमांग, सुधा यादव, मीनाक्षी सिंह, सलोना, ज्योति राय, प्रीति राजी, मोहम्मद जैद, सुषमा, सुरेश, संजीव, विशाल, चंद्रभूषण, गौरव आदि मौजूद रहे।

### स्मार्ट फोन पाकर छात्राओं के खिले चेहरे



**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के मां चनरमी देवी महिला महाविद्यालय कौडिया कोयलसा में उत्तर प्रदेश शासन के योजना के अंतर्गत एमए द्वितीय वर्ष के 50 छात्राओं को मंगलवार को टैबलेट वितरित किया गया। टैबलेट पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि चीनी मिल कर्मचारी एवं समाजसेवी राधेश्याम यादव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि छात्राओं को टैबलेट के जरिए आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ा जाए जिससे छात्रों में बेहतर स्किल डेवलपमेंट हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्रबंधक गीता यादव ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्मार्टफोन के जरिए आप लोग घर बैठे ही ऑनलाइन पढ़ाई कर सकती हैं। साथ ही इंटरनेट के माध्यम से अनेक तरह की जानकारियां भी प्राप्त कर सकती हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी रविंद्र यादव ने बताया कि एमए द्वितीय वर्ष की छात्राओं को शासन की मंशा के अनुरूप महाविद्यालय परिसर में 50 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। इस मौके पर केशव प्रसाद यादव, ईशा यादव, शालिनी सिंह, अंकित यादव, अर्जुन यादव, अंकुर, सुनील यादव, लालजी, निशा मिश्रा, संध्या, सुंदरिता, किरन यादव आदि उपस्थित रहीं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना एक महत्वपूर्ण कार्य



**ठेकमा (आजमगढ़)।** क्षेत्र के आजाद पीजी कालेज सरैया पल्हना में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दो ईकाई का उद्घाटन कालेज के प्रबंधक एवं पूर्व विधायक लालगंज आजाद अरिमर्दन द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक महत्वपूर्ण कार्य है। समाज सेवा के प्रति लोग जागरूक होते हैं और उन्हें देश की सेवा कैसे की जाए इसका अनुभव प्रदान किया जाता है। हमें आशा और विश्वास है कि सात दिवसीय शिविर में कार्यक्रम अधिकारी काफी कुछ बच्चों को सीख देंगे जो सदैव प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अजय चैहान, पूनम वर्मा, प्राचार्य डॉ.पूनम सिंह, मनीष कुमार, डा.दिनेश कुमार, राजा कुमार, राम आशीष चैहान, राजानंद यादव, हरिश्चंद्र, महेंद्र, प्रमोद यादव, चंद्रभान, प्रियंका, बबिता आदि उपस्थित रहीं।

### गैंगस्टर में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना तरवा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। तरवां थानाक्षेत्र के ग्राम जियापुर व आस पास के लोगो तथा थाना स्थानीय के आपराधिक अभिलेखीय अवलोकन से ज्ञात हुआ कि धर्मराज पासी पुत्र अतवारु पासी निवासी ग्राम जियापुर थाना तरवां आजमगढ़ (गैंग लीडर) ने अपने सहयोगियो के साथ मिलकर 01 संगठित गिरोह बनाकर तथा स्वयं गैंग का लिडर बनकर अपने तथा अपने गैंग के सदस्यों के आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ के लिए योजना बनाकर लूट, गोवध व गोश्करी करना जैसा अपराध कारित करता हैं। जिसके विरुध थाना तरवां पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मंगलवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त धर्मराज पासी को रासेपुर बाजार से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### गौवध करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार



**मेहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोवध में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। मेंहनगर थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह मय हमराहियों के अपराधियों की तलाश में क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि गोवध आरोपी कलीम पुत्र शोहराब व सद्दाम पुत्र जुल्फेकार जाफरपुर बाजार में खडे हैं और कहीं भागने के फिराक में है। यदि जल्दी किया जाय तो पकडे. जा सकते हैं। सूचना पर विश्वास करके पुलिस जाफरपुर बाजार में पहुंच गयी। पुलिस ने वहां खड़े व्यक्तियों को मंगलवार को पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम कलीम पुत्र शोहराब व सद्दाम पुत्र जुल्फेकार निवासी कतरा विषहम थाना मेहनगर बताया। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### निर्माणाधीन अधूरे कार्य पूरा नहीं हुए तो होगी कार्रवाई: बीडीओ

**संजरपुर (आजमगढ़)।** विकास खंड मिर्जापुर के सभागार में खंड विकास अधिकारी राजन राय के नेतृत्व में समस्त ग्राम पंचायत अधिकारियों की बैठक हुई। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारियों को आदेशित किया कि जितने भी अर्ध निर्मित कार्य हैं उसको जल्द पूरा किया जाय। यदि कार्य में हीला हवाली की गई तो संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी। श्री राय ने सख्त लहजे में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गांव के प्राथमिक विद्यालय पर कायाकल्प करने के लिए पहली प्राथमिकता है जिसमें विद्यालय का बाउंड्रीवॉल, दिव्यांगों के लिए दिव्यांग शौचालय बहुत जरूरी है। कुछ जगहों से शिकायत आई है कि प्राथमिक विद्यालय में दिव्यांगों के लिए दिव्यांग शौचालय अभी तक नहीं बना हुआ है। यदि 31 मार्च तक प्राथमिक विद्यालय में दिव्यांग शौचालय पूर्ण नहीं हुए तो संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारियों के ऊपर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुसार ही कार्य को करना है। इसमें शिथिलता किसी भी प्रकार से बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारी गांव के पंचायत भवन में बैठकर समय दें जिससे ग्रामीणों को कोई परेशानी न हो। ग्रामीण किसी कागज के लिए ब्लॉक का चक्कर न लगाएं। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों में जिन लोगों का टेंडर भुगतान नहीं हुआ है वह जल्द से जल्द प्राथमिकता के आधार पर टेंडर का भुगतान कर दें। इस अवसर पर प्रधान लेखाकार बृजेश चैरसिया, ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश यादव, विनीत सिंह, संतोष कुमार, परविंद मौर्य, मानस राय, संजय कुमार यादव, संतोष यादव, मनोज कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में आये तीस प्रार्थना पत्र

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई की गयी। जनसुनवाई में प्राप्त कुल 30 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### पतालपुरी धाम पर सीसी रोड बनने से खुशी की लहर

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** जनपद मुख्यालय से 30 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम गौरा के पश्चिमी भाग पर 365 बीघा में समाहित श्री मंडलेश्वर महादेव स्थित पातालपुरी शिवलिंग स्थल पर शासन द्वारा करीब पचास लाख रुपये की लागत से सुंदरीकरण के साथ स्थापित दुर्गा मंदिर व सावन महीने में शिव मन्दिर को भव्य रूप से सजाया जाता है। कावरिया यहां जलाभिषेक करने के बाद ही जाते हैं। श्रावण मास में हर सोमवार को भोर में सुबह चार बजे से देरशाम श्रद्धालुओं का रेला लगा रहता है।

# जयकारे के साथ श्रद्धालुओं ने किया मां का दर्शन

## संक्षेप

### केबल काटने वाले आरोपी को आरी के साथ पकड़ा



**मीरजापुर।** रेलवे सिग्नल केबल कटने वाले आरोपी चोर को आरपीएफ पुलिस ने बरौंधा रेलवे पुल के पास से गिरफ्तार किया। मीरजापुर और झिंगुरा के मध्य कंट्रोल द्वारा सिग्नल केबल काटने की सूचना मिलने पर आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उ0नि0 संदीप कुमार, कांस्टेबल विवेक चौहान के साथ मौके पर पहुंचे जहां सिग्नल केबल कटा पाया। उक्त घटना के संबंध में सिग्नल केबल काटने वाले चोर को पकड़ने के लिए टीम गठित कर आस पास के क्षेत्र में पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी अजय पुत्र पालाराम निवासी ग्राम मिस्त्रलहौली, बरबदपुर नई बस्ती थाना देहात कोतवाली, मीरजापुर को बरौंधा रेलवे पुल के पास से चोरी की केबल और एक आरी के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया।

### शादी का झांसा देकर रुपए पैसे छीनकर की मारपीट

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जंगल महाल स्थित संतलाल का डेरा पर बीते सोमवार को राजस्थान से शादी का झांसा देकर बुलाए गए। वर पक्ष व दूल्हे समेत उसके घरवालों को बंधक बनाकर मारपीट गाली गलौज कर पैसे छीनने की घटना को शादी कराने वाले गिरोह के लोगों ने कारनामें को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान निवासी कानाराम पुत्र गिरधारी राम निवास पहलवान का डेरा थाना पूगल जिला बीकानेर से दलालों के माध्यम से एक लड़की सोनभद्र निवासी जिसका फोटो दिखाकर शादी करने का प्रलोभन दिया। कानाराम ने दलालों के प्रलोभन में आकर रुपए पैसे देकर शादी के लिए राजी हो गया। एवं युवती से मोबाइल के जरिए बातचीत करता रहा। बीते सोमवार सुबह शादी कराने वाले गिरोह के लोगों के बताए हुए निश्चित स्थान पर दूल्हा कानाराम अपने परिजनों समेत शादी की पूरी तैयारी करके स्वयं अपने दोनों हाथों में मेहंदी लगा कर थाना क्षेत्र के जंगलमहल स्थित संतलाल के डेरे पर पहुंचा। गिरोह के लोगों ने उसे ले जाकर शादी करने से पूर्व रुपए पैसे की मांग करने लगे एवं उनके परिजनों समेत उसके भांजे से मारपीट कर पैसे की मांग करने लगे जिसको लेकर विवाद हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने शोरगुल सुनकर इसकी सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी आरोपियों को स्थानीय थाने ले आई। स्थानीय थाना पर पीड़ित कानाराम ने तहरीर देकर शादी के नाम पर छल करके लूटने का आरोप लगाते हुए मुकदमा कायम कराया है जिसमें पुलिस ने सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया।

### घर के समीप खड़े ट्रैक्टर में लगी ट्राली को चोरों ने चुरायी

**अहरौरा।** थाना क्षेत्र के महुली ग्राम सभा निवासी वसुंधरा देवी पत्नी चंद्रभान सिंह ने स्थानीय थाना पर तहरीर के माध्यम से पुलिस को अवगत कराते हुए बताया कि मेरे दरवाजे से 100 मीटर की दूरी पर खड़े ट्रैक्टर में लगे ट्राली को बीती रात चोरों ने चुरा लिया। जिस पर उन्होंने अपने स्तर से काफी खोजबीन किया। कहीं पता ना चलने पर थक हार कर स्थानीय पुलिस को अज्ञात चोरों के के खिलाफ तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा कायम कर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया।

### पिकप से दबकर मासूम बच्चे की मौत

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शेरवां पुलिस चौकी स्थित बरवा गांव में पिकप से दबकर मंगलवार को चार वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करजी गांव से पिकअप लेकर वाहन स्वामी के साथ चालक बरवा गांव में गल्ला लोड करने के लिए जा रहा था कि राजू प्रजापति के घर के सामने जैसें ही पिकप पहुंची कि अचानक अमित प्रजापति उम्र 4 वर्ष पुत्र राजू प्रजापति पिकअप की चपेट में आ गया। मौके पर ही दम तोड दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकप के साथ वाहन स्वामी एवं चालक को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। बालक की मौत के बाद गांव में कोहराम मच गया। मृतक के स्वजन बालक के शव को घर के पास सड़क पर रखकर मुकादमा दर्ज कराए जाने एवं मुआवजा की मांग किया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने स्वजनों को कारवाई का आश्वासन देकर करीब एक घंटे बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बालक के पिता मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते है। चार भाई बहनों में मृतक बालक सबसे छोटा था। मृतक के अलावा अंजली 8 वर्ष, अर्तिका 6 वर्ष एवं अर्पित 5 वर्ष है।

### चोरों ने चटकाया पंचायत भवन का ताला

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दो ग्रामों के पंचायत भवनों का ताला तोड़कर मंगलवार की रात चोरों ने हाथ साफ किया है। प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम पंचायत कौड़िया के पंचायत भवन से चोर इनवर्टर, प्रिंटर, बैटरी तथा पांच कुर्सियां चुरा ले गए। सूचना पर पी.आर.वी. पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। ग्राम प्रधान कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की तहरीर मंगलवार को स्थानीय थाने में दे दी गई है।

### शिक्षक की पत्नी ने प्रधान प्रतिनिधि पर लगाया गंभीर आरोप

**मीरजापुर।** प्रधान प्रतिनिधि पर शिक्षक की पत्नी ने गंभीर आरोप लगाया है। महिला की शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस जाँच पड़ताल में जुटी है। मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान बच्चों के एमडीएम से कमीशन चाहते थे। शिक्षक द्वारा ऐतराज करने पर परेशान किया जा रहा था। ग्रामीणों में चर्चा है कि प्रधान एवं प्रतिनिधि का दांव उल्टा पड़ गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में प्रधान जी पसीना छोड़ते दिखाई दिए। शिक्षिका द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए सम्मान बचाने के लिए पुलिस के सामने गिड़गिड़ाने के शिवा कोई रास्ता नही सूझ रहा। इधर पुलिस तकनीकी जांच से सुबूत इकट्ठा करने में जुटी है।

### न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थनीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर बीते वर्ष एक दिसंबर को घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म करने, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही होने पर पीड़िता ने न्यायालय में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई थी। न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को हलिया पुलिस ने उमरिया पिपरा गांव निवासी कृष्ण लाल अग्रहरि के विरुद्ध घर में घुसकर दुष्कर्म, गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णुप्रभा सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दुराचार सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### नगदी समेत सामान पर चोरों ने किया हाथ साफ

**जमालपुर।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत जोगवां स्थित पंचायत भवन कक्ष का ताला तोड़कर सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए के समान पर हाथ साफ कर दिया। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान ने अदलहाट थाने में दी है। भुक्तभोगी ने दिए गए तहरीर के माध्यम से बताया कि अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का ताला चटकाकर उसमें रखा इन्वर्टर, बैटरी, डीडीआर, केबल सहित एक एंड्रॉयड स्मार्टफोन फोन चोरी करके चंपत हो गए। मंगलवार की सुबह केयर टेकर गुलाबी देवी हर रोज की तरह पंचायत भवन का सफाई करने पहुंची तो कक्ष का ताला टूटा देख हक्का बक्का हो गई जिसकी सूचना केयर टेकर ने ग्राम प्रधान सुनील कुमार को दिया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने देखा की कक्ष में रखा गया सारा समान चोरी हो गया है जिसकी सूचना डायल 112 को दिया। और अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। अदलहाट पुलिस ग्राम प्रधान की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की छानबीन कर रही है।

### मारपीट के आरोप में कराया मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतरी दक्षिण गांव निवासी बुद्धदेव सिंह ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने वाले गांव निवासी दो व्यक्तियों के विरुद्ध मंगलवार को मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में पीड़ित ने बताया कि बीते पांच मार्च को गांव निवासी दो व्यक्ति मवेशियों से गेहूं की फसल चरा रहे थे। मना करने पर दोनों लोग लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे पैर फ्रैक्चर हो गया था, जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा था। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर गांव निवासी पंकज व शिवनारायण के ऊपर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### तमंचा के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जमालपुर।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है जिससे अपराधियों एवं अपराध की घटना पर अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में सोमवार की शाम जफरपुरा पेट्रोल पंप के सामने से एक युवक को गिरफ्तार किया गया, जिसकी तलाशी में एक देशी कट्टा और एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। जिसकी पहचान पंकज चौहान 19 वर्ष पुत्र स्व राजकुमार चौहान निवासी हरदी सहिजनी के रूप में हुइ। जिसे स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया गया।

---

**चैत्र नवरात्रि**

**सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े इंतजाम**

**सप्तमी पर भैरव कुंड पर लगा साधकों का तांता**

**विंध्य की पहाड़ियों पर रात भर बनी रही चहल-पहल**

**अर्ध रात्रि में विधि विधान पूर्वक की गई पूजा अर्चना**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर विंध्याचल धाम में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। भोर में मंगला आरती के बाद से ही दर्शन पूजन का दौर शुरू हो गया था, जो देर रात तक चलता रहा। तरह तरह के पुष्पों से मां का भव्य श्रृंगार किया गया। मां का दर्शन पाकर श्रद्धालु निहाल हो उठे। घंटा घड़ियाल शंख नगाड़ा एवं जय अंबे जय जगदंबे की जय कार से पूरा विंध्याचल धाम गुंजायमान हो रहा था। चैत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर पावन विंध्याचल धाम में देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। गंगा स्नान करने के बाद डलिया में नारियल चुनरी वाला लाचीदाना प्रसाद लेकर विंध्याचल धाम में पहुंचे जहां मां के भव्य स्वरूप का दर्शन पाकर श्रद्धालु निहाल उठे। गंगा किनारे एवं मंदिर के पास बने परिक्रमा पथ में शहनाई और नगाड़े की धुन पर लोग अपने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कर आते रहे। वहीं छत पर कतार बंद हो कर बैठे साधक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन अनुष्ठान करने में तल्लीन दिखाई दिए। भोर में मंगला आरती के बाद से ही विंध्य की गलियों में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा विंध्य धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा भाव से मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन एवं श्री विन्ध्य पंडा समाज के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण एवं पुरोहित स्काउट गाइड के बच्चे मां के भक्तों की सेवा करने में जुटे रहे।

उधर दूसरी ओर वासंतिक नवरात्र की महा अष्टमी तिथि शुरू होने के पूर्व ही पहाड़ पर महानिशा का पूजन करने को साधकों का हुजूम उमड़ पड़ा। साधकों ने विधि-विधान से अर्धरात्रि में राम गया घाट भैरव कुंड सहित अष्टभुजा पहाड़ की कंदराओं व गुफाओं में महानिशा का पूजन किया। विंध्याचल के पहाड़ पर जगह जगह आसन लगाकर बैठे साधक यंत्र तंत्र मंत्र के माध्यम से साधना करने में तल्लीन नजर आए चैत्र नवरात्रि अष्टमी तिथि पर महानिशा की पूजन करने के लिए भिंड के पहाड़ पर दूरदराज से आए साधकों का जमावड़ा लगा रहा देश के कोने-कोने से आए साधकों ने विधि-विधान पूर्वक भैरव कुंड राम गया घाट और अष्टभुजा पहाड़ पर जगह जगह बैठकर बड़े ही भक्ति भाव से महानिशा का पूजन किया महानिशा पूजन पर उमड़ी साधकों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की तरफ से पुख्ता इंतजाम कराए गए थे ताकि साधकों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। अष्टभुजा पहाड़ पर महानिशा का पूजन देखने के लिए विंध्याचल सहित नगर के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि सोमवार को दिन की अपेक्षा सूर्यास्त होते ही अष्टभुजा पहाड़ के त्रिकोण मार्ग पर गहमागहमी काफी बढ़ गई थी।



हवन कुण्ड में हवन करतीं डीएम

### दुर्गा सप्तशती पाठ में डीएम ने स्वंय पहुंचकर किया पूजन

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश के क्रम में 22 से 30 मार्च तक चैत्र नवरात्र के अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा नवरात्र के प्रथम दिन से दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन कराया गया है। जिसमें प्रख्यात पंडितों व पुरोंहितों के द्वारा प्रत्येक दिन पूरी विधि विधान के साथ नवरात्र के नवमी तक के लिये दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने मंगलवार मां विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर पहुंचकर दुर्गा सप्तशती पाठ स्थल पर पुरोहितो व पंडितों साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित पुरोहितो/पंडितो को फल व मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ यादव, उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय उपस्थित रहें।

### 29 को मां के धाम में होगा गायिका अभिलिप्सा पाण्डा का भजन

मीरजापुर। विन्ध्याचल में आयोजित विन्ध्य महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर कल 29 मार्च 2023 की सांय सात बजे से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में माता विन्ध्यवासिनी के दरबार में उड़ीसा की रहने वाली देश की जानी मानी भजन गायक कलाकार अभिलिप्सा पाण्डा का कार्यक्रम आयोजित होगा। अभिलिप्सा पाण्डा भारत के प्रसिद्ध सिंगरों मे से एक प्रसिद्ध जानी मानी कलाकार है। 29 मार्च 2023 को विन्ध्य महोत्सव में इनका भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। इनका सबसे फेमस गीत हर-हर शम्भू शिव महादेवा हैं जिसे लोगों के द्वारा काफी पसन्द किया गया। अभिलिप्सा पाण्डा गायिका होने के साथ ही साथ एक अच्छी डांसर और मार्शल आर्टिस्ट भी हैं। तदुपरान्त विन्ध्य महोत्सव के मंच पर मीरजापुर के लोक गायक अमित दूबे के द्वारा भी गायन प्रस्तुत किया जायेगा। इसी क्रम में विन्ध्य महोत्सव के मंच पर 26 मार्च 2023 को जनपद के लोकगायक खोखाराम मिजार्पुरी तथा जनपद की लोकगायिका कल्पना गुप्ता के द्वारा 27 मार्च 2023 की सांय को विद्या सागर प्रेमी व उनकी टीम के द्वारा भी कार्यक्रम की प्रस्तुति कर लोगों को मनमोहक भजन व भक्ति गीत सुनाकर मत्रमुग्ध किया गया।

### मोहन ब्रह्म धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**मीरजापुर।** मड़िहान विधानसभा क्षेत्र बेलहरा धनावल गांव के बार्डर पर स्थित मोहन ब्रम्ह धाम में चैत्र नवरात्र के सातवें दिन मंगलवार को प्रातः चार बजे भोर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। वहीं दोपहर बारह बजे श्रृंगार पूजन के समय मंदिर प्रांगण में दर्शन पूजन के लिये भक्तों की भीड़ काफी संख्या में उमड़ पड़ी। जहां विगत चार सौ वर्षों से प्रत्येक नवरात्रि में नौ दिनों का विशाल मेला लगता है। मेलें में प्रतिदिन हजारों की तादात में भक्तगण दर्शन पूजन के लिए आतें है। मोहन ब्रम्ह बाबा के दरबार प्रत्येक सोमवार को हजारों की संख्या में भक्तगण श्रद्धालू दर्शन के लिये आतें है। और मोहन ब्रम्ह महराज के लाल फरहरा को देखते ही भूत नाचने लगते हैं। विगत हर वर्ष की भांति इस वर्ष चैत्र नवरात्र के सप्तमी तिथि को रात्रि में मोहन ब्रम्ह बाबा के जन्मदिन के अवसर पर भव्य श्रृंगार जागरण व छप्पन भोग प्रसाद भोग लगाया जाता है। भूत-प्रेत बाधाओं से मुक्ति व सन्तान की प्राप्ति के लिए उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र समेंत कईं राज्यो व प्रान्तों से भक्तगण बाबा के दरबार मे मत्था टेकतें है। भक्तों का कल्याण होता हैं। मंदिर के पुजारी पं.आशीष दुबे ने बताया कि मुख्य रूप से गंगाजल, जनेऊ, कच्चा चावल चने की दाल युक्त खिचड़ी, खड़ाऊ, चीनी का लड्डू, प्रसाद के रूप में बाबा को अपर्ण किया जाता है।

### गड़बड़ा शीतला धाम में नवरात्र के सातवें दिन हजारों भक्तों ने नवाया शीश

**हलिया।** क्षेत्र के गड़बड़ा शीतला धाम में मंगलवार को हजारों भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाया है। विभिन्न गाँव की जवारियों का जत्था एक साथ पहुँचने पर भक्तों की भीड़ ज्यादा रही। नवरात्रि के सातवें दिन काली माता के स्वरूप का दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हुए। क्षेत्र के पिपरा, मनिगढा, देवरी, मतवार, कुशियारा, तथा दीपनगर, मड़िहान, पटेहरा, सोनभद्र, मध्य प्रदेश, प्रयाग राज के लोग ट्रैक्टर व निजी वाहनों से जवारियों का दो दर्जन लोगों के साथ जत्था पहुंचने पर मंदिर में भीड़ ज्यादा लगती रही कुआंरी कन्याएं सर पर जौ का गमला लिए तथा पुरुष वर्ग ढोल मजीरे के साथ देवी गीत गाते हुए मंदिर पर पहुंचे और माता के गर्भ गृह से होते हुए जवारी को सेवटी नदी में विसर्जित किया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ करते भाजपाध्यक्ष

## विंध्य महोत्सव में मथुरा से आये कलाकारों ने मयूर नृत्य कर मोहा मन

**आयोजन**

**जिलाधिकारी सहित सभी छोटे-बड़े अधिकारी सपरिवार रहें उपस्थित**

**मीरजापुर।** विख्यात देवी धाम विंध्याचल के रोडवेज परिसर स्थित विंध्य महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रांगण में चैत्र नवरात्रि मेले के छठें दिन सोमवार को सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों सहित ब्रज के मशहूर लोक कलाओं का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का संयुक्त रुप से शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष बृज भूषण सिंह, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा मां के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। विंध्याचल के भजन गायक रवि शंकर शास्त्री ने भजन संध्या कार्यक्रम को गति प्रदान किया। तत्पश्चात बृज लोककला फाउंडेशन, मथुरा के दानिश शर्मा के नेतृत्व में लोक कलाकारों की टीम ने अपने विश्व विख्यात कार्यक्रमों के क्रम में विंध्य महोत्सव कार्यक्रम के मंच से विदेशों में धूम मचा चुके चुरखुला नृत्य का जैसे ही आगाज किया वैसे ही पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट के साथ ही भक्ति भाव होकर झूम उठा। कार्यक्रमों के क्रम में कलाकारों ने मीठे रस से भरो राधा रानी, रानी लागो महारानी लागो..... तथा मोर नृत्य के साथ ही वंशी बाजेगी, राधा नाचेगी सुनाया। कार्यक्रमों को गति प्रदान करते हुए दानी शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा जैसे ही हनुमान जी की उड़ते हुए स्वरूप में झांकी प्रस्तुत किया गया वैसे ही लोग घूमने के साथ ही भक्ति भाव के संगम में गोते लगाने लगे। इस दौरान हनुमान जी हाथों फलाहार प्राप्त करने की होड़ लग गई। इसी के साथ ही बजाए जा तू प्यारे हनुमान चुटकी.... भजन पर घूमते कलाकारों उत्साहवर्धन करने के लिए लोग दोनों हाथ उठाकर तालियों की गड़गड़ाहट से उनका न केवल उत्साहवर्धन करते हुए नजर आए बल्कि मथुरा के लोक कलाकार इस समूचे कार्यक्रम को देखने के लिए कार्यक्रम के अंत तक लोगों की भारी भीड़ जुटी रही है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रकाश शुक्ल, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय इत्यादि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व संबंधित गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेंद्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी ने किया।

### नवजात कन्याओं का मनाया गया जन्मदिन

**मीरजापुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी के निदेर्शानुसार जनपद में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय में कन्याजन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कराया गया था। जिसमें जन्म ली हुई बच्चियों के द्वारा केक काटकर उत्सव मनाया गया। महिला कल्याण विभाग द्वारा उन बच्चियों को उपहार बेबी किट दिया गया। उन बच्चियों की माताओं को फलका वितरण किया गया। इसके साथ ही महिला कल्याण विभाग संचालित संचालित महिला सुधार गृह देवरी कला मड़िहान मिजार्पुर, वृद्ध महिला आश्रम विंध्याचल मिजार्पुर में आवासित महिलाओं व बालिकाओं का जन्मदिन मनाया गया।

## भक्तों की सेवा में तत्पर हैं प्रमुख कोन

### सीडीओ ने भक्तों में वितरित किया प्रसाद

जनसंदेश न्यूज

**चील्ह।** मीरजापुर औराई मार्ग पर स्थित चील्ह चौराहा पर नवरात्री के सप्तमी मंगलवार को ब्लाक प्रमुख ने चील्ह चौराहा पर विशाल भंडारा का आयोजन किया है। सीडीओ लक्ष्मी बीएस ने मा विन्ध्यवासिनी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन के साथ ही दर्शनार्थियों को भोजन प्रसाद का वितरण किया। सीडीओ ने कहा की मां विंध्यवासिनी के दर्शनार्थियों के भंडारा की व्यवस्था किया गया है जिससे किसी भी दर्शनार्थियों को असुविधा ना हो।यह बहुत ही पुनीत कार्य है। उक्त अवसर पर विकास खंड कोन की प्रमुख मीनाक्षी सिंह, समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी राकेश शुक्ला, भारतेन्दु यादव, विनोद कुमार पाण्डेय, गोबर्धन त्रिपाठी, सुरेश सोनकर, पप्पू सहित भारी संख्या में क्षेत्र के प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे।



भक्तों को प्रसाद वितरित करतीं सीडीओ व प्रमुख

कोन मीनाक्षी सिंह के सौजन्य से आयोजित विशाल भंडारा में मुख्य विकास अधिकारी ने भक्तों को प्रसाद वितरण किया। विगत नवरात्रि की भांति इस चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर दूरदराज तथा स्थानीय भक्तों एवं दर्शनार्थियों के सुविधा के लिए विकास खंड कोन क्षेत्र की प्रमुख मीनाक्षी सिंह

## सड़क निर्माण में बाधा डालने पर प्रधान ने की शिकायत

### प्रधान व मजदूरों को गाली गलौज देने का लगाया आरोप

जनसंदेश न्यूज

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर अड़तीस गांव की महिला ग्राम प्रधान ने मनरेगा योजनान्तर्गत बनाए जा रहे सड़क में बाधा डालने पर गांव के ही लोगों के खिलाफ राजगढ़ थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर अड़तीस ग्राम सभा की महिला ग्राम प्रधान सोनमती ने दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम सभा में मनरेगा योजनान्तर्गत लगभग छः लाख रुपए की लागत से एक किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है।

सड़क का निर्माण कार्य सरकारी आदेशानुसार इसी वर्ष के मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन यहां के कुछ दबंग लोगों द्वारा सड़क निर्माण कार्य में बाधा डाला जा रहा है। ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया कि दबंग लोग कार्य करने गए मजदूरों तथा ग्राम प्रधान को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए भद्दी भद्दी गालियां देकर वहां से मजदूरों को भगा दिया गया। सड़क निर्माण नहीं होने से ग्राम सभा का विकास कार्य एवं सरकारी धन का नुकसान हो रहा है। महिला ग्राम प्रधान सोनमती ने राजगढ़ थाने में तहरीर देकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा गांव के ही दो नामजद लोगों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए मजदूरों को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के साथ ही गाली देते हुए भगा देने का प्रार्थना-पत्र दिया गया है। मामले की गम्भीरता से छानबीन की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# कार्य में लापरवाही पर डीपीओ के वेतन भुगतान पर रोक

**बैठक**

## पोषाहार वितरण, डाटा फीडिंग की धीमी प्रगति पर सभी सीडीपीओ से मांगा स्पष्टीकरण

## जिला पोषण कन्वर्जेन्स समिति कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

जनसंदेश न्यूज



बैठक को संबोधित करते डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अधिकारियों के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पोषण अभियान की जनपद स्तरीय पोषण कन्वर्जेन्स सम्बन्धी बैठक की। इस दौरान कार्य में लापरवाही पर जिला कार्यक्रम अधिकारी के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये गये।

वहीं पोषाहार वितरण, डाटा फीडिंग की धीमी प्रगति पर डीएम ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले के विकास व स्वस्थ्य समाज के लिए बच्चों का स्वस्थ्य होना जरूरी है, कुपोषण मुक्त गांव की संकल्पना के साथ ही अधिकारियों को गांव के हिसाब से कार्य आवंटित किये गये हैं।

डीएम ने कहा कि गांवों को शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त बनाये जाने हेतु प्रभावी कदम उठायें जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने पोषाहार वितरण के पश्चात पोषण टैकर ऐप पर फीडिंग की प्रगति की समीक्षा की, तो पोषण टैकर ऐप पर फरवरी माह की फीडिंग 26 प्रतिशत पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिये। कहा कि पोषाहार वितरण के बाद पोषक टैकर ऐप पर फीडिंग के कार्य में तेजी लायी जाये। इसी प्रकार डीएम ने बीएचएनडी की बैठक रोस्टर सेशन के अनुसार न होने व पोषण अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की मानीटरिंग बेहतर ढंग से न किये जाने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण अभियान के तहत कराये जा रहे कार्यों की बेहतर ढंग से मानीटरिंग करना सुनिश्चित करें, जिन बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा पोषण अभियान के तहत मानीटरिंग व निरीक्षण के कार्यों में शिथिलता बरती जायेगी, उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि सैम-मैम बच्चों समय पोषाहार व दवाएं उपलब्ध करायी जाये और उनके स्वास्थ्य का समय-समय पर परीक्षण भी कराया जाये, जिससे कि वह जल्द स्वास्थ्य हो सकें।

## रिचार्ज पिट निर्माण में लापरवाही पर 6 एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि

**सोनभद्र।** जनपद में पेयजल समस्या के निस्तारण के लिए चलाए जा रहे डीप बोरवेल रिचार्ज पीट निर्माण की समीक्षा मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने सभी सचिवों, सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं खंड विकास अधिकारियों से की जिसमें प्रथम चरण में 1906 रिचार्ज पिट का लक्ष्य जनपद का निर्धारित किया गया है। विकास खंड कोन 135 रिचार्ज पीट का लक्ष्य निर्धारित किया गया था इसमें अभी तक मात्र 18 पर कार्य शुरू हो पाया है, इसी प्रकार विकास खंड चतरा में 152 के सापेक्ष 46 रिचार्ज पीट पर कार्य शुरू हुआ है, विकास खंड नगवा 116 के सापेक्ष 34 पर कार्य शुरू हुआ है, विकास खंड रावट्र्सगंज में 291 के सापेक्ष 90 रिचार्ज पीट पर कार्य शुरू हुआ है। विकास खंड करमा में 188 के सापेक्ष 59 एवं विकास खंड म्योरपुर में 301 के सापेक्ष 104 पर कार्य शुरू हुआ है, बभनी विकास खंड में 135 के सापेक्ष 47 चोपन विकास खंड में 197 के सापेक्ष 84, दुद्धी विकास खंड में 115 में 51 पर कार्य प्रारंभ पाया गया। जिलाधिकारी ने रिचार्ज पीट निर्माण में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डिफाल्टर विकास खण्ड कोन, चतरा, नगवा, राबट्र्सगंज, नगवा और म्योरपुर के एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने का निर्देश दिया गया।

# दो चोर गिरफ्तार, दो बाइक समेत हजारों का सामान बरामद

जनसंदेश न्यूज

**बभनी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निर्देशन में मंगलवार को पुलिस ने दो अंतरप्रांतीय चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से बाइक व हजारों का सामान बरामद कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि बभनी कस्बे में संचालित मोबाइल दुकान से बीते 21 मार्च को दुकान की छत तोड़कर मोबाइल फोन व एसेसरीज चोरों ने पार कर दिया था। इसके पूर्व बाईक भी चोरी किये थे। उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो लोग चोरी की बाइक लेकर छत्तीसगढ़ भागने के फिराक में हैं। सूचना मिलते ही वरिष्ठ उप निरीक्षक आर एस शर्मा टीम के साथ निकल पड़े।

पुलिस टीम मगरमांड बड़ा देव तिराहे के पास पहुंची तो दो लोग आते दिखाई दिये जो पुलिस टीम को देख भागने के चक्कर में पड़ गये। लेकिन पुलिस ने दोनों को दौड़ाकर पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम राम दिहल प्रजापति पुत्र राम करन निवासी नेमना, बीजपुर व लखन लाल पुत्र दादू राम प्रजापति निवासी जनकपुर छत्तीसगढ़ बताया। दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया। दोनों के पास से तीन मोबाइल, एक घड़ी, दो बाइक, तीन ब्लू टूथ तथा राउडर बरामद किया गया। इसके पूर्व राम दिहल चोरी के मामले में जेल जा चुका है। टीम में हेड कांस्टेबल भरत यादव, भईया लाल, जयप्रकाश शामिल रहे।

**संक्षेप**

### नदियों को निर्मल बनाने में सबका योगदान जरूरी



नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ लेते लोग

**चोपन।** वन प्रभाग द्वारा मंगलवार को सोन नदी के छठ घाट पर गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गंगा की सहायक नदियों को साफ सुथरा एवं स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा इंटर कॉलेज व कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय बैरियर के बच्चों के लिए स्वच्छता पर निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुई। वन विभाग चुर्क के एसडीओ विनीत सिंह ने अतिथियों, कर्मचारियों व स्कूली बच्चों को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नदियों का संरक्षण हमारा पुनीत कर्तव्य है। नदियों को निर्मल बनाने में हम सभी को अपना योगदान देना चाहिए। नमामि गंगे योजना प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। प्रत्येक वर्ष 16 से 31 मार्च तक गंगा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है, लेकिन इसका मतलब नहीं कि केवल गंगा नदी को ही स्वच्छ रखना है, बल्कि गंगा की सहायक नदियों को स्वच्छ रखने के लिए हम सभी को आगे बढ़कर कार्य करना होगा। इस क्रम में सोननदी के छठ घाट पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं बच्चों सहित उपस्थित लोगों ने सोन नदी पड़े कूड़ों को एकत्रित कर कूड़ेदान में डाल स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अंत में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिये बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर अमित रंजन, जिम्मेदार दास, प्रदीप अग्रवाल, त्रिलोकी दुबे, अंकिता यादव, बिट्टू सिंह, रामनाथ, अनिल सिंह, प्रमिला जायसवाल, हेमलता जायसवाल, नीलम सिंह, प्रतिमा सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### एक अप्रैल से 12 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा

**ओबरा।** स्थानीय राम मंदिर के मानस भवन में आगामी एक अप्रैल से पांच दिवसीय 12 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है। अखिल विश्व गायत्री परिवार ओबरा द्वारा आयोजित इस इस धार्मिक आयोजन की शुरूआत मंगल शोभायात्रा एवं आरती से होगी। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी मनमोहन शुक्ला ने बताया कि एक से चार अप्रैल तक प्रतिदिन संगीतमय कथा, प्रवचन आरती, देव आवाहन, गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार एवं विराट दीप महायज्ञ आयोजित होंगे। पांच अप्रैल को पूणार्हुति, विसर्जन एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### शौचालय की सूची के लिए तीसरी बार किया शिकायत

**दुद्धी।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत दीघुल में वर्ष 2015 - 20 के बीच लाभार्थियों की कितनी संख्या थी, जिसमें कितने शौचालयों का निर्माण हुआ और कितने अधूरे हैं की सूची के लिए गांव के शिकायतकर्ता अशोक यादव ने ब्लाक मुख्यालय पर मंगलवार को तीसरी बार खंड विकास अधिकारी के नाम शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई कि यथाशीघ्र शौचालयों की सूची उपलब्ध कराए, ताकि जिन लाभार्थियों के शौचालय अधूरे हैं, उनका शौचालय निर्माण पूरा हो सके।

### गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र।** एसपी के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में घोरावल पुलिस ने गैर इरादतन हत्या मामले का आरोपी गोपाल दास पाल पुत्र सुरेन्द्र कुमार पाल निवासी सिलवर घोरावल को तहसील मोड़ से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

## बेहतर शिक्षा, रोजगार उपलब्ध कराना ही लक्ष्यः त्रिभुवन

**दुद्धी।** विकास खंड के ग्राम पंचायत गुलालझरिया को पुरस्कार की खबर लगते ही गांव में जश्न का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रधान को फूल मालाओं से लाद कर उन्हें बधाई दी। प्रधान त्रिभुवन यादव ने कहा कि आजीविका युक्त गांव, महिला हितैषी, बाल मैत्री, सामाजिक सुरक्षा, आधारभूत सुविधा युक्त, पर्याप्त जलयुक्त, स्वच्छ और हरा भरा गांव, जैसे बिंदुओं पर बेहतर कार्य करने वाली जिले की ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पुरस्कार से पुरस्कृत किया है। ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना से पुरस्कृत किया गया। कहा कि जनता के सहयोग और जिला प्रशासन के प्रोत्साहन तथा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त प्रभाकर सिंह मास्टर ट्रेनर के मार्गदर्शन ने सम्मान दिलाया है। हमारा प्रमुख लक्ष्य बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, पर्यावरण में बेहतर रोजगार के अवसर पैदा करना है। सम्मान उत्सव में ज्ञानचंद मौर्य, श्रुति सागर मिश्रा, देवमुनि सिंह, रमेश कुमार गुप्ता, रामवृक्ष यादव, रामचंद्र सिंह, श्याम बिहारी, रजवंती देवी, दिनेश कुमार, आनंद उपस्थित रहे।

# वासंतिक नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की हुई आराधना

**नवरात्र**

## जय माता दी से गुंजायमान हुए मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब



डाला वैष्णो धाम में पिंडी दर्शन करते श्रद्धालु

**सोनभद्र/डाला।** जिले में वासंतिक नवरात्र के सातवें दिन मंगलवार को देवी मंदिरों में मां के कालरात्रि स्वरूप की उपासना की गयी। इस दौरान मंदिरों में भक्तों ने मत्था टेक माता को नारियल, चुनरी, फल, फूल चढ़ाकर मंगल जीवन की कामना की। वहीं जगह-जगह देवी मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

नगर के प्राचीन मां शीतला मंदिर, सातो शीतला मंदिर, प्रकटेश्वरी भवानी मंदिर मुठेर, दक्षिणेश्वरी काली मंदिर, अमिला भवानी, कुड़ारी धाम, ज्वाला देवी, जिरही भवानी समेत तमाम देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन के लिए लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार किया। बाद भक्तों ने मां के चरणों में मत्था टेककर अपने मंगल जीवन की कामना किया। भक्तों को माता रानी के दर्शन में किसी तरह की समस्या न आने पाए, इसके लिए मंदिर कमेटी व पुलिस बल मुस्तैद रहा।

मंदिरों के आस-पास बैरिकेटिंग किया गया था, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार मां कालरात्रि की पूजा करने वाले भक्तों पर मां दुर्गा की विशेष कृपा बनी रहती है। मां कालरात्रि के चार हाथ हैं। उनके एक हाथ में खड्ग तलवार, दूसरे लौह शस्त्र, तीसरे हाथ में वरमुद्रा और चौथा हाथ अभय मुद्रा में हैं। मां कालरात्रि का वाहन गर्दभ है।

मां कालरात्रि का प्रिय रंग और पुष्प- मां कालरात्रि को रातरानी का पुष्प अर्पित करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि मां कालरात्रि को लाल रंग प्रिय है। इसलिए पूजा के समय लाल रंग का गुलाब या गुड़हल अर्पित करना चाहिए। इसी तरह रामगढ़ क्षेत्र में शीतला मंदिर और नौगढ़ स्थित अमरा भगवती धाम में माता के दर्शन को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। डाला संवाददाता के अनुसार-वासंतिक नवरात्र के सातवें दिन कालरात्री की पूजा बैष्णो मंदिर में हवन पूजन कर की गयी। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मंगलवार की सुबह से ही मंदिर में मां के श्रृंगार के पश्चात पट को खोल कर भव्य आरती की गयी।

बैष्णो शक्ति पीठ धाम के मंहत श्रीकान्त तिवारी ने बताया कि सातवें दिन मां कालरात्री का पूजन हवन कर आराधना करने से सभी रोगों की मुक्ति मिलती है। मां के दरबार में सच्चे मन से आने वाले को मां कभी निराश नही करती। उनकी मनोकामना पूर्ण करती है। वहीं सान्धकालीन आरती देख कर दर्शनार्थी मत्रं मुग्ध हो गए। दूर दराज से आये श्रद्धालुओं ने मंदिर के महत्व को बताया। मंदिर समिति व स्थानीय चौकी द्वारा भी सुरक्षा के कड़े इन्तजाम किये गये हैं। सुरक्षा सिक्योरिटी हेतु मेन गेट पर मेटल डिडेक्टर द्वारा तलाशी ली जा रही है तथा सुरक्षा को देखते हुए महिला पुलिस व पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मंदिर समिति के अध्यक्ष मुकेश गर्ग ने बताया कि वासंतिक नवरात्रि के नवमी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दे चैत्र छठ व्रत किया समापन

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे के शिवाजी तालाब व विभिन्न सरोवरों पर मंगलवार की तड़के व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य उपासना का महापर्व चैत्य छठ महापर्व सम्पन्न किया। इसके बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर पारण किया। सुबह सूर्य किरण फूटने से पहले ही व्रती सरोवरों की ओर प्रस्थान करने लगी। वहां अपने थालों पर सूप रखकर छठ मैया का ध्यान लगाकर उपासना में जुट गई। पौ फटने और सूर्य की पहली किरण देखते ही व्रती तालाब में घुटने भर पानी में जाकर डुबकी लगायी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद व्रती महिलाएं अपने घरों को प्रस्थान किया।

# दुष्कर्म के दोषी विजेंदर को उम्रकैद एक लाख रुपए अर्थदंड

**सजा**

## 9 वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला

**सोनभद्र।** 9 वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी विजेंदर विश्वकर्मा को उम्रकैद एवं एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि एक लाख रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 16 जनवरी 2014 को राबर्ट्सगंज कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी एक जनवरी 2014 को सुबह 10 बजे बाजार के लिए निकली थी तो घर वापस नहीं लौटी। बेटी की हर संभावित जगहों पर तलाश किया, किंतु उसका कहीं पता नहीं चला। 15 जनवरी 2014 को बेटी घर आई तो बताया कि उसे राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मझुई गांव निवासी विजेंदर विश्वकर्मा पुत्र मोहन विश्वकर्मा बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में विजेंदर विश्वकर्मा पुत्र मोहन निवासी मझुई, थाना राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी विजेंदर विश्वकर्मा को उम्रकैद एवं एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

### पॉक्सो एक्टः दोषी अमरेश को 10 वर्ष की कैद

**सोनभद्र।** साढ़े आठ वर्ष पूर्व 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी अमरेश कुमार को 10 वर्ष की कैद व 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 5 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक म्योरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 18 मई 2014 को म्योरपुर थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 19 अप्रैल 2014 को उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को शादी का झांसा देकर म्योरपुर थाना क्षेत्र के बाराडांड़ गांव निवासी अमरेश कुमार पुत्र मनिजर धोबी भगा कर ले गया। बेटी की कई जगह खोजबीन किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस तहरीर पर पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान 24 मई 2014 को पीड़ित बेटी को बरामद कर लिया और अभियुक्त अमरेश को गिरफ्तार कर लिया।

# इंडोनेशिया से आयी श्री राम की मूर्ति मुस्लिम कलाकार करते हैं निर्माण

**तैयारी**

## राज्यपाल सिक्किम लक्ष्मण आचार्य को भेंट की जाएगी यह मूर्ति



इंडोनेशिया से मंगायी गयी मूर्ति

**सोनभद्र।** 30 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी और श्रीराम जन्मोत्सव के लिए प्रभु श्रीराम की एक काष्ठ मूर्ति इंडोनेशिया के बाली द्वीप से मंगायी गयी है जिसे श्रीराम जन्मोत्सव के मुख्य अतिथि सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को भेंट की जाएगी । कार्यक्रम के संयोजक शहीद उद्यान ट्रस्ट के चेयरमैन विजय शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि मुस्लिम देश इंडोनेशिया के बाली द्वीप को श्रीराम के संदर्भों, वहां स्थापित मूर्तियों की वजह से उसे देव द्वीप या हिंदू देवताओं की भूमि कहा जाता है। बाली विश्व का अकेला ऐसा द्वीप है जहां वर्ष भर निरंतर रामलीला का आयोजन होता है। बाली में पचास वर्ष पूर्व अंतरराष्ट्रीय रामायण मेले का आयोजन किया गया था। बाली द्वीप रामकथा की वैश्विक गैलरी है, जहां के बच्चे व जन जन रामकथा के साथ बड़ा होता है। काष्ठ मूर्ति के विषय में जानकारी देते हुए श्री चतुर्वेदी ने बताया कि इंडोनेशिया के मुस्लिम शिल्पकारों के आय का प्रमुख स्रोत श्रीराम की मूर्तियों का निर्माण है, वे सिर्फ मूर्तियां ही नहीं बनाते बल्कि उन्हें श्रद्धापूर्वक आदर भी देते हैं। श्रीराम सबके प्रिय हैं इस तथ्य के संदेश का प्रतीक है यह मूर्ति जिसे बाली के शिल्पकारों ने बहुत ही आकर्षक ढंग से निर्मित किया है।

### सिक्किम राज्यपाल का आगमन 30 को

**सोनभद्र।** प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल ने बताया कि राज्यपाल सिक्किम लक्ष्मण प्रसाद आचार्य का जनपद में 30 मार्च को भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। वे पूर्वान्ह 11 से 12.30 बजे तक होटल अरिहन्त में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, इसके बाद अपने गंतब्य के लिए रवाना होंगे।

# शरीर किराए का घर, निश्चित समय के लिए स्वासों की मिली पूंजी

**बोले पंकज महाराज**

## जनजागरण यात्रा के तहत सत्संग सभा का हुआ आयोजन



सत्संग सभा में लोगों का अभिवादन करते पंकज महाराज

**दुद्धी।** कलयुग में कलयुग के जाने और कलयुग में सतयुग आने का बिगुल बजाने वाले, जयगुरुदेव नाम प्रभु का प्रचार करने वाले सन्त बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के अध्यक्ष पूज्य पंकज अपने 33 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक-वैचारिक जनजागरण यात्रा के साथ सत्संग कार्यक्रम कर रहे हैं। अपने चौदहवें पड़ाव पर जब पंकज महाराज खेल मैदान ग्राम डूमरडीहा आये तो स्थानीयों ने गाजे-बाजे के साथ काफिले का स्वागत किया। इस दौरान सत्संग सभा का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम उन्होंने मंच पर अपने गुरु महाराज के चित्र पर माला अर्पित करके दया-कृपा की याचना की। उन्होंने कहा यह सत्संग है।

इसमें किसी व्यक्ति-धर्म या मजहब की निन्दा, आलोचना नहीं की जाती। यहां तो केवल प्रभु के भजन व भक्ति के प्रति शौक पैदा किया जाता है। पंकज ने कहा कि पिछले जन्मों के पुण्य और महात्माओं की दया कृपा से आप को यह मनुष्य शरीर मिल गया है। आप सब खेती, दुकान, दफ्तर का काम करने के बाद, बाल-बच्चों को प्यार, दुलार करने के बाद, चौबीस घण्टे में सुबह-शाम एक-एक घण्टे बचाकर भगवान का भजन भी कर लिया करें। जिसके लिये यह मनुष्य शरीर मिला है। यह शरीर एक किराये का मकान है। निश्चित समय के लिये स्वासों की पूंजी मिली है। समय पूरा होते ही यमदूत आयेंगे और शब्द की डोरी को तोड़ देंगे, हमारा शरीर धड़ाम से गिरेगा। आपको 24 घण्टे भी कोई सगा सम्बन्धी रखने को तैयार नहीं होगा। हमारा भी यही प्रयास है कि उनके बताये दिखाये रास्ते पर चलकर जीव जागरण करते रहें। उन्होंने सब लोगों को शाकाहार अपनाने की अपील किया। इस मौके पर अवधू सिंह यादव, विजय शंकर यादव, राम नरेश यादव, काली चरन यादव, सुभाष कुशवाहा, सोमनाथ, जगनारायण गौड़, त्रिभुवन यादव, रमेश, सतीश, बिहारी लाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में भूमिका निभाएं जिम्मेदार

**बोल भूपेश चौबे**

## हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का डायट में हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज



चतरा ब्लॉक द्वारा लगाई गई टीएलएम प्रदर्शनी का निरीक्षण करते सदर विधायक भूपेश चौबे

**सोनभद्र।** जिले के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को बेसिक शिक्षा व बाल विकास पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यअतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात परिसर में लगे टीएलएम मेला प्रदर्शनी का विधायक ने निरीक्षण कर उसकी बारीकियों के बारे में जानकर शिक्षकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य की सराहना किया।

सदर विधायक ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे ही हमारे देश का भविष्य हैं आने वाले समय में बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिक्षक विद्यालय प्रबंधन समिति व अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को किस प्रकार की शिक्षा दी जाए कि उनकी मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहे। डायट प्राचार्य विजय शंकर मिश्रा, बीएसए हरिवंश कुमार व जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री बाल वाटिका में गतिविधि व कैलेंडर का उपयोग शिक्षण कार्य में जरूर करें। आप लोग शिक्षकों के साथ मिलकर निपुण लक्ष्य को प्राप्त करें और बच्चों का उत्साहवर्धन करें। इस दौरान छात्र, नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी व एआरपी को उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर सहायक अध्यापिका प्रियंका सिंह, संगीता मिश्रा, संवेदिता मिश्रा, पूजा तिवारी, रश्मि त्रिपाठी, वीना रानी श्रीवास्तव, रत्ना चतुर्वेदी, कुंजलता त्रिपाठी, प्रतिक्षा सिंह, सत्या शर्मा, श्रुति सिंह, कुमारी अन्नू, नमिता, श्वेता राजेश अग्रहरि आदि मौजूद रहे। संचालन शिक्षक आनंद त्रिपाठी ने किया।

# बखरा में अवैध प्लाटिंग पर गरजा वीडीए का बुलडोजर

जनसंदेश न्यूज


बखरा में अवैध प्लाटिंग के रास्ते व दीवार को तोड़ती जेसीबी।

**पड़ाव।** क्षेत्र के बखरा गांव में विकास प्राधिकरण का अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर गरजा। इस दौरान प्लाटरों के बीच अफरातफरी का माहौल रहा। संबंधित विभाग के जोनल अधिकारी देवचंद राम के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस और विकास प्राधिकरण के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर लगभग 10 बीघे जमीन मे फैले अवैध प्लाटिंग मे बने बाउण्ड्री और रास्ते को जेसीबी ने घंटे भर में उखाड़ फेंका।

विदित हो कि उक्त प्लाट पर 2 वर्ष में विकास प्राधिकरण के तरफ से यह चौथी बार कारवाई की गई। इसके बावजूद अवैध प्लाटिंग प्लॉटरो द्वारा बेखौफ प्लाटिंग किया जा रहा है जबकि 1 माह पूर्व उक्त विभाग द्वारा निमार्णाधीन 2 मंजिला इमारत उक्त प्लाट से 300 मीटर दूरी पर जेसीबी के माध्यम से जमीन दोज कर दिया था। वहीं उक्त प्लाट से कुछ दूरी पर लगभग दर्जनभर छोटे-बड़े अवैध प्लांट कांटे गये है। मौके पर स्थित जोनल अधिकारी देवचंद राम ने बताया कि लेआउट ना पास कराने के कारण यह कार्रवाई किया गया है और जो भी प्लाट लेआउट पास नहीं होगा विभाग की तरफ से ऐसी कार्रवाई किया जाएगा। इस मौके जेपी सिंह, छेदी सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## गंगा नदी में उतराया मिला महिला का शव

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के टांडाकला स्थित गणेश गंगा घाट के सामने मंगलवार को एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त शव को गंगा से निकालकर शिनाख्त के लिए रखा गया। शिनाख्त न हो पाने पर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। गणेश गंगा घाट टांडाकला में शव देखकर स्थानीय लोग होहल्ला मचाने लगे। देखते देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को शव मिलने को लेकर सूचित किया गया। सूचना पाकर चौकी प्रभारी मारूफपुर अनिल यादव, प्रभारी निरीक्षक बलुआ विनय प्रकाश सिंह, सीओ सकलडीहा राजेश राय मौके पर पहुंच गए, जहां स्थानीय गोताखोरों व पुलिस बल की सहायता से शव को बाहर निकलवाया। सीओ ने कहा कि उक्त शव किसी 40-45 वर्षीय महिला का है। प्रथम दृष्टया स्नान के दौरान डुबने से मौत हुई प्रतीत हो रहा है। क्योंकि शरीर पर कपड़े कम है। बताया कि महिला के हाथ पर गोदना से राजी देवी व रामप्रताप लिखा गया है। उक्त शव कहीं दूर से बहकर आया हुआ लग रहा है। जिसकी शिनाख्त के लिए प्रयास किये जा रहे है।

# एसपी ने चंदौली के व्यापारियों की सुनी समस्याएं


पुलिस लाइन में व्यापारियों संग बैठक करते एसपी अंकुर अग्रवाल।

**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को एएसपी ऑपरेशन सुखराम भारती व एडिशनल एसपी विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उद्योग व्यापार मंडल उद्यमियों सरार्फा व्यवसाईयों की बैठक हुई। जिसमें व्यापारियों की समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्या के निदान का एसपी ने भरोसा दिया है।

एएसपी विनय कुमार सिंह ने कहा की किसी को कोई भी परेशानी होती है तो तत्काल इसकी सूचना नजदीकी पुलिस को दे। उन्होंने व्यापारी बन्धुओं को पुलिस की तरफ से सुरक्षा का माहौल प्रदान करने का पूरा विश्वास दिलाया। कहा कि कोई भी किसी भी समय किसी भी प्रकार की समस्या व शिकायत पुलिस से बता सकता है जिसका गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि व्यापारी बंधुओं बहुत समस्या का समाधान हर तरीके से किया जाएगा। अगर गलत तरीके कोई व्यक्ति किसी व्यापारी को परेशान करते हैं तो उसकी सूचना दे। बैठक में व्यापारी बंधुओं ने समस्या का समाधान ना होने पर काफी नाराजगी जताई, वहीं दूसरी ओर व्यापारियों ने चोरी छिनैती की घटना सहित सैदूपुर में हुए स्वर्ण व्यापारी के यहां लूट के इरादे से आये लुटेरों ने फायरिंग कर फरार हो गए, जिसे व्यापारी दहशत में आ गए थे। लक्ष्मीकांत अग्रहरि ने प्रशासन को अवगत कराया कि पुलिस की सक्रियता की सख्त आवश्यक है जो इस तरह की घटना ना घटित हो। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि जिस तरह पुलिस लोगों के लिए अपना कार्य करती है उसी तरह व्यापारी भी देश की अर्थव्यवस्था में एक सिपाही की भांति कार्य करते हैं। अगर कोई व्यापारी अपनी समस्या लेकर पुलिस के पास जाए उसको सम्मान पूर्वक उसके साथ न्याय हो। इसके साथ फूड विभाग के लोग व्यापारी बन्धु को परेशान ना करें इसका एक उचित समाधान होना चाहिए।

इस मौके पर बबलू सोनी, घूरेलाल कन्नौजिया, अमीय पाण्डेय, मंजू जायसवाल, मनोरमा गुप्ता, शीला देवी, शीला गुप्ता, आभा चौरसिया, रीता रंजन, रघुवर शर्मा, करुणापति तिवारी, मकबूल आलम आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम की जरूरतः रतीश


नेहरू युवा केंद्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते रतीश कुमार

**शहाबगंज।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक आवासीय विकास प्रशिक्षण का आयोजन गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रतीश कुमार ने स्वामी विवेकानंद के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में 40 युवक व युवतियां शामिल हुए, जहां युवाओं को स्वच्छता, रोजगार व शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण के पश्चात गांव में जाकर लोगों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र, प्रशिक्षण कीट व युवाओं को यात्रा भत्ता का भुगतान किया जाएगा। मुख्य अतिथि रतीश कुमार ने कहा कि देश का विकास युवाओं के सहयोग से ही संभव है, युवाओं को अपने अंदर की क्षमता को समझकर उसी के अनुसार कार्य करना होगा। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सदैव कठिन परिश्रम करना पड़ेगा, तभी कुछ हासिल किया जा सकता है।युवाओं को हर सुबह एक लक्ष्य के साथ उठना चाहिए। लक्ष्य जब तक पूरा नहीं हो तब तक उसे चैन नहीं आनी चाहिए, यही सफलता का मूल मंत्र है। इस दौरान राज्य प्रशिक्षक राजकुमार, मुन्नु मौर्य, हरीहर प्रसाद, मिथिलेश कुमार, रोहित कुमार, शेषनारायण, निधि गुप्ता ,नेहा गुप्ता, कुमारी निशा, आंचल मौर्य, सब्बो बानो आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता सुनील कुमार मौर्य व संचालन अजय कुमार ने किया।

### खाद्य विभाग ने जांच के लिए एकत्रित किए 12 नमूने

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के आदेश के अनुपालन में नवरात्रि पर्व के अवसर पर जनपद चंदौली में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय विशेषकर सिंघाड़े का आटा, कुट्टू का आटा व अन्य फलाहार पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय आरएल यादव के निर्देशन जांच अभियान चलाया गया। सकलडीहा से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा एक साबूदाना एवं एक मूंगफली दाना, चन्दौली बाजार से एक दूध तथा सैयदराजा बाजार से एक किशमिश, एक बर्फी, एक दूध, अमड़ा चन्दौली से दो सिंघाड़ा आटा, एक मूंगफली दाना, तथा बाजार से एक साबूदाना, चकिया से दो सरसों का तेल इस तरह कुल 12 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला को जांच हेतु प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। खाद्य कारोबारकर्ता एवं आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थ से होने वाले नुकसान के संदर्भ में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जागरूक किया गया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रकांत बाजपेई एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार शाही, नेहा त्रिपाठी, सच्चिदानंद राय, अरविंद कुमार, कुमार चित्रसेन शामिल रहे।

### रामनवमी पर निकलेगी शोभायात्रा

डीडीयू नगर। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला मंत्री इंद्रजीत जायसवाल ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर्व पर 30 मार्च को शाम 4 बजे अग्रवाल सेवा संस्थान से यह शोभायात्रा प्रारंभ होगी। शोभायात्रा सब्जी मंडी, गल्ला मंडी ,नगर पालिका स्कूल, जीटी रोड बस स्टैंड होते हुए पुनः अग्रवाल सेवा संस्थान पर पहुंचकर समाप्त होगी। आयोजकों द्वारा लोगों से अपील की गई है कि उक्त शोभायात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बने।

### दो वांछितों को पुलिस ने पकड़ा

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर की सूचना पर दो वांछित अभियुक्त संतोष कुमार व सुधीर पांडेय नामक व्यक्ति को दामोदरदास पोखरी के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं मां रेहणा भगवती

**नवरात्रि**

**रेहणा जंगल में मां की प्रतिमा मिलने से उनका नाम रेहणा भगवती पड़ा**

जनसंदेश न्यूज


चिरईगांव स्थित रेहणा मंदिर में पूजन-अर्चन करते पुजारी।

**कंदवा।** बरहनी बिकास खण्ड के चिरईगांव के दक्षिण कर्मनाशा नदी के तट पर मां रेहणा भगवती का मंदिर स्थित हैं जो नवरात्रि में भक्तों के आस्था की प्रतिक बनी हुई है। मां के दर्शन के लिये दूर दूर से लोग चल कर आते हैं। मान्यता है मां रेहणा ईसी रूप में लगभग चार सौ वर्ष पहले गाय भैस को चराने वाले चरवाहों द्वारा उसी जगह पर मिली थी उस समय इस स्थान पर घनघोर रेहणा नाम का जंगल था जहां पर लोग अपने जानवरों को चराने आते थे।

रेहणा जंगल में मां का प्रतिमा मिलने से उनका नाम रेहणा भगवती पड़ा। नवरात्रि में मंगलवार सप्तमी के दिन माँ के दरबार में दिन भर दर्शनार्थी महिला पुरुष आते रहे यहाँ पर पडोसी प्रदेश बिहार के साथ साथ झारखंड और मध्य प्रदेश से भी लोग मां का दर्शन करने आते हैं। मंदिर के पुजारी अरविन्द पाण्डेय का माने तो आज भी नाग देवता मंदिर की सुरक्षा करते हैं और माँ से मांगी गयी मुराद पूरी होती है। मृत्युंजय सिंह, बिट्टू सिंह, नगेन्द्र सिंह, विकास, ढोलन चौधरी का कहना है पहले पूर्वजों द्वारा छोटा मंदिर बनाया गया था लेकिन यहां अचानक फक्कड बाबा का पदार्पण हुआ और उनके द्वारा यज्ञ कराया गया। उसके बाद मां भगवती का भव्य मंदिर बन कर तैयार हो गया। पास में फक्कड बाबा समाधि स्थल भी है। यहां पर बहुत तपस्वी और विद्वान पधार चुके हैं।

## देवी जागरण में तृप्ति गुप्ता के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**नियामताबाद।** चैत्र नवरात्रि पर जागरण का कार्यक्रम विशेष रुप से होता है इसी कड़ी में अलीनगर स्थित संजय जायसवाल के आवास पर माता रानी की उपासक तृप्ति गुप्ता का आगमन हुआ। इस दौरान तृप्ति गुप्ता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद रही। वहीं रात्रि जागरण को माता रानी का पूजन और भजन धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर बताया कि गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी हम पर माता की विशेष कृपा होती है मुख से निकली हुई आवाज चमत्कार से कम नहीं होती। बताया कि भारत देश में विभिन्न धर्मों के धर्मावलंबी रहते हैं सभी लोग अहिंसा का मार्ग चुनते हैं। जीवो पर दया, मानवता की रक्षा करना, बिना किसी भेदभाव के साथ समाज में एक साथ रहना, सभी वर्गों में बराबरी और भाईचारा बना रहे। एक धर्म को मानने वाले दूसरे धर्म की बुराई ना करें आदि बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

# हम जैसे है उसी में खुश रहना चाहिएः सुंदरराज



**चहनियां।** क्षेत्र के महुआरी खास गांव में मां गंगा के तट पर चल रहे श्रीमद भागवत कथा के चौदहवें दिन सुंदरराज स्वामी ने कहा कि जब श्रीकृष्ण नन्द नगरी पहुंचे तो कंस को चिंता हुई। उसने पूतना से लेकर बकासुर को भगवान को मारने के लिए भेजा, किंतु भगवान के सामने उसकी एक न चली। इसी दौरान कंस के सामने पूतना मथुरा में जाकर ललकारने लगी। या तो मुझसे शादी करो या फिर मुझसे युद्ध करो। कंस बुद्धिमान था। उसने कहा कि श्री कृष्ण ने जन्म लिया है उसे समाप्त करके आयो। फिर तुम्हारी शर्तों पर विचार किया जायेगा। पूतना बृज मंडल में गयी और एक वर्ष के बच्चों को खोज खोज कर मारने लगी। किन्तु कंस के शर्त के पहले ही भगवान के हाथों मारी जाती है। जिनके घर में यश, शांति, प्रेम, एकता होती उसी घर में भगवान आते हैं। अतिथियों का आदर करना चाहिए। पूतना भी जब भेष बदलकर पहुंची तो उसका आदर सत्कार किया गया, किन्तु कौन जानता था कि कन्हैया का बद्ध करने आयी है। कन्हैया को गोद में लेने के लिए यशोदा मां से तरह तरह हथकंडे अपनाने लगी। कहा कि पहले लोग माई रे कहते थे। आज मम्मी कह रहे है। माँ भी अपना दूध न पिलाकर बोतल थमा देती है तो बच्चा कहां मजबूत होगा। माई रे के शब्द में प्रेम झलकता था। मां का दूध अमृत के समान है। उसी दूध पिलाने का वास्ता देकर पूतना ने फायदा उठाया किन्तु भगवान के आगे किसी की नहीं चलती। इस दौरान प्रधान सत्येंद्र सिंह मिन्टू, नरेंद्र गुप्ता, दीपक सिंह, विंध्याचल तिवारी, ओम नारायण सिंह, छोटू यादव आदि उपस्थित थे।

# सड़क पर गिरी गिट्टी बनी काल, बाइक सवार की मौत



**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के चकिया-मुगलसराय मार्ग पर अमरा उत्तरी गांव के पास सोमवार की देर शाम सड़क पर गिरी गिट्टी पर फिसलने से 24 वर्षीय युवक गौरव श्रीवास्तव बिजली के पोल से टकरा कर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में लोगों ने उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इकलौते पुत्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

चकिया नगर के वार्ड नंबर 4 कबीर नगर निवासी पप्पू श्रीवास्तव का एकलौता पुत्र गौरव श्रीवास्तव पीडीडीयू नगर के एजीआर होंडा में नौकरी करता था।

प्रतिदिन की तरह वह बाइक से अपने घर चकिया आ रहा था। रात्रि 8:00 बजे के आसपास वह बाइक से जैसे ही अमरा उतरी गांव के पास पहुंचा ही था की सड़क किनारे बेतरतीब पड़े गिट्टी पर बाइक का पहिया पड़ गया और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे में टकरा गया। घायलावस्था में पड़े गौरव को ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से जिला संयुक्त चिकित्सालय में भिजवाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इकलौते पुत्र की मौत की सूचना मिलते ही पिता पप्पू श्रीवास्तव और माता कंचन पत्नी निकिता रोते बिलखते अस्पताल पहुंच गए। कोतवाली प्रभारी मिथिलेश तिवारी ने बताया कि युवक के बड़े पिता नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के तहरीर के आधार पर सड़क किनारे गिरी गिट्टी के कारण बाइक अनियंत्रित हुई है जिससे उसकी मौत हुई है जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है वही शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया गया है। विधायक कैलाश आचार्य के पहल पर रात में शव का पोस्टमार्टम करउसे परिजनों के सिपुर्द कर दिया गया।

## पुलिस ने 90 शीशी शराब के साथ दो तस्करों को पकड़ा

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के जेंगुरी गांव के पास गुजरी बाबा रमैया मार्ग से मंगलवार की सुबह मोटरसाइकिल से देशी शराब लेकर बिहार जा रहे दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया। क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की जेंगुरी गांव के पास से गुजरी बाबा रमैया मार्ग से शराब तस्कर बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बिहार की तरफ जा रहे थे। सूचना के आधार पर पुलिस ने रमैया बाबा मार्ग पर घेराबंदी कर दिया। मोटरसाइकिल से दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए जब उनको रोककर तलाशी ली गयी तो बोरी 90 शीशी देशी दो सौ एमएल बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्कर चन्दन कुमार विश्वकर्मा 28 वर्ष व श्रीनारायण विश्वकर्मा 50 वर्ष ग्राम सिहोरिया, थाना चांद, जनपद कैमूर भभुआ बिहार के निवासी हैं। आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत जेल भेज दिया। इस दौरान थाना अध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा, रणजीत कुमार, रमाशंकर, अखिलेश सोनकर, आनंद प्रजापति, कांस्टेबल रोहित कुमार मौजूद रहे।

# प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ भाकपा माले लामबंद

**गुस्सा**

**प्रदेश की सरकार और प्रशासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी**


सलेमपुर गांव में धरना प्रदर्शन करते भाकपा माले के पदाधिकारी।

**सकलडीहा।** क्षेत्र सलेमपुर गांव में भाकपा माले इंकलाबी नौजवान सभा के नेतृत्व में बुधवार को छठवें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रह। इस दौरान विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले के नेताओं ने शासन प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। माले कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की तानाशाही सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। भाकपा माले उमानाथ सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के साथ शासन प्रशासन के लोग तानाशाह हो गये है। पिछले छह दिनों से सलेमपुर गांव में लोग धरना प्रदर्शन विभिन्न मांगों को लेकर कर रहे है।

इसके बाद भी अधिकारी मौन साधे हुए है। दशकों से ग्राम समाज की जमीन पर बसे मजदूर परिवारों को हटाने का नोटिस जारी किया जा रहा है। जबकि ग्राम सभा सलेमपुर में आज भी सैकड़ों बीघा जमीन ग्राम समाज के नाम से दर्ज हैं। इसके बाद भी गरीबों को कृषि पट्टा देने के बजाय काबिज गरीब किसान परिवारों को बेदखल की कार्रवाई की जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा के नाम पर ब्लॉक में जमकर लूट खसोट मचा है। सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि अधिकारियों की मिलीभगत से मनरेगा में लाखों करोड़ों का भुगतान करा रहे है। इसके बाद भी विकास कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इस मौके पर तुफानी गोंड, उमानाथ सिंह, शिवपूजन चौहान, पप्पू, दीपक, खरपत्तू, विनोद, कैलाश, कल्लू चौहान, नगीना देवी, रामजीत चौहान, मुन्नीलाल, रामप्रकाश, राजू चौहान, मदन, दुलारी देवी, गुड्डी, काजल चौहान, अतवारी देवी, निठोहरा देवी आदि मौजूद रहे।

# चैती छठः उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का किया पारण

जनसंदेश न्यूज


सरोवर पर अर्घ्य देने के लिए जुटी व्रती महिलाएं व उनके परिजन।

**डीडीयू नगर।** चैती छठ के चौथे दिन मंगलवार की सुबह व्रतियों ने सरोवर तटों पर पहुंच कर उदयाचल सूर्य को अर्घ्य दिया। सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण किया। इसक साथ ही चार दिवसीय व्रत का समापन हुआ। व्रत के अंतिम दिन तालाबों पर स्वयंसेवकों ने व्रतियों को अर्घ्य के लिए गंगाजल, दूध आदि उपलब्ध कराया।

सूयोर्पासना का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ व्रत की शुरूआत शनिवार को नहाय खाए से हुई थी। रविवार को व्रतियों ने उपवास रखकर शाम के वक्त बखीर तैयार की और 36 घंटे के उपवास की शुरूआत की। सोमवार की निर्जला व्रतियों ने सरोवर तटों पर पहुंच कर फल और पकवान से अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद व्रती घर वापस लौट आए। मंगलवार की भोर में एक बार फिर व्रती तैयार हुए और पूरे परिवार के साथ नंगे पैर सरोवर तटों पर पहुंचे। नगर के मानसरोवर तालाब, नई बस्ती स्थित दामोदरदास पोखरा, आरपीएफ कॉलोनी स्थित तालाब के साथ अन्य तालाबों पर व्रती पहुंचे। यहां कलश स्थापित कर पूजन अर्चन किया। इसके बाद यहां कमर भर पानी में खड़े होकर सूर्योदय का इंतजार किया। जैसे ही आसमान में सूर्य की लालिमा दिखी व्रतियों ने फल और पकवान से अर्घ्य देकर अभीष्ट की कामना की। परिवार के सदस्यों के साथ पड़ोस के लोगों ने भी अर्घ्य दिलाकर पुण्य लाभ कमाया। इसके बाद व्रतियों ने उपवास तोड़ा। वहीं विवाहित महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाया। इस दौरान सरोवर तट छठ मइया के गीतों से गुलजार रहे। व्रत के समापन के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

## डेढ़ किलो गांजा संग पुलिस ने तस्कर को पकड़ा

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान मंगलवार को फगोईया गांव के समीप गांजा तस्कर को धर दबोचा और उसको कोतवाली लाकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। दरअसल फगोईया गांव के समीप एसआई संतोष सिंह अपने हमराही के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे कि मुखबिर से सूचना मिली थी एक तस्कर गांजा लेकर बिहार की तरफ जा रहा है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर गांजा तस्कर को धर दबोचा। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसका नाम बबलू सिंह है और वह खगवल का निवासी है। चंदौली से गांजा खरीद कर, गांजे को पूड़िया बनाकर बेचने का काम करता है। पुलिस ने युवक का तलाशी लिया तो उसको पास से डेढ़ किलो गजा बरामद हुआ। पुलिस ने उक्त तस्कर को कोतवाली लाकर विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया। इस दौरान रूपनारायण सिंह, शशिधर मिश्रा, अशोक सिंह उपस्थित रहे।

# बेहतर साबित होगा पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग प्रोग्राम


पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग प्रोग्राम प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक।

**चंदौली।** जनपद में नीति आयोग की आउटकम पर आधारित टैब लैब परियोजना के तहत सभी चयनित विद्यालयों के प्रधानयापकों का जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया और प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम की महत्ता के विषय में बताया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि चंदौली अभी इस कार्यक्रम में अव्वल स्थान पर है और इस स्थान को इसी प्रकार हम सभी को बनाए रखना है। इसके बाद नीति आयोग की प्रतिनिधि विभा कुमारी ने कार्यक्रम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि आगे किस प्रकार जिले में बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता पूर्ण बदलाव आएगा इस पर भी प्रकार डाला। जिसके बाद उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी सदर को सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन के लिए मंच पर आमंत्रित किया।

संस्था द्वारा बताया कि पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग प्रोग्राम छात्रों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने में मदद करेगा। डैशबोर्ड के माध्यम से छात्रों के प्रदर्शन को समझना और श्रव्य दृश्य माध्यम की वजह से छात्रों का विद्यालय के प्रति किस प्रकार झुकाव बढ़ता है इसकी जानकारी दी गई। अंत में सभी प्रतिभागियों के प्रश्नों का जवाब संस्था के टीम मैनेजर उज्जवल जी के द्वारा दिया गया और चुनौतियों पर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। विदित हो कि केंद्र सरकार आउटकम लिंक्ड पेमेंट पर आधारित पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग प्रोग्राम को शुरू करने वाला देश का प्रथम जनपद है। जिसके अंतर्गत जनपद में 70 विद्यालयों को टैब लैब की स्थापना करने हेतु चयनित किया गया है। इन सभी चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लिए जनपद द्वारा चयनित की गई फर्म द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नीति आयोग की जिला कार्यक्रम प्रबंधक विभा कुमारी और केंद्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कमेटी से मधुनिका भी मौजूद थीं।

# स्पोर्ट्स

### मियामी ओपन टेनिस के चौथे दौर में पहुंचे बियांका और टॉमी सहित चार खिलाड़ी

मियामी। कनाडा की बियांका आंद्रीस्कू, बेलिंडा बेनसिच के अलावा अमेरिका के टॉमी पॉल व टेलर फ्रिट्ज ने यहां महिला और पुरुष एकल में अपने-अपने मुकाबले जीतकर मियामी ओपन टेनिस के चौथे दौर में प्रवेश किया है। बियांका ने तीसरे दौर में अमेरिका की सोफिया केनिन को 6-4, 6-4 से हराया। वहीं एक अन्य मैच में टोक्यो ओलिम्पिक की स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेनसिच ने भी रूस की कैटरीना एलेक्सांद्रोवा को 7-6, 6-3 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। एक अन्य मुकाबले में चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोयूसोवा ने अपने ही देश की कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-1, 6-2 से हराया। दूसरी ओर पुरुष एकल में अमेरिका के टॉमी और टेलर फ्रिट्ज ने आसान जीत के साथ ही अगले दौर में प्रवेश किया। पॉल ने स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-3, 7-5 से हराया जबकि फ्रिट्ज ने कनाडा के डेनिस शापोवालोव पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में विश्व के 8वें नंबर के होल्गर रूने ने अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्टजमैन को 6-4, 6-2 से हराया।

### बांग्लादेश ने पहले टी-20 में आयरलैंड को 22 रनों से हराया

**ढाका।** बांग्लादेश ने यहां पहले ही टी20 क्रिकेट मैच में आयरलैंड को 22 रनों से हराया दिया। वषार्बाधित इस मैच में डकवर्थ लुइस प्रणाली के आधार पर मैच में बांग्लादेश को जीत मिली। बांग्लादेश की जीत में रोनी तालुकदार की अहम भूमिका रही। रोनी ने मैच में एक अर्धशतक लगाया। तालुकदार ने इस मैच में 38 गेंद में सात चौकों और 3 छक्कों की सहायता से 67 रन बनाए। इस प्रकार बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 207 रन बनाये। बारिश के कारण मैच में आयरिश टीम को 8 ओवर में 104 रनों का लक्ष्य मिला जिसका पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम पांच विकेट पर 81 रन ही बना पायी। बांग्लादेश की ओर से रोनी तालुकदार और लिटन दास ने तेजी से खेलते हुए पहले पावरप्ले में 81 रन बनाये। लिटन ने 23 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 47 रन बनाए। तालुकदार ने 24 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। नजमुल हुसैन शांतो 14 जबकिशमीम हुसैन ने 20 गेंद में 30 रन बनाए।

# श्रीलंकाई प्रीमियर लीग 31 जुलाई से

**कोलंबो।** श्रीलंकाई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट (एलपीएल) का चौथा सत्र 31 जुलाई से शुरू होगा जबकि इसका खिताबी मुकाबला 22 अगस्त को खेला जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि एलपीएल लीग 31 जुलाई से शुरू होगी और 22 अगस्त को इसका फाइनल खेला जाएगा। यह पहली बार है जबक जुलाई-अगस्त में यह टूनार्मेंट खेला जाएगा।

इसमें पिछले सत्र की तरह ही 5 टीमों का टूनार्मेंट तीन स्थानों कैंडी, हंबनटोटा और कोलंबो में खेला जाएगा। इसमें हर टीम ज्यादा से ज्यादा 20 खिलाड़ियों को अनुबंधित कर सकती है जिनमें से 14 स्थानीय होने चाहिए जबकि 6

**22 अगस्त को खेला जाएगा फाइनल**

विदेशी क्रिकेटर रहेंगे। वहीं संयुक्त राज्य अमरीका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) टूनार्मेंट और इंग्लैंड में द हंड्रेड होने से इस लीग के लिए शीर्ष क्रिकेटरों को मिलने में परेशानी होगी। इसके बाद भी आयोजन समिति को उम्मीद है कि उसे अच्छे क्रिकेटर मिल जाएंगे। एलपीएल टूनार्मेंट निदेशक समांथा डोडानवेला ने कहा, हमने इस साल जुलाई और अगस्त के दौरान टूनार्मेंट आयोजित करने का फैसला किया है क्योंकि इस अवधि के दौरान टूनार्मेंट आयोजित करने से हमें शीर्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को अपनी ओर खींचने का अवसर मिलेगा।

### आईपीएल में कमेंटेटर के तौर पर नजर आ सकते हैं स्मिथ

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव स्मिथ आईपीएल में कमेंटेटर के तौर पर वापसी कर सकते हैं। स्मिथ ने अब तक 6 आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए खेला है पर साल 2021 सत्र के बाद से वह इस टी20 लीग से बाहर हैं। वह गत वर्ष हुई नीलामी में नहीं बिके थे। उन्होंने 2023 सत्र से पहले नीलामी से अपना नाम वापस ले लिया था। स्मिथ ने अपने प्रशंसकों को एक वीडियो संदेश में कहा, नमस्ते इंडिया। मेरे पास आपके लिए कुछ अच्छी खबर है।



असुनसियोन में अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनन मैसी अपने एक स्टेच्यू के बगल में खड़े होकर फीफा विश्वकप ट्रॉफी की एक प्रतिकृति उठाए हुए।

## रोहित को क्रिकेट किट के लिए दूध के पैकेट बेचने पड़े थे : प्रज्ञान



**मुम्बई।** पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि रोहित ने यहां तक पहुंचने के लिए काफी मेहनत की है। प्रज्ञान ने पुराने दौर को याद करते हुए कहा कि एक समय रोहित को क्रिकेट किट के पैसों के लिए दूध के पैकट तक बेचने पड़े थे।

ओझा ने कहा, रोहित एक मध्यवर्गीय परिवार से थे और मुझे याद है कि एक बार जब हमने बात की तो उन्होंने बताया कि उन्हें इसके लिए दूध के पैकेट बेचने पड़े थे। अब जब मैं उसे देखता हूं, तो मुझे बहुत गर्व महसूस होता है कि हमारी यात्रा कैसे शुरू हुई और हम कहां पहुंचे।

प्रज्ञान ने कहा कि जब वह पहली बार अंडर-15 राष्ट्रीय शिविर में रोहित से मिले थे तो हर कोई कह रहा था कि वह विशेष खिलाड़ी थे। उन्होंने कहा उस समय रोहित उनके खिलाफ क्रिकेट के मैदान में काफी आक्रामक थे, लेकिन बाद में वह अच्छे दोस्त बन गए। उन्होंने कहा, जब मैं पहली बार अंडर-15 राष्ट्रीय शिविर में रोहित से मिला, तो सभी ने कहा कि वह एक बहुत ही खास खिलाड़ी है। वहां, मैंने उनके खिलाफ खेला और उनका विकेट लिया। रोहित तब ज्यादा बात नहीं करता था पर वह आक्रामक था। मुझे यह भी हैरानी थी कि जब हम एक-दूसरे को नहीं जानते थे तो वह मेरे साथ इतना आक्रामक क्यों था, लेकिन उसके बाद हमारी दोस्ती बढ़ने लगी। इसके बाद ओझा ने 2008 में आईपीएल के दौरान डेक्कन चार्जर्स में रोहित और अपने दिनों को याद किया, उन्होंने कहा कि रोहित में तभी से नेतृत्व करने की क्षमता थी।

## मैंने ऋषभ को गाड़ी धीरे चलाने को कहा था : धवन

**नई दिल्ली।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को कार धीरे चलाने को कहा था। ऋषभ गत वर्ष 30 दिसंबर को हुए कार हादसे में घायल होने के बाद से ही अभी इलाज के दौर से गुजर रहे हैं। ऋषभ की कार दुर्घटना के बाद धवन का एक वीडियो काफी वायरल हुआ था , इसमें वह इस युवा क्रिकेटर को गाड़ी धीरे चलाने की सलाह दे रहे थे। अब उसी वीडियो पर धवन का एक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि यह सलाह उन्हें दिल से दी थी।

धवन ने कहा, सबसे पहले, मुझे खुशी है कि ऋषभ दुर्घटना में बच गए और अब वह ठीक हो रहे हैं। मैं उनसे बात करता रहता हूं। मैंने उसे एक बार ड्राइव करते हुए देखा था और जब उन्होंने मेरा साक्षात्कार लिया तो मैंने उन्हें सावधानी से ड्राइव करने के लिए कहा था। मुझे यह बात याद भी नहीं थी, लेकिन किसी तरह यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मैंने उन्हें दिल से सच्ची सलाह दी थी और सावधानी से गाड़ी चलाने के लिए कहा था। धवन ने आगे कहा, जब आप 20-21 साल के होते हैं तो सभी में वह उत्साह होता है। ऋषभ अकेले नहीं हैं, जिन्होंने तेजी से गाड़ी चलाई है। मैंने भी ऐसा तब किया था जब मैं उस उम्र का था। कई अन्य युवाओं ने भी ऐसा ही किया होगा। इस पर लगाम लगाना जरूरी है। मैंने उन्हें थोड़ी देर से सलाह दी थी, लेकिन हाँ मैंने उन्हें वह सलाह दी थी।

गौरतलब है कि ऋषभ के कार हादसे के बाद वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह और धवन आपस में बातचीत कर रहे थे। इसमें वह धवन से पूछते हैं कि आप कौनसी एक सलाह मुझे देंगे, जिसके जवाब में धवन ने कहा था, गाड़ी आराम से चलाया कर। ऋषभ अब ठीक हो रहे हैं पर अभी उनके फिट होने में समय लगेगा।

## पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 में अफगानिस्तान टीम को 66 रनों से हराया

**शारजाह।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने यहां शारजाह में खेले गये तीसरे टी-20 क्रिकेट मैच में अफगानिस्तान टीम को 66 रनों से हराकर सीरीज में एकमात्र जीत दर्ज की है। वहीं अफगानिस्तान ने 2-1 से सीरीज जीत ली है। इस सीरीज के पहले दोनो ही मैचों में पाक टीम को हार का सामना कारना पड़ा था। अंतिम टी20 में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पाक को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान टीम ने अफगानिस्तान टीम को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए अफगान टीम 116 रन ही बना पायी। पाक की ओर से कप्तान शादाब खान ने तीन विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल की। वह पाक की तरफ से क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 100 विकेट लेने वाले पहले पाक खिलाड़ी बने। उन्होंने अपने 87वें टी-20 मुकाबले में यह खास उपलब्धि हासिल की। शादाद के अलावा पाक की ओर से एसानुल्लाह ने भी तीन विकेट लिए।

## किसानों को वितरित किये गये सब्जियों के बीज

**वाराणसी।** भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के स्थानीय निदेशक डॉ. तुषार कान्ति बेहेरा के निर्देश पर ग्रामसभा गौरैया के किसानों में मक्का के संकर बीज किस्म एन एस सी 1008 पी, नेनुआ किस्म काशी श्रेया, काशी ज्योति, लौकी काशी गंगा व कुम्हड़ा किस्म काशी हरित के बीज का वितरण किया गया। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में नेनुआ, लौकी, कुम्हणा तथा मक्का की उत्पादन तकनीकों की किसानों को जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रधान वैज्ञानिक डॉ. त्रिभुवन चौबे, डॉ. राजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेश कुमार तिवारी, डॉ. जयदीप हालदार, वैज्ञानिक डॉ. राजीव कुमार, सर्वेश मिश्र, ग्राम प्रधान धनंजय मिश्र, नागेन्द्र तिवारी आदि उपस्थित थे।

## बॉलीवुड न्यूज

### 'गुम है किसी के प्यार में' ने मनाया 800 एपीसोड्स का जश्न



**मुंबई।** 'गुम है किसी के प्यार में' ने अपने धमाकेदार ट्विस्ट और टर्न्स के साथ दर्शकों का खूब ध्यान खींचा है। शो में आयशा सिंह, नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा लीड किरदारों में हैं। इस शो की दर्शकों ने हमेशा सराहना की है और इसे पसंद भी किया है। शो के किरदारों को भी लगातार दर्शकों का प्यार हासिल हुआ है। यानी अपने एंटरटेनिंग और दिलचस्प प्लाट के साथ, 'गुम है किसके प्यार में' ने दर्शकों को अपनी टीवी स्क्रीन से बांधे रखा। अब स्टार प्लस के शो 'गुम है किसी के प्यार में' ने सफलतापूर्वक 800 एपिसोड पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर शो की स्टार कास्ट के साथ साथ क्रू मेंबर्न ने भी इसे सेलिब्रेट किया और केक कटिंग सेरेमनी के साथ शो के सेट पर जश्न मनाया।इस शो में डीसीपी विराट की भूमिका निभाने वाले एक्टर नील भट्ट ने 800 एपिसोड की अपनी यात्रा के बारे में बात की और अनुभव साझा करते हुए कहा,* "800 एपिसोड के इस मील के पत्थर तक पहुंचने वाले हमारे शो के लिए मैं बहुत आभारी और विनम्र महसूस कर रहा हूं। यह कड़ी मेहनत का जश्न है। अभी भी बहुत लंबा सफर तय करना बाकी है और यह बहुत उत्साहजनक है। मेरी टीम और मैं यह सुनिश्चित करने के लिए और भी कड़ी मेहनत करने वाले है ताकि हम इस तरह के मील के पत्थर देखते रहें। इसका क्रेडिट गुम है किसी के प्यार में के सभी कास्ट और क्रू मेंबर्स को जाता है। वहीं पाखी की भूमिका निभाने वाली ऐश्वर्या शर्मा ने बताया कि वह इस शो के 800 एपिसोड पूरे करने के लिए कितनी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा,* "ऐसा लगता है कि हम अपना पहला एपिसोड शूट कर रहे थे और अब यह 800 हो गया है, कभी नहीं सोचा था कि मैं एक सफल शो का हिस्सा बन सकती हूं जिसने मुझे बहुत कुछ दिया है चाहे रील में हो या रियल लाइफ में जो मेरे करियर में एक टर्निंग प्वाइंट है। यह एक शानदार यात्रा रही है, मैंने बतौर एक्टर बहुत कुछ सीखा है और अभी भी सीख रही हूं। 'गुम है किसी के प्यार में' और 'पाखी' मेरे साथ हमेशा रहेंगे, मेरे दिल के करीब रहेंगे, मैं वास्तव में धन्य महसूस कर रही हूं और हां हमारे सभी प्रशंसकों को भी हार्दिक बधाई।

### मनदीप 25 साल बाद दिलप्रीत के घर रहने गया



**इंदौर।** सोनी सब के शो 'दिल दियां गल्लां' में दिखाया गया है कि बरार परिवार की तीन पीढ़ियों के बीच बातचीत की कमी ने कैसे दूरियाँ पैदा की हैं। गलत बयां हुईं स्थितियों, आहत भावनाओं और अपने-अपने मतों के कारण टूटे इस परिवार की कहानी दर्शकों को अपने जैसी लगती है। आने वाले एपिसोड्स में हम देखेंगे कि पिता और बेटे की जोड़ी, यानि कि दिलप्रीत (पंकज बेरी) और मनदीप (संदीप बसवाना) एक-दूसरे की मौजूदगी में दूरियों का सामना कैसे करेंगे। मनदीप ने दिलप्रीत का घर खरीद लिया है और उनके बीच हालात ज्यादा खराब हो गये हैं। दिलप्रीत बहुत गुस्सा और नाराज है कि उसे अब मनदीप जैसे बेटे के साथ रहना होगा, जिसने 25 साल पहले उसे छोड़ दिया था। जो घर दिलप्रीत के दिल के सबसे करीब था, उसे मनदीप द्वारा खरीदा जाना उसे सबसे ज्यादा गुस्सा दिलाने वाली बात थी। दिलप्रीत और मनदीप को इस चुनौती से रास्ता निकालते देखना दिलचस्प होगा। क्या दिलप्रीत घर छोड़ देगा या एक नया दिन उनकी जिन्दगी में नई रोशनी लेकर आएगा?

# कर्म सिद्धांत आत्मा की मान्यता पर निर्भर करता है: प्रो. बिमलेंद्र



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रथम श्रमण विद्या संकायाध्यक्ष प्रो. जगन्नाथ उपाध्याय की स्मृति में श्रमण विद्या संकाय अंतर्गत मंगलवार को योग साधना केंद्र में अभिधम्म दर्शन में कर्म एवं पुनर्जन्म और अभिधम्म ग्रन्थों में हृदयवत्थु विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें बीएचयू के पाली एवं बौद्ध अध्ययन विभाग के विशिष्ट विद्वान प्रो. बिमलेंद्र कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता बताया कि कर्म सिद्धांत आत्मा की मान्यता पर निर्भर करता है और बौद्ध धम्म में आत्मा है ही नहीं।

भगवान बुद्ध के कर्म सिद्धांत का संबंध कर्म से था और वह भी वर्तमान जन्म के कर्म से। ब्राम्हणी कर्म सिद्धांत के अनुसार बालक माता-पिता से शरीर के अतिरिक्त और कुछ प्राप्त नहीं करता। बालक का पूर्व कर्म उसका अपना किया हुआ है और वह उसे अपने द्वारा ही स्वयं अपने लिये प्राप्त करता है।

पूर्व संकायाध्यक्ष श्रमण विद्या संकाय के प्रो. हरप्रसाद दिक्षित ने आचार्य जगन्नाथ उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे स्वंय मे ग्रंथ थे, अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि आचार्य जगन्नाथ उपाध्याय विश्वविद्यालय में श्रमण विद्या संकाय के संस्थापक थे, बौद्ध परंपरा के आचार्य के रूप में स्थापित थे। संचालन डॉ. रविशंकर पांडेय ने किया।

इस अवसर पर प्रो. रामपूजन पांडेय, प्रो. हरिशंकर पांडेय, प्रो. जितेंद्र कुमार शाही, डॉ. पद्माकर मिश्र, प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो. राजनाथ, प्रो. सुधाकर मिश्र, प्रो. विधु द्विवेदी, प्रो. राघवेंद्र दुबे, प्रो. दिनेश कुमार गर्ग, डॉ. रेणू द्विवेदी, प्रो. विजय कुमार, डॉ. विद्या चंद्रा, डॉ. विशाखा शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री पुरस्कार के मानक पर प्रधान ने उठाए सवाल

**नाराजगी**

**डीएम से मुलाकात कर सौंपा पत्रक, की जांच की मांग**

**चहनियां।** जनपद में मुख्यमंत्री पुरस्कार मिलने वालो प्रधानों पर प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने सवाल खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए गांवो में विकास की मानक पर बनाये गये सूची व गांव की विकास की जांच कराये जाने की मांग प्रधान ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर किया। जनपद में मुख्यमंत्री पुरस्कार प्रोत्साहन राशि चयनित प्रधानों को मिलना है। इसके लिए प्रशासन ने लिस्ट जारी कर दी है। जिसमें गांव के विकास को देखते हुए अधिकारियों द्वारा इसकी सूची प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्तर पर तैयार किया गया है।

प्रधान सेवड़ी हुदहुदीपुर ने जनपद के प्रधानों को मिलने वाले मुख्यमंत्री पुरस्कार पर सवाल खड़ा कर दिया है। मंगलवार को सेवड़ी प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को प्रधानों की पात्रता सूची में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए पत्रक सौंपा। प्रधान ने जिलाधिकारी को बताया कि सेवड़ी में प्राथमिक बिद्यालय की विवादित भूमि व महाराणा प्रताप सरोवर तालाब पर सबसे बड़ा बाउंड्री कराया गया। पंचायत भवन, अमृत सरोवर, प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र का नया निर्माण, आंगनवाड़ी भवन, गांव में सीसी मार्ग, नाली, मनरेगा पार्क, साफ-सफाई आदि कार्य गुणवत्तापूर्वक कराया गया है किन्तु अधिकारी गांव का बिना जांच किये रुपये लेकर मानक की अनदेखी की है। इसके अलावा प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत बोरिंग में धांधली चल रहा है। मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए रुपये की डिमांड करने वाले अधिकारी के खिलाफ भी प्रार्थना पत्र दिया। जिलाधिकारी ने प्रधान को आश्वासन दिया कि इसमें जो भी दोषी है बख्शा नहीं जाएगा।



जिलाधिकारी को पत्रक सौंपते प्रधान आशुतोष सिंह।

## गोरारी गांव के ग्रामीण परिवार समेत पलायन को विवश

**चंदौली।** क्षेत्र के गोरारी गांव के कई परिवार बिछिया धरनास्थल पर शरणार्थी के रूप में एक बार फिर पहुंचे। इस प्रकरण में बीते 17 जनवरी को गोरारी गांव में कतिपय लोगों द्वारा 190 घरों के आने-जाने रास्ते को मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया था। जिसको लेकर पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने थाना बबुरी में तहरीर दिया था। मौके से दबंग को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया और जेसीबी को सीज कर दिया गया। इस प्रकरण को लेकर पीड़ित परिवार और गाँव के लोग जिलाधिकारी ईशा दुहन से मिलकर अपनी ब्यथा सुनाई थी। मामला का फिर भी हल नहीं निकला। उसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय के गेट पर चार दिन का धरना भी दिया गया। अपर डीएम के आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया गया। इस मामले में नवागत डीएम निखिल टी फुंडे ने भी आश्वासन दिया कि पानी निकलने और आने जाने प्रबंध करना प्रशासन का काम है।

# पर्यटकों के लिए लगेगा इंटरएक्टिव टचस्क्रीन मशीन

**डीएम का निर्देश**

**पर्यटन विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जतायी नाराजगी**

**बीएचयू अस्पताल परिसर के अवैध पार्किंग को हटाने का दिया आदेश**

**दर्शनार्थियों संग बेहतर व्यवहार को पुलिस व कर्मचारियों की होगी काउंसलिंग**

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने पर्यटकों की सुविधा के लिए जहां-जहां सूचना प्रसारण केंद्रों की उपलब्धता नहीं है, वहां-वहां इंटरएक्टिव टचस्क्रीन मशीन लगाने का निर्देश दिया। वह मंगलवार को जिले की विभिन्न समस्याओं के बाबत संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने समस्याओं के निस्तारण का भी निर्देश दिया।

जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने पर्यटन व्यवस्था को मजबूत बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि इंटरएक्टिव टचस्क्रीन मशीन में अलग-अलग भाषाओं में पर्यटन संबंधित समस्त सूचना एवं जानकारी होनी चाहिए। पर्यटन सूचना केंद्रों पर प्रशिक्षित गाइड, होटल, टूर ट्रेवल्स, प्रमुख मंदिरों, ओडीओपी, बनारसी व्यंजनों की सूची के अलावा महत्वपूर्ण फोन नंबर अवश्य होने चाहिए। उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारियों के बैठक में अनुपस्थित होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। सर सुंदरलाल चिकित्सालय में एमआरआई मशीन खराब होने की समस्या पर उन्हें बताया गया कि वर्तमान में एमआरआई मशीन कार्यरत है। कभी सुंदरलाल चिकित्सालय की मशीन खराब हो जाने पर ट्रामा सेंटर की एमआरआई मशीन 24 घंटे कार्य करती है। चिकित्सालय परिसर में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था के संबंध में बताया गया कि परिसर में अवैध पार्किंग को रोकने के लिए बीएचयू चौकी इंचार्ज व प्रॉक्टोरियल बोर्ड को निर्देश दिए गए हैं। मरीजों के ठहरने के लिए विश्राम कुटीर, धर्मशाला एवं कंबल घर की व्यवस्था है। साथ ही नवीन भवन बनाने की प्रक्रिया प्रशासन के अधीन है।

डीएम ने वीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में चल रहे विकास कार्यों की मानिटरिंग लगातार कराने की जरूरत है। जनता की शिकायतों का निस्तारण भी तत्काल किया जाए। शहर के अवैध भवनों और कॉलोनियों की समिति बनाकर जांच कराई जाए। उन्होंने मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों से अच्छा व्यवहार सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस एवं कर्मचारियों की काउंसलिंग कराने का निर्देश कार्यकारी अधिकारी सुनील वर्मा को दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) गुलाब चंद्र, वीडीए सचिव सुनील वर्मा, डारेक्टर रेलवे, नगर निगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विभिन्न विभागों की निमार्णाधीन परियोजनाओं पर तेजी से कार्य कराते हुए निर्धारित समयावधि के अंतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। परियोजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने, शिथिलता या लापरवाही तथा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान विद्युत विभाग द्वारा 400 केवी जीआईएस उपकेंद्र शाहुपुरी एवं संबंधित लाइन के निर्माण की समीक्षा करते हुए अवशेष समस्त कार्यों को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

# लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें निस्तारण

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में आईजीआरएस के संदर्भों के निस्तारण की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण संबंधित विभाग के अधिकारीगण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण को अपलोड करने से पूर्व अधिकारी उसके गुणवत्ता की अपने स्तर से भली-भांति परीक्षण कर लें।

उन्होंने कहा कि देखने में आ रहा है कि शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण में उदासीनता देखने को मिल रही है। समस्त संबंधित अधिकारीगण शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित करें। कहा कि निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित हो। अगली बैठक के पूर्व लंबित समस्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण कर दिया जाए अन्यथा शिकायतें लंबित पाए जाने या गुणवत्ताविहीन निस्तारण पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कहा कि डिफाल्टर श्रेणी की शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए इस बात का ध्यान रखा जाए कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में ना आने पाए उसके पूर्व ही समय से निस्तारण कर दिया जाए। उन्होंने असंतुष्ट फीडबैक, सी श्रेणी के निस्तारण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। कहा कि आगे से शिकायतों का सी श्रेणी का निस्तारण पाया गया तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित होगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्र उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों संग बैठक करते डीएम।

# आग लगने से छह बीघा गेहूं फसल जलकर राख


आग से राख गेहूं की फसल को देखता किसान

**नुकसान**

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अफलेपुर का मामला**

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अफलेपुर गांव में मंगलवार को अज्ञात कारण से आग लगने पर कई बीघा गेंहू जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी रजीद को सुबह गांव के लोगों ने सूचना दी कि उसके खेत में आग लग गई है। आनन-फानन में रजीद घर से निकलकर खेत के समीप पहुंचा तो देखा की उसके खेत के साथ-साथ उसके पड़ोसी अनीस, सैयद, फरियाद के खेत की फसल भी जल रही है। रशीद ने आग के विकराल रूप को देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनते ही आसपास के लोग एकत्रित हो गए और खेत के समीप स्थित ट्यूबवेल पंप को चलाकर आग पर पानी फेंकना शुरू कर दिया। घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। पीड़ित के अनुसार आग लगने के कारण 6 बीघे से अधिक की फसल जलकर राख हो गई है। वहीं आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।

सैयद ने बताया कि खेत में लगी फसल परिवार जीवन यापन चलता है। आग लगने के कारण फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गई है और सबके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया। फरियाद ने बताया कि खेत में आग लगने के कारण अधिक फसल जलकर राख हो गई है जिसका भरपाई कर पाना मुश्किल है। हम सब सरकार से मुआवजे की मांग करते हैं।

# परीक्षा और मूल्यांकन केंद्र पर अचानक पहुंचीं कुलपति

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर की विषम सेमेस्टर परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। पहला केंद्र रज्जू भैया और दूसरा केंद्र इंजीनियरिंग संस्थान में बनाया गया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने दोनों परीक्षा केंद्र

**जायजा**

**छात्रों से पूछीं समस्याएं, तत्काल पूरा कराने का निर्देश**

और मूल्यांकन केद्र का औचक निरीक्षण किया। कुलपति की मंशा है कि परीक्षा सुचितापूर्ण हो और समय से परिणाम निकल सकें। परीक्षार्थियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के निर्देश दिए।

परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान तथा संकाय भवन में बनाए गए केंद्र के केंद्राध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया की आज दोनों पालियों में कुल 850 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसमें रज्जू भैया संस्थान, विज्ञान संकाय, एमबीए, एचआरडी, बीई, वित्तीय अध्ययन, व्यवसाय प्रबंध, मास काम, एप्लाइड साइकोलॉजी के छात्रों ने दोनों पालियों में परीक्षा दी। इंजीनियरिंग संस्थान के केंद्राध्यक्ष डा. मनीष प्रताप सिंह ने कहा कि दोनों पाली में सात सौ से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षाएं दी। सुबह की पाली में बीटेक, एमटेक और एमसीए 346 विद्यार्थियों ने और शाम की पाली में 367 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा। परीक्षा के दौरान आंतरिक उड़ाका दल की टोली लगातार चेकिंग पर निकल रही थी। कुलपति के साथ प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, डा. नीतेश जायसवाल, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य आदि थे। इसके बाद कुलपति नवीन मूल्यांकन भवन में संचालित मूल्यांकन केंद्र एक एवं दो का निरीक्षण किया। मूल्यांकन केंद्र 2 के समन्वयक डॉ. रसिकेश से मूल्यांकन की प्रगति का हाल जाना और उन्हें व्यवस्था में सुधार के लिए जरूरी उपाय करने को निर्देशित किया।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती कुलपति प्रो. मौर्य

# साथियों पर दर्ज मुकदमे को लेकर पत्रकारों में भड़का आक्रोश

**विरोध**

**कलेक्ट्रेट में बैठक कर एसपी से मिले, सौंपा पत्रक**


एसपी को पत्रक सौंपते पत्रकार

**जौनपुर।** केराकत तहसील क्षेत्र के मुफ्तीगंज ब्लाक अन्तर्गत पेसारा गांव में स्थित अस्थायी गौशाला की दयनीय स्थिति को उजागर करने के मामले में उपजिलाधिकारी केराकत नेहा मिश्रा द्वारा द्वेषपूर्ण रवैये का परिचय देते हुये ग्राम प्रधान द्वारा दर्ज करवाये गये मुकदमे को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय पर सैकड़ों पत्रकार एकत्रित हुये।

कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पत्रकार भवन में आयोजित बैठक में उक्त प्रकरण की निन्दा करते हुये इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में सांसद बीपी सरोज के गार्ड द्वारा बदतमीजी का विरोध करने पर कुछ पत्रकारों के खिलाफ दर्ज कराये गये एससी/एसटी के मुकदमे पर चर्चा हुई। साथ ही इस प्रकरण की निन्दा करते हुये एक बार मेडिकल मुआयना कराने के बाद सत्ता के दबाव में पुनः मेडिकल मुआयना को गलत बताया गया। इसके बाद पत्रकारों का प्रतिनिधिमण्डल पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा से मिलकर उन्हें शिकायत पत्र दिया जिस पर उन्होंने जांच कर न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजकुमार सिंह, जय प्रकाश मिश्र, अजय शुक्ला, राकेशकान्त पाण्डेय, शम्भू सिंह, अजीत सिंह, शशिराज सिन्हा, राजेश श्रीवास्तव, विद्याधर राय विद्यार्थी, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, अरविन्द पटेल, आदित्य भारद्वाज, दीपक सिंह, मंगला प्रसाद तिवारी, राहुल कुमार, संजय चौरसिया, अनूप कुमार, अजीत बादल चक्रवर्ती, वीरेन्द्र पाण्डेय, रामजी जायसवाल के अलावा पीड़ित पत्रकार विनोद कुमार व अरविन्द यादव मौजूद रहे।

## शराबी युवक ने भाभी को मारपीट कर किया जख्मी

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के गजना गांव के एक शराबी व्यक्ति ने शराब के नशे में अपनी ही भाभी को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो वह मौके से फरार हो गया।

थाना क्षेत्र के गजना गांव के डबलू ने मंगलवार की शाम को लगभग साढ़े चार बजे अपनी ही भाभी खालिमा बानो 26 को अचानक गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगा। मारने पीटने के बाद महिला के घर के घरेलू सामान को बाहर निकालकर फेंक दिया। डबलू द्वारा मारने पीटने के कारण खालिमा बानो चिल्लाते हुए घर से बाहर भागी और डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस को देखते ही डबलू घर से फरार हो गया। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी देवानंद रजक ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। यदि लिखित तहरीर दी जाती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रों के नैतिक मूल्यों का विकास करना संस्थान की जिम्मेदारी : डॉ. त्रिपाठी

**कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में कार्यशाला का हुआ आयोजन**


कार्यशाला को सम्बोधित करते वक्ता

**पराऊगंज।** कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में परम्परा कृषि में नई तकनीकी जल संरक्षण नवाचार एवं 21वीं शताब्दी के कौशल पर आधारित कार्यशाला का आयोजन जेपी सिंह हाल में मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य मेजर डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने कहाकि किसी भी संस्थान की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है कि सभी छात्रों के नैतिक मूल्यों का विकास करना। प्रोफेसर डॉ. आरके पाण्डेय, डॉ. अमरेश कुमार, वाचस्पति त्रिपाठी एवं अनिमेष त्रिपाठी ने कृषि जल संरक्षण कृषि से लाभ तथा कृषि में नवाचार क्यों जरूरी है सहित विभिन्न विषयों पर सभी छात्र एवं छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती एवं संस्थापक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजक नेहरू युवा केंद्र जौनपुर उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित हुआ। इस मौके पर राम सिंह यादव, आलोक यादव, रंजीत कुमार, प्रेमचंद भारती, देवेश सिह, अजीत कुमार मिश्र, दुर्गा प्रसाद तिवारी, डॉ. अनूप, मुकेश यादव, लालमणि भारती, कृष्ण कुमार मिश्र समेत छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुज कुमार शुक्ल ने किया।

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**सिरकोनी।** क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैदाबाद गांव के समीप मंगलवार की दोपहर को अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक वर्षीय युवक की मौत हो गयी। घटना के बाद युवक का शव क्षत विक्षत हो गया। आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त हुई। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के मुताबिक देवमणि यदुवंशी पुत्र छोटेलाल यादव निवासी बालेमऊ थाना गौराबादशाहपुर वाराणसी की तरफ से जौनपुर की तरफ आ रहा था। उक्त स्थान पर उसे किसी बड़े वाहन ने कुचल दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे ने लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक के घर पर सूचना भिजवा दिया गया है।

### पीड़िता ने मुख्यमंत्री और एसपी से की ऑनलाइन शिकायत

**खुटहन।** सुइथाखुर्द गांव में पांच दिनों पूर्व पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मनबढ़ युवक के द्वारा महिलाओं को अपशब्द व धमकी दिए जाने के मामले में थाने से कोई कार्रवाई न किए जाने से आहत पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल व पुलिस अधीक्षक से आनलाइन शिकायत दर्ज करा कर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी इसरावती देवी पत्नी बच्चूलाल गुप्ता का आरोप है कि गत 24 मार्च को गांव का ही एक मनबढ़ युवक पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर में घुस आया। उस समय घर के भीतर महिलाएं ही मौजूद थीं। उसने महिलाओं को अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दिया। मौके पर अगल बगल के कई लोगों के आ जाने पर वह भाग गया।

### जौनपुर की बेटी ने अपने जन्मदिन पर फिर की अनूठी पहल


गरीब बच्चों में वस्त्र वितरित करता अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट परिवार

**जौनपुर।** अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार की सबसे छोटी सदस्य और माडलिंग और ऐक्टिंग की दुनिया में तहलका मचाने वाली छोटी बिटिया अतुलिका सिंह ने एक बार फिर से मानवता की मिशाल पेश किया और अपने जन्मदिन पर विशेष रूप से हर बार की तरह अलग ढंग से मनाया। अतुलिका ने हर बार की तरह इस बार भी लख्मीपुर की बस्ती में गरीब असहाय बच्चों के बीच में कपड़े बैग और जरूरत के सामानों का वितरण करके उन बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। अतुलिका सिंह विगत कई वर्षो से अपना जन्मदिन घर पर न मनाते हुए असहाय निर्धन या विशेष बच्चों के बीच में मनाती हैं और उनके बीच समय समय पर कपड़े और जरूरत की सामग्री को वितरित करती है। अपने जन्मदिन पर बच्चों को फल मीठा और जरूरत की सामग्री देकर मनाया। उर्वशी सिंह ने कहा कि अपने लिए तो हर कोई जीता है कभी दूसरों के और ऐसे असहाय लोगों के साथ कोई खुशियां मनाइए तो खुशी दुगनी हो जाती है। उर्वशी सिँह ने कहा कि अतुलिका हमारे घर के लिए एक वरदान के स्वरुप में आयी है जिसमें उनका पूरा परिवार भी साथ रहता है। जन्मदिन में विशेष रूप से ट्रस्ट के नागेंद्र नाथ सिंह, राधिका सिंह, कंचन सिंह, दीक्षा सिंह, चंद्रशेखर राय के साथ सभी बच्चे और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एसपी ने थाने का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने मंगलवार की दोपहर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, आवास, महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय एवं थाना परिसर का निरीक्षण किया और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं उचित साफ-सफाई के लिए थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। उन्होंने थानाध्यक्ष से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली और अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का भी निर्देश दिया। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण करने का आदेश थानाध्यक्ष को दिया। उन्होंने पुलिस व पब्लिक के बीच समन्वय बनाने की बातें कहीं। एसपी के जाने के बाद सभी पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान थानाध्यक्ष, एसआई शितलू राम, अंजनी सिंह सहित थाने के सभी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।


निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते पुलिस अधीक्षक

### आग लगने से दो किसानों की खड़ी फसल जलकर राख

**केराकत।** मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र के बेलहरी गांव में बिजली तार के शार्ट सर्किट से गेंहू के खेत में आग लग गई जिससे गांव के दो किसान सुभाष राम और सुभाष पाठक की गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार सुभाष राम का 10 बिस्वा और सुभाष पाठक का 8 बिस्वा की फसल का नुकसान हुआ है। आग लगने का पता चलने पर भारी संख्या में ग्रामीण खेतों में पहुंच गए और लाठी डंडे से पीटकर आग को फैलने से रोका। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्रीय लेखपाल इन्द्रेश यादव ने पहुंच कर निरीक्षण किया और नुकसान की रिपोर्ट तैयार की।



# सीएमओ ने ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता परखी


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी का निरीक्षण करती सीएमओ

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी जलालपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने कोविड-19 के मद्देनजर आक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता देखी और वहां के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आलोक कुमार सिंह को प्लांट सुचारू रखने का निर्देश दिया। साथ ही सर्दी-जुकाम बुखार के मरीजों की हर हाल में जांच कराने का निर्देश दिया।

डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि उन्होंने आम लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा। एक-दूसरे के बीच आवश्यक दूरी बना कर रखने तथा पर्याप्त साफ-सफाई रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई के लिए वहां के वार्ड ब्वाय और एएनएम पर नाराजगी जताई और हर हाल में साफ सफाई दुरुस्त रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान डॉ. विनय कुमार, डॉ. प्रवीन कुमार, डॉ. आकृति तिवारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार चौबे सहित सारा स्टाफ उपस्थित मिला।

## किशोर का अपहरण कर किया अप्राकृतिक दुष्कर्म

**एक बार फिर इंसानियत हुई शर्मशार मुकदमा दर्ज**

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 12 वर्षीय किशोर को 24 मार्च की देर शाम पड़ोस के गांव के एक युवक ने उसका अपहरण कर उसे घर से करीब एक किलोमीटर दूर बघैला घाट के समीप ले जाकर उसके साथ जबरन अप्राकृतिक दुराचार का प्रयास किया। वहीं किशोर अपहरणकर्ता के चंगुल से किसी तरह भागकर रोते बिलखते हुए अपने घर पहुंचा और परिजनों से आप-बीती सुनाई।

परिजनों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की। बात नहीं बनी तो पीड़ित किशोर की दादी ने लिखित शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करते हुए तीन दिन बाद मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# भारतीय प्रेस परिषद ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भेजा नोटिस

जनसंदेश न्यूज


**रोष**

**गौशाला की दुर्दशा की खबर छापने पर चार पत्रकारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की है शिकायत**

**21 मार्च को पत्रकारों ने न्यूज कवर किया 24 मार्च को तहसील प्रशासन के इशारे पर करा दिया गया मुकदमा**

**केराकत।** गौशाला में गायों के तड़प तड़प कर मरने की खबर छापने और दिखाने पर पत्रकारों के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमें से भारतीय प्रेस परिषद हैरान है। प्रेस परिषद के सचिव नंगसंगलेम्बा आओ ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता में कटौती मानते हुए अपनी चिंता जताई है। उसने दो सप्ताह के भीतर प्रदेश के मुख्य सचिव, गृह सचिव सहित पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को जवाब के लिए नोटिस जारी किया है। प्रेस परिषद की नोटिस से प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

विदित हो कि 21 मार्च को स्वतंत्र पत्रकार आदर्श मिश्रा सहित तहसील क्षेत्र के चार पत्रकार पंकज कुमार सिंह, विनोद कुमार और अरविन्द कुमार यादव मुफ़्तीगंज ब्लॉक क्षेत्र के पेसारा गांव में स्थित अस्थाई गौशाला की दुर्दशा का न्यूज कवर करने गए थे। पत्रकारों के अनुसार गौशाला में दो गायें मरी पड़ी थीं और इतनी ही मरणासन्न थीं। उन्हें कौवे नोच रहे थे। गौशाला में गायों के बीच गोबर की मोटी परत जमी पड़ी थी। उन्होंने मौके का फोटो लिया और वीडियो बनाया तथा वहीं से एसडीएम नेहा मिश्रा को गौशाला की स्थिति से अवगत कराया और उनका पक्ष भी जाना। पत्रकारों के अनुसार एसडीएम का जवाब तल्ख था। बहरहाल पत्रकारों ने अपने अपने अखबारों में न्यूज छापा और सोशल मीडिया पर भी वायरल किया। न्यूज छपने



के तीन दिन बाद 24 मार्च को तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों ने गांव की ग्राम प्रधान चंदा देवी पर दबाव बनाकर चारों पत्रकारों के खिलाफ केराकत थाने में एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (2) व आईपीसी की धारा 504, 506, 384 और 429 के तहत मुकदमा दर्ज करवा दिया। पत्रकारों को भयभीत करने और उन्हें दबाने की भावना से दर्ज कराए गए मुकदमे को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष संजय शुक्ल के नेतृत्व में पत्रकारों ने अपना रोष व्यक्त किया और भारतीय प्रेस परिषद सहित उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की। जिसके चलते भारतीय प्रेस परिषद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, गृह सचिव समेत जिले के डीएम और एसपी को जवाब देने की नोटिस भेज दी।

# संस्कार भारती ने आयोजित किया नव वर्ष महोत्सव

**कार्यक्रम**

**लक्ष्मी नारायण वाटिका में हुआ आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मन मोहा**


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

**शाहगंज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा चैत शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य में नव वर्ष महोत्सव का आयोजन सोमवार की देर शाम लक्ष्मी नारायण वाटिका में किया गया। कार्यक्रम में प्रयागराज से आये पूर्णिमा एण्ड ग्रुप, वाराणसी के अर्पिता ग्रुप एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता जायसवाल रहीं। वहीं प्रायोजक समाजसेवी एवं गोपेश्वर महादेव मन्दिर भावसिंहका धर्मशाला ट्रस्टी शीतल प्रसाद अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया। विशिष्ट अतिथि संघ प्रांत प्रचारक रामचंद, नितिन एवं सुभाष चंद्र यादव चन्दू रहे। संचालन रचित चौरसिया ने किया। आगंतुकों का बैज अलंकरण के उपरांत शंखनाद तदुपरांत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। रुचि अग्रहरि ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में भारतीय सांस्कृतिक से सम्बंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पूर्णिमा द्वारा लोक नृत्य, अर्पिता द्वारा कत्थक, स्थानीय कलाकारों में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा योग पर आधारित कार्यक्रम एवं मातृशक्ति संस्कार भारती अनुपमा, संगीता और सीमा द्वारा नौ देवी दुर्गा की झांकी प्रस्तुत की गयी। आभार अध्यक्ष अमित जायसवाल एवं महामंत्री विरेन्द्र यादव वीरु ने जताया। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्त, प्रदीप जायसवाल, दिलीप अग्रहरि, हनुमान अग्रहरि, दिनेशकान्त यादव, अमलेन्द्र गुप्ता, सुनीता अग्रवाल, जागृति चित्रवंशी, ममता गुप्ता, अंजु बरनवाल, सुमन गुप्ता, सुनीता गुप्ता, रेखा गुप्ता, मनोज सोनी, अशोक अग्रहरी, सुनील अग्रहरि, टप्पू शीम प्रकाश सिम्पू, आनन्द अग्रहरि, सुशील सेठ बागी, दिपक सिंह आदि मौजूद रहे।

## सरे बाजार माशूका ने प्रेमी को पीटा

**जफराबाद।** क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार में मंगलवार को एक युवक को दूसरी लड़की के साथ देख उसकी माशूका ने चप्पल से पीट दिया। यह देख बाजार के लोग भौंचक रह गए।

उक्त बाजार से कल्यानपुर गांव जाने वाली सड़क पर एक युवक एक लड़की से बातचीत कर रहा था। सूत्रों की माने तो इसकी जानकारी किसी लड़की ने ही युवक की प्रेमिका को दे दिया। प्रेमिका दस मिनट के भीतर ऑटोरिक्शा से उक्त बाजार में पहुंच गई। बाजार में पहुंचने पर उसे एक लड़की ने इशारा करके युवक को दिखा दिया। प्रेमिका तत्काल मौके पर पहुंच गयी और युवक को चप्पल से पीटना शुरू कर दिया। अचानक हुई इस घटना के बाद जो लड़की युवक से बात कर रही थी उसने भी उसको झूठा कहकर गाली गलौज देना शुरू कर दिया। बहुत देर तक ड्रामा चलता रहा। उसके बाद धीरे धीरे लोगों की भीड़ बढ़ती देख वे तीनों वहां खिसक गये।

# न्यायालय में गलत रिपोर्ट देने पर एसओ को फटकार, किया तलब

**खुटहन।** ग्राम न्यायालय में चल रहे मारपीट के वाद में न्यायाधिकारी ने थानाध्यक्ष खुटहन राजेश कुमार यादव को गलत रिपोर्ट देने पर फटकार लगाते हुए 31 मार्च तक न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।

स्टेट बनाम चंद्र प्रकाश व अन्य के वाद में न्यायालय द्वारा गवाह पिंकी दुबे उर्फ रजनी पत्नी चंद्र प्रकाश को सम्मन जारी किया था। थाने से न्यायालय को आख्या भेजी गई कि सम्मन तामील कराने पुलिस उक्त पते पर पहुंची तो घर वालों ने बताया कि पिंकी पत्नी ओम प्रकाश बक्शा थाना क्षेत्र के मई गांव में रहती है। आख्या में खुटहन पुलिस ने थाना बक्शा पुलिस से सम्मन तामील कराए जाने की बात लिखी। न्यायाधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने इस जवाब पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सम्मन पिंकी पत्नी चंद्रप्रकाश के नाम जारी था, ना कि पिंकी पत्नी ओमप्रकाश के खिलाफ। पुलिस की आख्या में दर्ज पिंकी पत्नी ओमप्रकाश दर्ज था। न्यायाधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह है। उन्होंने कहा कि पता बदलने पर संबंधित थाने के जरिए वारंट तामील कराया जाता है, ना कि अदालत को वापस भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही है। न्यायालय द्वारा जारी आदेश को थाने पर गम्भीरता से नहीं लिया जाता। केवल खानापूर्ति करके वापस भेज दिया जाता है। न्यायाधिकारी ने पूछा कि क्यों न आपके विरुद्ध भ्रष्टतापूर्ण प्रतिकूल रिपोर्ट देने पर भादसं की धारा 219 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया जाए। पुलिस अधिनियम की धारा 29 के तहत दण्डित किया जाए। लापरवाही के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया जाए। न्यायाधिकारी ने 31 मार्च तक न्यायालय में पेश होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।

# तीन अंतरराज्यीय गोवंश पशु तस्कर गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



पुलिस की गिरफ्त में पशु तस्कर

**बदलापुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी के कुशल पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण व शाति व्यवस्था संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ शातिर गो तस्कर एक पिकअप से कुछ जानवरों को लादकर तियरा होते हुए गावों के रास्ते से मछलीगॉव, बदलापुर खुर्द होते हुए मुरीदपुर के रास्ते से जाकर हाइवे पकड़कर बिहार जाने वाले है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बदलापुर खुर्द से मुरीदपुर गांव की ओर आने वाले रास्ते पर रात्रि पिकअप को रुकवाने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम को जान से मारने की नियत से पिकअप चढ़ाने का प्रयास किया गया किंतु पिकअप अनियंत्रित होकर गढ्ढे में फंस गयी। पुलिस टीम द्वारा चार गोवध पशु तस्कर अभियुक्तों को हिरासत में लेते हुए अभियुक्तों को उनके अपराध से बोध कराते हुए उनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा-307 भादवि व 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सैफ शाह पुत्र मुसाफिर शाह निवासी ग्राम कोठवाँ थाना जलालपुर, सिन्टू हरिजन पुत्र मोहन हरिजन निवासी ग्राम बछाड़ी थाना सिंगरामऊ, प्रदीप कुमार यादव पुत्र फूलचन्द यादव निवासी ग्राम बछाड़ी थाना सिंगरामऊ शामिल रहे।

# एक और नये लायन्स क्लब जौनपुर रायल का गठन

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** लोगों की सेवा करने के उद्देश्य से जनपद में एक और नया लायन्स क्लब जौनपुर रायल का गठन हुआ। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सौरभ कांत ने इस नये लायन्स क्लब के खुलने की घोषणा की।

नये क्लब खुलने के लिए एक बैठक संयोजक शशांक सिंह रानू की अध्यक्षता में राजमहल रेस्टोरेंट में हुई, जिसमें इस क्लब के गठन व चार्टर सदस्यों की घोषणा हुई, जिसमें चार्टर अध्यक्ष अजय गुप्ता, चार्टर सचिव रसाल बरनवाल, चार्टर कोषाध्यक्ष राजेश किशोर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मधुसूदन बैंकर एवं संजीव साहू बनाये गये। इस नये रायल क्लब को लायन्स क्लब जौनपुर क्षितिज ने प्रायोजित किया तथा सह- प्रायोजक लायन्स क्लब जौनपुर मेन है। क्लब के गाइडिंग लायन विष्णु सहाय बनाये गये।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सौरभ कांत ने कहा कि ये बड़े हर्ष व गौरव की बात है कि लायन्स क्लब इंटरनेशनल से प्रभावित होकर लोगों को सेवा पहुचाने के उद्देश्य से जौनपुर में एक और नये लायन्स क्लब का गठन हुआ है। इसके लिए उन्होंने सभी चार्टर सदस्यों व प्रायोजित क्लब को बधाई दिया।

उन्होंने आगे बताया कि लायन्स क्लब इंटरनेशनल विश्व की सबसे बड़ी समाज सेवी संस्था है जो कि विश्व के 210 देशों में सेवा कार्य कर रही है। एरिया लीडर जीएटी डा. क्षितिज शर्मा ने कहा कि लायन्स क्लब इंटरनेशनल का उद्देश्य लोगों की सेवा करना व सौहार्द बढ़ाना है। इसके लिए क्लब वृद्धि व सदस्यता वृद्धि पर विशेष बल दिया जाता है, क्योंकि जितने अधिक क्लब व संस्था में जितने अधिक सदस्य होगें उतने ही अधिक लोगों को सेवा पहुंचाई जा सकती है। इस अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के मण्डल चेयरमैन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, रीजन चेयरमैन अशोक मौर्य ने नवगठित क्लब के सभी चार्टर सदस्यों व पदाधिकारियों को बधाई दिया। इस अवसर पर चार्टर सदस्य अभिताश गुप्ता, रसाल बरनवाल, संजीव साहू, आशीष कुमार गुप्ता, राजेश अग्रहरी, पीयूष गुप्ता, आशीष चौरसिया, रवि कुमार शर्मा, अभिषेक बैंकर, मनोज साहू, बाल कृष्ण साहू, अभिषेक गुप्ता, रूपेश कसौधन, विनोद अग्रहरी, राकेश साहू, राजकुमार कश्यप,राजा सुचंद्र जी, शशि गुप्ता, गोपाल जी साहू, आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर हुई बैठक

**सुइथाकला।** स्थानीय ब्लाक मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी राजेश वैश्य व यूनीसेफ के पदाधिकारियों के संयुक्त तत्वावधान में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान पर रोग के प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही के संबंध में शिक्षा विभाग के साथ एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिसमें पदाधिकारियों द्वारा जल जनित बीमारियों और मच्छरों से होने वाली 6 जानलेवा बीमारियों के बारे में शिक्षकों संग विस्तारपूर्वक विचारों को साझा किया गया। आगामी कार्य योजना के अनुरूप कार्य संपादित करने और बच्चों को नियमित टीकाकरण के महत्त्व के बारे में जानकारी देते हुए विस्तार से बताया। गौरतलब हो कि उक्त रोग पर नियंत्रण पाने के लिए एक अप्रैल से एक माह का अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम पवन शर्मा व यूनीसेफ के बीएमसी अतुल कुमार सिंह समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### गायत्री महायज्ञ की निकाली गई भव्य कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के नरहरपुर गांव में हीरालाल प्रजापति के निज आवास पर स्थापित गायत्रीपुरम परिसर में गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चियों ने अपने सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा में चल रही थीं। कलश यात्रा के दौरान गायत्री माता के जयकारे लग रहे थे। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर नरहरपुर गांव से सुल्तानपुर गांव होते हुए बसरही से गायत्रीपुरम में पहुंचकर यात्रा का समापन किया गया। गायत्री महायज्ञ 28 मार्च से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक चलकर पूर्णाहुति हवन एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर डॉ. सुरेश चंद प्रजापति, डॉक्टर सुभाष चंद प्रजापति, डॉक्टर रमेश चंद प्रजापति, डॉक्टर गिरीश चंद प्रजापति सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी श्रोताओं की भीड़



**सुजानगंज।** जौनपुर नव दुर्गा पूजा समिति परिवार के द्वारा हरीपुर के परिसर में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य कथा वाचक हरि प्रिया दास महाराज ने कथा के छठवें दिन की कथा में श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए बताया कि महारास कोई साधारण रास नहीं है, जब गोपियों के देह रूपी आसक्ति छूट जाती है, देंह, गेह का भान नहीं रहता और गोपियां अनंग रूप से भगवान की सेवा में पहुंच कर अश्लेष प्राप्त करती हैं, उसी को महारास कहा जाता है। महाराज ने बताया कि महारास श्रीमद् भागवत पंचम प्राण के स्वरूप हैं। कथा में उन्होंने उद्धव चरित्र एवं भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी के मंगलमय विवाह का महोत्सव मनाया गया जिसमें भगवान कृष्ण और रुक्मणी विवाह की झांकी देख पंडाल में बैठे सभी श्रोताओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए जयकारों की ध्वनि से पूरा पंडाल भक्तमय हो गया। इस अवसर पर दिनेश मिश्र (मुन्ना), शैलेंद्र मिश्रा अधिवक्ता, ओम प्रकाश उपाध्याय, प्रदीप पांडेय पूर्व प्रधान, कुलदीप शर्मा अधिवक्ता, रुस्तम अहमद, सौरभ उपाध्याय, नीरज, राहुल, सचिन, अवधेश, मुश्ताक, प्रवीण उपाध्याय, अरुण सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# डायट प्राचार्य ने बीआरसी का किया निरीक्षण

**जायजा**

**एआरपी से दस विद्यालयों को निपुण बनाने की कार्ययोजना की ली जानकारी**

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** डायट प्राचार्य डॉ. राकेश सिंह ने बीआरसी धमापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एआरपी से दस विद्यालयों को निपुण बनाने के कार्ययोजना के सम्बंध में जानकारी ली।

मंगलवार को डायट प्राचार्य डॉ. राकेश सिंह ने बीआरसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित एआरपी महेंद्र यादव, अखिलेश यादव, प्रवीण सिंह व राजू सिंह से दस विद्यालयों को निपुण बनाने के कार्ययोजना के संदर्भ में जानकरी ली। डायट प्राचार्य ने बीईओ अरविंद यादव से कैशबुक व बीआरसी पर शिक्षकों को कितनी बार किन किन विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया है उसके बारे में जानकारी ली।

डायट प्राचार्य ने बीईओ को ब्लॉक क्षेत्र के समस्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों को नई कक्षाओं में बढ़ चढ़कर नए एडमिशन करवाने के लिए निर्देशित करने का निर्देश दिया।

इस दौरान बीआरसी कार्यालय में फाइलों का रख रखाव देख कर प्रसन्नता जताई। इस दौरान बीईओ धमार्पुर अरविंद यादव, एआरपी महेंद्र यादव, उमेश मिश्रा, राजू सिंह, अखिलेश चंद यादव, प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

# अजोशी महावीर धाम पर उमड़े श्रद्धालु



**सिकरारा।** क्षेत्र के अजोशी महावीर धाम पर मंगलवार को भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। लोग धाम स्थित दुर्गा माता की पूजा अर्चना के साथ साथ हनुमान जी का दर्शन पूजन कर मन्नतें मांगे।

धाम के पुजारी पण्डित अरविंद शास्त्री ने बताया कि इस नवरात्रि में पड़ने वाले मंगलवार के दिन शक्ति उपासना के साथ साथ बजरंग बली की पूजा अर्चना विशेष फलदायी होती है। इस दिन धाम पर भक्तों की ज्यादा संख्या पहुंचने के अनुमान के साथ विशेष व्यवस्था की गई थी। भोर में पुजारी आकाश मिश्र की देखरेख में वैदिक मंत्रों के बीच विग्रह का भव्य श्रृंगार करते हुए मंगला आरती के साथ धाम का मुख्य कपाट भक्तों के लिए खोल दिया गया। फाटक खुलते ही श्रद्धालु मंदिर में पहुंच कर पूजन अर्चन किया। महिला श्रद्धालुओं ने पचरा सोहर गाते नाचते धाम में पहुँचकर पूजा किया। इस मौके पर स्वामी नाथ मिश्र, इन्द्रसेन सिंह, त्रिभुवन दास, हरिगेन शास्त्री व दया शंकर आदि सक्रिय रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चक्रमण करती रही।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के मिरशादपुर ग्राम पंचायत स्थित फोरलेन पर ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। यह भी बताते चलें कि प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सोनपुरा निवासी जगरनाथ गौतम जौनपुर तारीख देखने जा रहे थे। वह मिरशादपुर फोरलेन पर पहुंचे तभी एक ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गए।

# एसी कोच में यात्रा कर रही महिला यात्री का बैग हुआ चोरी

**मीरगंज।** जंघई बाजार निवासी एक महिला का रेल यात्रा के दौरान गहनों का बैग चोरी हो गया। पीड़ित महिला के अनुरोध पर भी जंघई रेलवे पुलिस ने मुकदमा दर्ज न कर उसे वाराणसी में मुकदमा दर्ज कराने के लिए कह कर हटा दिया। जंघई बाजार निवासी अंजना जायसवाल मंगलवार को हावड़ा से पँजाब मेल ट्रेन की एसी कोच से जंघई आ रही थी। उसका गहनों वाला बैग पटना से दानापुर के बीच उचक्के लेकर फरार हो गए। उसके अनुसार कुछ नकदी के अतिरिक्त बैग में डेढ़ लाख के जेवरात थे।

## संक्षेप

### श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा कल

**गोपीगंज।** नगर में सुप्रभातम प्रचार समिति के तत्वावधान में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव गुरुवार को धूमधाम के साथ संपन्न होगा। जानकारी के मुताबिक दोपहर 12:00 बजे अभिजीत मुहूर्त में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव सदर मोहाल में मनाया जाएगा, जिसमें 51 किलो पंचामृत से भगवान श्रीराम का अभिषेक कराया जाएगा। तदुपरांत सायं काल 5:00 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो पूरे नगर भ्रमण करने के पश्चात समाप्त होगी। इस शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के सुसज्जित रथ के साथ मां दुर्गा, राधा कृष्ण, बजरंगबली, श्री गणेश सहित एक दर्जन झांकियां भी निकाली जाएगी। यह जानकारी सुप्रभातम प्रचार समिति के विनीत मिश्रा चुल्ली ने दी है।

### कट्टे व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के तिलंगा तिराहे के पास से एक युवक जिसका नाम आदर्श कुमार यादव पुत्र योगेश कुमार यादव निवासी गोबराह थाना चील्ह जनपद मिजार्पुर को गिरफ्तार कर नाजायज कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ने सफलता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सोमवार को मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने ननिहाल में आया हुआ है, जो किसी घटना को अंजाम दे सकता है। मुखबिर की सूचना के आधार पर चौकी इंचार्ज मनोज राय, हेड कांस्टेबल दीवान एजाज खान अपने हमाराहियो के साथ रामनवमी और रमजान के पर्व के मद्देनजर चौकसी बरत रहे थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर ज्ञानपुर रोड स्टेशन के तिलगा तिराहे के पास युवक को घर दबोचा। पुलिस के अनुसार जामा तलाशी में उसके पास से एक कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने उसके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### 20 लीटर अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**गोपीगंज।** चौकी इंचार्ज मनोज कुमार राय हमराह का. अतुल कुमार व उ.नि. भरतराम प्रजापति, हमराह योगेश कुमार को सूचना मिली कि दो व्यक्ति अवैध देशी शराब लेकर रामलीला मैदान में बने मंच के पास खड़े है, जो कही जाने के फिराक में सवारी के इंतजार में खड़े है यदि जल्दी किया जाए तो पकडे जा सकते हैं। मुखबिर खास की सूचना पर विश्वास कर पुलिस गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु मिजार्पुर तिराहे रामलीला मैदान पहुचा तो मंच के पास खड़े दो व्यक्ति को मुखबीर ने इशारा कर बताया कि वही दो व्यक्ति खडे है जिनके हाथ में प्लास्टिक की पिपिया है। इशारा कर मौके से हट बढ़ गया जैसे ही हम पुलिस वाले आगे बढ़े कि पुलिस वालो को अपनी तरफ आता देखकर माडल शाप की तरफ मुड़कर भागना चाहे कि एक बारगी दबिश देकर माडल शाप के पीछे दरवाजे के पास पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार नाम पता पूछते हुए भागने का कारण पूछा गया तो एक ने अपना नाम रितेश कुमार पुत्र रामजित राम बिन्द पता सराई मिश्रानी थाना गोपीगंज जनपद भदोही व दूसरे ने अपना नाम अतुल कुमार पुत्र घनश्याम दुबे पता सराई मिश्रानी थाना गोपीगंज जनपद भदोही बताया और तलाशी के दौरान अतुल कुमार उपरोक्त के दाहिने हाथ से 10 लीटर प्लास्टिक की एक अदद पिपिया बरामद हुयी। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया। जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

### मौसम में पुनः होगा बदलाव, आंधी पानी की है संभावना

**भदोही।** पश्चिमी विक्षोभ का पुनः प्रभाव जनपद में 30 मार्च से 2 अप्रैल के बीच आंधी–पानी के रूप में देखने को मिलेगा। इस बीच 30 मार्च तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां के कृषि व मौसम विशेषज्ञ सर्वेश बरनवाल ने जारी एक प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि 31 मार्च से 2 अप्रैल के बीच तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी। 30 मार्च से 2 अप्रैल के बीच बादलयुक्त मौसम होने के साथ अच्छी बारिश के आसार है। 3 अप्रैल से मौसम साफ होने के कारण तापमान बढ़ते हुए क्रम में देखा जाएगा। जिससे 7 अप्रैल के आसपास फिर आंधी पानी की स्थितियां बन सकती है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# डेरवां में मां शीतला का किया अलौकिक श्रृंगार



मां शीतला का किया गया अलौकिक श्रृंगार

**चैत्र नवरात्र**

**दर्शन पूजन के लिए लगी भक्तों की कतार**

**गोपीगंज।** क्षेत्र के डेरवा भवानीपुर गांव मे गंगा तट पर विराजमान मां शीतला का अलौकिक स्वरुप मे श्रृंगार किया गया जिनका दर्शन पूजन कर श्रद्धांलु निहाल हो गये। सोमवार को मंगला आरती के साथ प्रातः काल से ही शुरू हुआ दर्शन पूजन का क्रम देर शाम तक चलता रहा।

चैत्र नवरात्र मे छठवें दिन साप्ताहिक मेला के अवसर पर मां शीतला का रंग बिरंगे सुगंधित पुष्पों से भव्य श्रृंगार कराया गया। प्रातःकाल मंगला आरती के साथ दर्शन पूजन के लिए लगी कतार लम्बी होती चली गई, देर शाम तक चले दर्शन पूजन के लिए जुटे श्रद्धालुओ के जयकारे से परिसर गुंजायमान रहा। वैसे तो यहां दर्शनार्थियों की हमेशा भारी भीड़ होती है लेकिन नवरात्र के दिनों में मेले जैसा माहौल रहता है।

## खड़ी कार का शीशा तोड़ उसमें रखा बैग उठा ले गए चोर

**भदोही।** कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड पर स्थित निर्यात भवन परिसर में मंगलवार को खड़ी एक कार के साइड का शीशा तोड़कर उसमें रखा बैग चोर उठा लें गए। पीड़ित द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी के फुटेज को खंगालने में जुटी रही। क्षेत्र के पिपरीस गांव निवासी राजेंद्र मिश्र पुत्र स्व.श्री बब्बन मिश्र मंगलवार को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए निर्यात भवन में आएं हुए थे। निर्यात भवन परिसर के पीछे वह अपनी मारुती स्विफ्ट कार यूपी 66 क्यूं 9522 को खड़ी कर आधार कार्ड अपडेट कराने चले गए। कार में एक आफिस बैग रखा हुआ था। कार के एक साइड के छोटे शीशे को तोड़कर उसमें रखा बैग चोर उठा ले गए। हालांकि उसमें रुपया नहीं था। चोर रुपया समझकर उसको उड़ा ले गए। जब आधार कार्ड अपडेट कराकर राजेंद्र कार के पास पहुंचे तो देखा कि अंदर रखा आफिस बैग गायब हैं। उन्होंने इसकी सूचना लिखित तहरीर के माध्यम से पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी रही। फिलहाल मामले में अभी किसी के विरुद्ध पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था।

# नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत उत्सव के रूप में करें : बीएसए

**बैठक**

**नए शैक्षिक सत्र में होने वाली गतिविधियों के संचालन हेतु बीएसए ने की बैठक**

जनसंदेश न्यूज



शिक्षक संकुलों की अनिवार्य बैठक में अपनी बातों को रखते बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

**ज्ञानपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ज्ञानपुर के सभागार में मंगलवार को जनपद के शिक्षक संकुलों की अनिवार्य बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएन सिंह ने आगामी सत्र 2023- 24 की रणनीति के बारे में चर्चा की और लर्निंग आउटकम की प्राप्ति की विधियों के बारे में बताया।

बैठक का मुख्य केंद्र शैक्षिक सत्र 2023-24 में होने वाली गतिविधियों का संचालन रहा। यह बैठक कुल तीन पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में डीघ, सुरियावां और नगर क्षेत्र के संकुलों ने प्रतिभाग किया। द्वितीय पाली में अभोली और औराई के संकुल उपस्थित रहे तथा भदोही एवं नगर के संकुल तृतीय पाली में प्रतिभाग किये।

बैठक में यू डायस डेटा को भरा जाना भी महत्वपूर्ण बिंदु रहा। जिसके बारे में एमआईएस इंचार्ज महेश गुप्ता ने सभी को बताते हुए ध्यान देने योग्य बातों के बारे में सभी को बताया। उनके द्वारा गलत भरी गयी सूचनाओं को सही करने के निर्देश भी दिए गए। उसके पश्चात एसआरजी रत्नेश पाण्डेय, विनय पाण्डेय एवं धीरज सिंह ने अकाडमिक पक्ष पर चर्चा करते हुए गुणवत्ता से सम्बंधित बिंदुओं पर सभी संकुलों का उन्मुखीकरण किया गया। सभी विद्यालयों को टीएलएम आदि से सजाने और योजनाबद्ध तरीके से शिक्षण प्रक्रिया करने के बारे में बताया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के द्वारा नवीन शैक्षिक सत्र की शुरूवात उत्सव रूप में करने हेतु सभी को निर्दशित किया गया।

# संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु सीडीपीओ ने दिया प्रशिक्षण

जनसंदेश न्यूज



आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को संचारी रोग से सम्बंधित ट्रेनिंग देती सीडीपीओ अर्बन शाहिना महमूद

**भदोही।** सीडीपीओ अर्बन शाहिना मैहमूद ने मंगलवार को अर्बन के आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संचारी रोग से सम्बंधित ट्रेनिंग दिया। ट्रेनिंग के दौरान बताया कि एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक संचारी कार्यक्रम रहेगा। जिसमे 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। जिसमे टीम द्वारा हर घर में दस्तक देंगी व संचारी रोगों के प्रति लोगों की जागरूक करंगे तथा लोगो को बचने का भी तरीका बताएंगी।

ट्रेनिंग के दौरान सीडीपीओ अर्बन शाहिना मैहमूद ने बताया कि आगनवाडी व आशा क्षेत्र में लोगों को जागरूक करते हुए बताएंगी की मच्छरों से बचाव का तरीका, स्वच्छ पेय जल का सेवन के बारे में, शौचालय का प्रयोग, आस पास झाड़ियों का कटाव व कूलर व फ्रिज की नियमित सफाई करते रहना है। 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा।

ट्रेनिंग के दौरान सीडीपीओ ने बताया कि आगनवाडी व आशा की टीम घर घर दस्तक के दौरान पांच तरह की सूचियां बनाएंगी, जिसमे मुख्य रूप से टीबी के रोगियों की सूची, बुखार के रोगियों, कुपोषित बच्चों व सांस के रोगियों की और ऐसे घरों की सूची जिनमे मच्छरों के लार्वा मिले हैं। इस मौके पर बसन्त लाल यादव (एचइओ), यूनिसेफ से जेबा अफसर बीएमसी सहित नगर की सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।

# भदोही में 11 अक्तूबर से लगेगा चार दिवसीय कालीन मेला

**तैयारी**

**सीईपीसी ने की घोषणा तैयारी में जुटा परिषद**

जनसंदेश न्यूज



इम्तियाज अहमद

**भदोही।** कालीन निर्यात संवर्धन परिषद् द्वारा आयोजित 44 वा इंडिया कार्पेट एक्सपो नई दिल्ली की आपार सफलता के बाद परिषद् द्वारा 45 वा इण्डिया कार्पेट एक्सपो की घोषणा कर दिया गया है। जिसका आयोजन भदोही जिले मे बने भदोही कार्पेट एक्सपो मार्ट मे 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2023 तक होगा।

परिषद् के सक्रिय सदस्य इम्तियाज अहमद ने कहा कि भदोही जिले में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले का आयोजन अक्टूबर 2022 में हुआ था जिसमे 240 निर्यातकों के भागीदारी के साथ साथ 48 देशों के लगभग 213 विदेशी खरीदारों ने प्रतिभाग किया था। इस एक्सपो में लगभग कुल 500 करोड़ का व्यापार भी हुआ था। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद् के सभी पदाधिकारी आगामी अंतरराष्ट्रीय इंडिया कार्पेट एक्सपो के तैयारी मे जुट गए है। और इस बार लगभग 300 निर्यातकों की भागीदारी की संभावना है। परिषद द्वारा विदेशी खरीदारों को आगामी एक्सपो की जानकारी हेतु ईमेल भी भेजा जा रहा है। अभी नई दिल्ली स्थित एन एस आई सी ओखला के प्रदर्शनी मैदान में संपन्न हुए 44 वा इंडिया कारपेट एक्सपो 15 से 18 मार्च 2023 में विश्व भर से लगभग 68 देशों से 366 विदेशी खरीददारों ने प्रतिभाग किया और और लगभग 500 करोड़ का व्यापार होने संभावना है।

परिषद के सक्रिय सदस्य ने बताया कि आगामी दिनों में होने वाली प्रशानिक समिति बैठक में एक्सपो संबंधित निर्णय लिए जायेंगे जिसमे मूल्य निर्धारण भी होगा। इस एक्सपो की बुकिंग के लिए परिषद द्वारा एक्सपो के मूल्य निर्धारण के बाद सभी निर्यातक सदस्यो को एक्सपो संबंधित विवरण सर्कुलेट किया जाएगा उसके बाद से इसकी बुकिंग शुरू हो जाएगी।

कमजोर वर्ग के बच्चों तक शिक्षा पहुंच सके इसी उद्देश्य से **हरसेवानंद** पब्लिक स्कूल की पड़ी नींव



# उच्च पद पर आसीन बच्चे बढ़ा रहे स्वामी हरसेवानंद स्कूल की शोभा

## 50 बच्चों से शुरू हुआ सफर आज आठ हजार बच्चों का परिवार बना

## शिक्षा के साथ ही बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समर्पित हैं शिक्षक

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

**खास मुलाकात**

वाराणसी। ब्रिटिश हुकुमत में ही गुरु शिष्य परम्परा हो जीवंत रखते हुए लोगों को धर्म के मार्ग दिखाने वाले बाबा स्वामी आत्मविवेकानंद महाराज ने 1925 में बनारस में गंगा के तट पर गढ़वाघाट आश्रम की स्थापना किया। शिक्षा की अलख जगाने के उदेश्य से वर्ष 2003 में स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल की स्थापना की गयी। जनसंदेश टाइम्स से खास मुलाकात में स्कूल के प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानंद ने बताया कि विद्यालय खोलने का उद्देश्य कि हर वर्ग तक शिक्षा का संदेश पहुंचे, इसके साथ स्कूल वहां खोला जाता है जहां सही मायने में शिक्षा की जरुरत हो, बताया कि 50 बच्चों के साथ शुरू हुआ यह विद्यालय आज आठ हजार बच्चों का एक परिवार है। स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ मानसिक स्वाथ्य पर भी ध्यान दिया जाता है इसके साथ ही स्पोटर्स पर भी विद्यालय का फोकस रहता है।





**व्यक्तित्व** हरसेवानंद पब्लिक स्कूल के प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानंद महाराज 1985 से इस आश्रम से जुड़े हैं, गुरु के प्रति समर्पित प्रकाशध्यानानंद सुबह चार बजे उठते हैं और फिर गुरू चरणों में वंदन के साथ दिनचर्या का शुभारम्भ करते हैं, जिन जिन कार्यालयों में वह बैठते हैं उन सभी स्थानों पर गुरु की फोटो जरुर है, कार्य शुरू करने से पूर्व व गुरु का स्मरण करना नहीं भूलते, इसके साथ ही वह विद्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण कर वहां होने वाली गतिविधियों को समझते हैं। इसके साथ ही वह सप्ताह में एक बार चुर्क व घोरावल विद्यालय व महाविद्यायल में भी जाते हैं, किस विद्यालय में किस सामाग्री की जरुरत है मौका मिला तो वह सामाग्री खरीदने में भी झिझकते नहीं हैं। यह उनकी दिनचर्या में शामिल है। बताया कि प्रतिदिन रात 12 बजे सोते हैं।



### मेहनत पर करते हैं विश्वास

बाबा प्रकाशध्यानानंद बतातें हैं कि आश्रम की स्थापना के साथ पूज्य गुरु जी ने सभी का यह शिक्षा दी कि किसी से मांग कर नहीं बल्कि अपनी मेहनत से जीवन जीना और खाना सीखना होगा। वहीं मंत्र स्कूलों में बच्चों को भी दिया जाता है, बच्चों को बताया जाता है कि जीवन में बिना मेहनत के सफलता नहीं हासिल होगी। इसलिए लक्ष्य को तय कर मेहनत से आगे बढ़ते जाओ।

### बच्चों को उच्च पद पर देख खुशी

बाबा प्रकाशध्यानानंद ने बताया कि वर्ष 2003 से आज तक विद्यालय से सैकड़ों ऐसे बच्चें हैं जो देश भर में नामी गिरामी कंपनियों में उच्च पद पर हैं, दर्जनों बच्चों सरकारी यूनिट में भी कार्यरत हैं। बताते हैं कि ऐसे बच्चें आज भी उनके दिलों में अपने विद्यालय की स्मृति जीवंत है।

### स्पोट्र्स में शामिल बच्चों सहित गरीब को नि:शुल्क भिक्षा

बताया कि कैरम में अव्वल आने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से नि:शुल्क शिक्षा दी जाती थी, चूकिं सीबीएसई की ओर से कैरम प्रतियोगिता को बंद कर दिया गया इसके बाद भी स्पोटर्स में अव्वल आने वाले बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है, इसके साथ ही गरीब बच्चों को भी नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है।

### पांच पब्लिक स्कूल व एक महाविद्यालय

स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल गढ़वाघाट, बनपुरवां, जगतगंज, चुर्क, घोरावल और चुर्क में ही महाविद्यालय है। करीब आठ हजार बच्चे इन सभी शाखाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। बाबा प्रकाशध्यानानंद ने बताया कि पांच पब्लिक स्कूल नर्सरी से इंटर मीडियट तक की शिक्षा दे रहा है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान


बाबा प्रकाशध्यानानंद बताते हैं कि हॉस्टल से लगायत पब्लिक स्कूल व महाविद्यालय में बच्चों को सिर्फ किताबी शिक्षा ही नहीं दी जाती, बल्कि उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जाता है। हॉस्टल में एक निश्चित समय पर सुबह योगा, ध्यान, व ईश्वरीय प्रार्थना करायी जाती है। इसके साथ ही खेलकूद में भी बच्चों को उनकी रुची के अनुसार शिक्षा दी जाती है।

### आम ओ खास भी ले सकें शिक्षा

बाबा प्रकाशध्यानानंद बताते हैं कि समाज में आम ओ खास दोनों वर्ग के बच्चों तक शिक्षा पहुंच सके इसी उदेश्य से वर्ष 2003 में स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल की स्थापन की गयी। विद्यालय की फीस ऐसी रखी गयी है जिससे गरीब का बेटा भी शिक्षित हो सके, क्योंकि जब समाज का प्रत्येक वर्ग शिक्षित होगा तभी सभ्य समाज की स्थापन की जा सकती है।

### बनपुरवां शाखा में भी ग्रेजुएशन की शिक्षा

बाबा प्रकाशध्यानानंद ने बताया कि आने वाले सत्र में बनपुरवां शाखा में महाविद्यालय की स्थापना कर दी जायेगी, इस पर कार्य शुरू कर दिया गया है। ग्रेजुएशन की कक्षा संचालित करने के लिए भवनों का भी निर्माण किया जा रह है। बनपुरवा शाखा में बच्चों के लिए हॉस्टल की भी सुविधा दी गयी है। इसके साथ ही आधुनिक लैब की भी स्थापित हैं जो बच्चों को उनके बौद्धिक क्षमता को विकसित करता है। बताया कि विद्यालय में लगातार आयोजनों को देखते हुए ाआयोजन से संबंधित सभी सामाग्री उनके पास है, किसी भी वस्तु को किराये पर मंगाने की आवश्यता नहीं होती है।



### पर्यावरण के प्रति बचपन से प्रेम

स्वामी हरसेवानंद के प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानंद की मानें तो पर्यावरण के प्रति उन्हें बचपन से ही प्रेम था, आज भी विद्यालय के सभी शाखओं में माली को उनके द्वारा ही गमलों में फूलों की वैरायटी बतायी जाती है, इसके साथ ही उनके द्वारा स्वयं किस मौसम में कौन सा पौधा लगाना है खरीदा जाता है।

# महाश्मशान पर धधकती चिताओं के समक्ष नगर वधुओं ने पेश की नृत्यांजलि

## एक ओर घाट पर शोक-संताप, दूसरी तरफ नगर वधुओं का नृत्य

**आयोजन**

**नगर वधुओं का नृत्य देखने को लगी रही भीड़, मोक्ष की नगरी काशी में मृत्यु भी है उत्सव**





**वाराणसी।** धर्म और आध्यात्म की नगरी काशी में सैकड़ों परम्पराएं जीवंत हैं। जिनका पालन लोग सदियों से करते आ रहे हैं। समय और आवश्यकता के हिसाब से लोग इन परम्पराओं में आमूल-चूल परिवर्तन करते रहते हैं। काशी को दुनिया के सबसे पुराने धार्मिक शहर होने का दर्जा मिला हुआ है। यहां दूर-दूर से लोग दर्शन करने आते हैं। वैसे तो काशी विश्वनाथ मंदिर विश्व भर में प्रसिद्ध है, लेकिन कॉरिडोर बन जाने के बाद से विश्व भर के लोगों का यहां पर तांता लगा रहता है। काशी में शाम के समय में घाटों की खूबसूरती बेहद बढ़ जाती है। इन्हीं घाटों में से एक है काशी का महाश्मशान घाट। इस घाट के बारे में ऐसी मान्यता है कि यहां की अग्नि कभी ठंडी नहीं होती। वहीं इस घाट से जुड़ी एक और परंपरा है, जहां एक और चिता जलती है तो दूसरी ओर नगरवधूओं का नृत्य होता है। इस परम्परा को कुछ अजीब ही कहा जा सकता है। एक ओर महाश्मशान घाट पर अन्येष्टि करने आये लोग, शोक-संताप में डूबा माहौल और दूसरी ओर पांवों में घुंघरू बांधे नगर वधुओं का धधकती चिताओं के समक्ष नृत्य अपने आप में अनोखा ही कहा जायेगा। कहते हैं कि मोक्ष की नगरी काशी में मृत्यु भी उत्सव है। महाश्मशान कहे जाने वाले मणिकर्णिका घाट पर साल में एक बार ऐसा मौका आता है, जब पैरों में घुंघरू बांध नगरवधुएं धधकती चिताओं के समक्ष नाचती हैं। मंगलवार को महाश्मशान घाट पर एक बार फिर यह आयोजन किया गया। इसमें दर्जनों सजी-धजी नगर वधुओं ने नृत्यांजलि पेश की। यह आयोजन चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि को आयोजित होता है।

### बाबा मसान का तंत्रोक्त विधि से हुई पूजा

मंगलवार को सायंकाल महाश्मशान घाट पर नगर वधुओं के नृत्यांजलि के पूर्व बाबा मसान का तंत्रोक्त विधि से पूजन कर पंचमकार का भोग लगाया गया। बाबा मसान का विभिन्न प्रकार के मौसमी फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया था। नवरात्र होने के कारण बाबा मसान को शिव व शक्ति का एकाकार स्वरूप मानते हुए माता मसान काली के साथ विशेष श्रृंगार किया गया जिससे बाबा का स्वरूप देखते ही बन रहा था। श्रृंगार के पश्चात भव्य आरती की गयी। इसके पूर्व नगर वधुओं ने बाबा मसान के समक्ष नृत्य करके अपनी भावांजलि अर्पित की। नगर वधुओं का मानना है कि भगवान किसी को भी इस तरह का न बनायें। उनका कहना था कि नगर वधु के जीवन से उन्हें मुक्ति मिल जाये। बाबा मसान को भावांजलि अर्पित करने के बाद नगर वधुओं का मंच पर नृत्यांजलि हुई। बाबा महाश्मशान नाथ का त्रिदिवसीय श्रृंगार महोत्सव का मंगलवार को तीसरा दिन था।

### बम-बम बोल रहा है काशी..

महाश्मशान घाट पर नगर वधुओं के नृत्यांजलि की शुरुआत बम-बम बोल रहा है काशी से हुई। इसके बाद नगर वधुओं ने गीतों पर जोरदार नृत्य कर वहां मौजूद सभी लोगों को झूमने के लिए बाध्य कर दिया। नगर वधुओं का नृत्य देखने के लिए महाश्मशान घाट पर लोगों की भीड़ जमा थी। एक ओर घाट पर चिताएं धधक रही थी तो दूसरी तरफ नगर वधुओं का नृत्य चल रहा था। इस अवसर पर अध्यक्ष चैनू प्रसाद गुप्ता, गुलशन कपूर, बिहारी लाल गुप्ता, राजू साव, संजय गुप्ता, विजय शंकर पांडेय, मनोज शर्मा, दीपक तिवारी, बड़कु यादव, गजानन पांडेय, अजय गुप्ता समेत काफी लोग मौजूद थे।

### राजा मानसिंह की समय शुरू हुई थी यह परंपरा

समिति के अध्यक्ष ने कार्यक्रम के वर्षों पुरानी परंपरा के बारे में बताया। कहा कि यह परंपरा राजा मानसिंह के जमाने से चली आ रही है। राजा मानसिंह ने महाश्मशान नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। इस मौके पर राजा मानसिंह एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराना चाह रहे थे, लेकिन कोई भी कलाकार इस श्मशान में आने और अपनी कला के प्रदर्शन के लिए तैयार नहीं हुआ। इस सूचना से राजा मानसिंह काफी दु:खी हुए और यह संदेश उस जमाने में धीरे-धीरे पूरे नगर में फैलते हुए काशी के नगरवधुओं तक जा पहुंची। नगरवधुओं ने डरते-डरते अपना संदेश राजा मानसिंह तक भिजवाया कि यह मौका उन्हें मिलता है तो काशी की सभी नगरवधुएं अपने आराध्य संगीत के जनक नटराज महाश्मशानेश्वर को अपनी भावांजलि प्रस्तुत कर सकती हैं। राजा तैयार हो गए। इस दिन से धीरे-धीरे यह उत्सवधर्मी काशी की ही एक परंपरा का हिस्सा बन गई। तब से आज तक चैत्र नवरात्रि की सातवीं निशा में हर साल यहां श्मशानघाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

## राममय रात में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद घाट पर रात्रि तक चलेगा भजन

**वाराणसी।** वाराणसी नागरिक मंच की ओर से 30 मार्च को सायंकाल सात बजे से डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट पर इस बार 31वां राममय रात मनाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक सुरेश प्रसाद पांडेय ने बताया कि इस बार भी प्रसिद्ध गायक कलाकार गंगा तट पर भजनों की सुरगंगा बहायेंगे। भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के पौत्र आफाक हैदर शहनाई पर रामधुन पेश कर राममय रात का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही डा. माधवी सिंह, सरोज वर्मा, पल्लवी पांडेय, सुमन अग्रहरि, राकेश तिवारी, ज्योति शुक्ला, अमरेश पांडेय भगवान श्रीराम की चरणों में भजनों की प्रस्तुति करेंगे। जबकि वसुन्धरा शर्मा व अमृत मिश्र का युगल नृत्य होगा। कृष्णा मोदनवाल रामजन्म महोत्सव पर नृत्य नाटिका व राधिका रंजन तिवारी हनुमान चालीसा की प्रस्तुति करेंगी। स्मृति शर्मा, शौर्य गुप्ता, अनन्या की नृत्य की प्रस्तुति होगी। रात्रि में कवि सम्मेलन होगा।

## महाअष्टमी आज, नवमी कल मनेगी

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के क्रम में अष्टमी तिथि 29 मार्च को मनायी जायेगी। जबकि नवमी तिथि 30 को मनायी जायेगी। इसी दिन कुंवारी कन्याओं व बटुकों की पूजा भी की जायेगी। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक अष्टमी तिथि मंगलवार की रात्रि 7.03 मिनट पर लग गई थी। जो कि अगले दिन बुधवार 29 मार्च को रात्रि 9.08 मिनट तक रहेगी। अष्टमी तिथि की रात्रि में ही घरों में पूजा होगी। 30 मार्च को नवमी तिथि मनायी जायेगी। इसी दिन भगवान श्रीराम का अवतरण दिवस भी मनाया जायेगा। इसके साथ ही कुंवारी कन्याओं की त्रिशक्ति के रूप में पूजा अर्चना की जायेगी। कुंवारी कन्याओं को त्रिशक्ति महाकाली, महासरस्वती व महालक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। जबकि बटुकों को भैरव का स्वरूप माना गया है। कुंवारी कन्याओं को नवरात्र पर मिष्ठान्न, ऋतुफल व नगद द्रव्य आदि भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है। महानवमी को दुर्गा नवमी भी कहा गया है। जो लोग नवरात्र में नौ दिनों का व्रत न किया हो वह नवमी तिथि यानि 30 मार्च बुधवार को व्रत रख कर मां भगवती की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। 31 को नवरात्र व्रत का पारण किया जायेगा।

## तेलियाबाग चौरा माता मंदिर से निकली बधवा यात्रा

**वाराणसी।** तेलियाबाग स्थित प्राचीन चौरा माता मंदिर में त्रिदिवसीय कार्यक्रम मंगलवार से प्रारंभ हुआ। इस क्रम में प्रथम दिन सायंकाल छह बजे तेलियाबाग से गाजे-बाजे के साथ बधावा यात्रा निकाली गई। बधावा यात्रा में पुरुषों के अलावा भारी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। बधावा यात्रा तेलियाबाग से शुरू होकर विभिन्न इलाकों में चक्रमण करती हुई पुनः तेलियाबाग चौरा माता मंदिर आकर समाप्त हुई जहां पर रात्रि में चौरा माता की भव्य महाआरती की गई।

आरती रमेश भारद्वाज व सुरेश चन्द्र गुप्ता ने की। इस अवसर पर मंदिर में महिलाओं ने देवी गीतों की सुमधुर प्रस्तुति की। देवी गीतों की प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। इस मौके पर चौरा माता मंदिर में विद्युत झालरों व फूलों से भव्य सजावट की गई थी। रमेश भारद्वाज के मुताबिक 30 मार्च को रात्रि 8 बजे से कुंवारी कन्याओं का पूजन व भंडारा का आयोजन किया गया है।

## कन्याओं का पूजन कर दिया उपहार



**वाराणसी।** सामाजिक संस्था दीक्षा महिला कल्याण शोध संस्थान की तरफ से नवरात्रि के पावन अवसर पर मंगलवार को 151 कन्याओं का पूजन किया गया। पूजन के बाद सभी कन्याओं को उपहार भेंट किया गया। अपने मन पसंद उपहार पाकर सभी के चेहरे चहक उठे। रामकटोरा स्थित राणी सती मंदिर में आयोजित पूजन के प्रति संस्था की अध्यक्ष संतोषी शुक्ला ने बताया कि सनातन धर्म में नवरात्रों के समय कन्या पूजन का विशेष महत्व है, क्योंकि छोटी कन्याओं को देवी मां का स्वरूप माना जाता है। बताया कि एक कन्या को पूजने का मतलब ऐश्वर्य, दो से मोक्ष, तीन से धर्म, अर्थ, काम, चार से राज्य, पांच से विद्या, छह से सिद्धी, सात से राज्य, आठ से संपदा और नौ से पृथ्वी के प्रभुत्व की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक अजय सिंह बाबी, विजय कपूर, सुमित सर्राफ, बाबू धानुका, दीपू शुक्ला। सोची चौशन, पलक वर्मा, 9 पूनम शोभा चौरसिया, अरुण मिश्रा, पूनम सिंह आदि थे।

## जय बजरंगी जय हनुमान लाल लंगोटा लाल निशान

**प्रभात फेरी**

**धर्मसंघ से निकली हनुमान ध्वजा यात्रा**

**वाराणसी।** श्री हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी के सातवें दिन मंगलवार को प्रातःकाल धर्मसंघ में क्षेत्रपालेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। मुख्य अतिथि कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव व कृष्ण कुमार खेमका ने भक्तों को ध्वजा देकर यात्रा की शुभारंभ की। हनुमान ध्वजा यात्रा रविंद्रपुरी, दुर्गाकुंड, त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर पहुंची जहां भक्तों ने प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पण किया। इसके पूर्व यात्रा में सबसे आगे हनुमान ध्वजा चल रही थी। गाड़ी पर संकटमोचन का तैलचित्र को गुलाब व रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया था। यात्रा में महिलाएं पुरुष बच्चे हनुमान ध्वजा लिए चल रहे थे। रास्ते भर भक्त भजन गाते हुए चल रहे थे। बोल थे- जय बजरंगी जय हनुमान। कमल केडिया ने एक से एक भजनों की प्रस्तुति की। ध्वजा यात्रा मंदिर पहुंचकर प्रभु की आरती उतारी प्रसाद का भोग लगा, भक्तों में वितरण हुआ। संयोजन में कौशल शर्मा, विश्वनाथ पोद्दार, सुरेश तुलस्यान, अरविंद जैन, मनीष गिनोडिया, महेश चौधरी, गोकुल शर्मा, विजय मोदी, राजेश धानुका, निधिदेव अग्रवाल, मनीष लोहिया, मनीष मरोलिया रघुदेव अग्रवाल कैलाश राठी रमेश गोयल राकेश अग्रवाल कृष्ण कुमार काबरा आदि लोग शामिल थे।



श्री हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी में शामिल विधायक सौरभ श्रीवास्तव